निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



मथुरा में राधा-कृष्ण संग भक्तों ने खेली अलौकिक होली

• बोकारो, सोमवार 2 मार्च 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 284 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित

## संक्षिप्त समाचार

### कोबरा के सहायक कमांडेंट घायल

**चाईबासा/रांची(नबिटा ब्यूरो)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान आईईडी विस्फोट में कोबरा बटालियन के एक अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अधिकारी की पहचान कोबरा के सहायक कमांडेंट अजय मल्लिक के रूप में हुई है। घटना के बाद सुरक्षा बलों नें सतर्कता और बढ़ा दी है। उधर घायल कमांडेंट का रांची में इलाज जारी है।

### घर के सामने खड़ी ऑटो फूंकी

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत कोयन्जारा गांव में अज्ञात अपराधियों ने एक ऑटो में आग लगा दी। गोबर्धन होटल के सामने खड़ी ऑटो पूरी तरह जलकर खाक हो गई। घटना देर रात की बताई जा रही है। ऑटो मालिक बालकेश्वर महतो ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को वह कसीरा बाजार से अपने होटल का सामान लेकर लौटे थे। रोज की तरह शाम में उन्होंने ऑटो घर के सामने खड़ी की, परिवार के साथ भोजन किया और सो गए। रात के सन्नाटे में अचानक जलने की आवाज सुनाई दी। जब बाहर निकलकर देखा तो ऑटो आग की लपटों में घिरी थी।

### कुड़मी अधिकार महारैली आयोजित

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड में कुड़मी समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्ज़ा देने और कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की पुरानी मांग एक बार फिर जोर पकड़ गई। रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में बृहद झारखंड कुड़मी समन्वय समिति के बैनर तले आयोजित कुड़मी अधिकार महारैली में राज्य भर से बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और युवा शामिल हुए। यह महारैली कुड़मी समाज की एकजुटता और दृढ़ संकल्प का प्रतीक बनी, जहां हजारों लोग अपनी मांगों को लेकर हुंकार भरते नजर आए। रैली में मुख्य रूप से दो प्रमुख मांगें उठाई गईं, कुड़मी-कुरमी (महतो) समुदाय को ओबीसी की बजाय अनुसूचित जनजाति (एसटी) में शामिल किया जाए और कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान दिया जाए।

### विस्थापितों ने लगाया वादाखिलाफी का आरोप

**पाकुड़(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के अमड़ापाड़ा प्रखंड के पचुवाड़ा नोर्थ एवं सेंट्रल कोल ब्लॉक में कोयला के उत्खनन का कार्य कर रहे कोल कंपनी के खिलाफ रोजगार व मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर विस्थापित परिवार गोलबंद हुए। अपनी मांगों को लेकर दर्जनों विस्थापित परिवार कोल कंपनी व जिला प्रशासन के कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं और कोल कंपनी द्वारा किये गये वादा खिलाफी को लेकर आंदोलन की रणनीति बनाते हुए खनन व परिवहन अनिश्चितकाल के लिए ठप करने की चेतावनी भी दी है।

## चार महत्वाकांक्षी योजनाओं का शुभारंभ करेंगी राष्ट्रपति मुर्मु

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज सोमवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम में दिल्ली सरकार की चार महत्वाकांक्षी योजनाओं का शुभारंभ करेंगी। इनमें मुफ्त बस यात्रा के लिए स्मार्ट कार्ड, होली-दीवाली पर मुक्त एलपीजी गैस सिलेंडर, दिल्ली लखपत बिटिया योजना और मेरी पूंजी मेरा अधिकार योजना शामिल है। कार्यकाल का एक साल पूरा होने के उपलक्ष्य में दिल्ली की भाजपा सरकार इस आयोजन को करने जा रही है। इस कार्यरक्रम को सशक्त नारी, समृद्ध दिल्ली नाम दिया गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अनुसार पिंक कार्ड से दिल्ली की महिला निवासी डीटीसी की बसों में फ्री में यात्रा कर सकेंगी, साथ ही मेट्रो, रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) और दूसरे सार्वजनिक सेवा वाहनों में पैसा खर्च कर यात्रा के लिए भी इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा। इस स्कीम के तहत, तीन तरह के मोबिलिटी कार्ड जारी किए जाएंगे। कार्ड को दिल्ली के पब्लिक ट्रांसपोर्ट नेटवर्क में मौजूदा



आटोमैटिक फ़ेयर कलेक्शन सिस्टम के साथ इंटीग्रेट किया जाएगा और पिंक कार्ड फ्री दिया जाएगा, जिसका खर्च दिल्ली सरकार उठाएगी। 'दिल्ली लखपति बिटिया योजना' के रूप में पुनर्गठित किया गया है। पूर्व में सरकार द्वारा प्रत्येक पात्र बालिका के नाम पर अस्पताल में जन्म होने पर 11,000 रुपये और घरेलू जन्म होने पर 10,000 रुपये जमा किए जाते थे। इसके अतिरिक्त कक्षा एक, छह और नौवीं में प्रवेश, कक्षा दसवीं उत्तीर्ण करने तथा कक्षा बारह में प्रवेश जैसे महत्वपूर्ण शैक्षणिक पड़ावों पर 5,000 रुपये की राशि जमा की जाती थी। यह संचित राशि ब्याज सहित 18 वर्ष की आयु में निकाली जा सकती थी। अब नई योजना में बालिका के नाम पर विभिन्न चरणों में कुल 56,000 रुपये जमा किए जाएंगे और ब्याज सहित 21 वर्ष की आयु तक यह परिपक्वता मूल्य एक लाख रुपये से अधिक होने की उम्मीद है। इस आयोजन में राष्ट्रपति होली और दीवाली के मौके पर दिल्ली के सभी राशन कार्ड रखने वाले परिवारों को सालाना दो फ्री एलपीजी सिलेंडर देने की स्कीम को भी लांच करेंगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मुताबिक इसका फायदा डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के ज़रिए दिया जाएगा। यह राशि 'मेरी पूंजी मेरा अधिकार' के तहत प्रदान की जाएगी।

## परिवहन सह राजस्व मंत्री से मिले नगर पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सरायकेला।** खरसावां जिला के सरायकेला नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोज चौधरी ने राज्य के भू राजस्व सह परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा, सांसद जोबा मांझी ओर विधायक दशरथ गागराई से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान मंत्री को अध्यक्ष मनोज चौधरी से सरायकेला के कई विषयों से अवगत कराया और भविष्य में सरायकेला के विकास की रूपरेखा पर चर्चा की। इस दौरान मंत्री बिरुआ ने कहा कि सरायकेला एक ऐतिहासिक शहर है और छऊ कला नगरी है। इसे अच्छे तरीके से सजाया जाए, सरकार का पूर्ण सहयोग आपको मिलेगा। इस मुलाकात में मनोज चौधरी ने सरायकेला के विकास से जुड़े हुए कई सुझाव मंत्री के सामने रखी, जिसमें सरायकेला से पुरी धाम के लिए बस, नगर पंचायत के विकास के लिए विशिष्ट फंड सहित अन्य कई विषय शामिल थे। इस पर मंत्री ने अपनी सहमति प्रदान की। मौके पर झमुमो नगर अध्यक्ष शम्भू आचार्य, भोला महंती, सौरव साहू सहित कई सहयोगी उनके साथ थे।

## जिंदा रेड सैंड बोआ सांप के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**लातेहार।** पलामू टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों के अवैध शिकार और उनके व्यापार पर अंकुश लगाने का सिलसिला जारी है। वाइल्डलाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो के सदस्यों के द्वारा अब तक कई बड़े खुलासे किये गये हैं। इस क्रम में पीटीआर में अवैध शिकार करने के मामले में झारखंड के अलावा बिहार, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश तक के अपराधियों को पकड़ा गया है। इस क्रम में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर और एसटीएफ के सीनियर अधिकारियों को मिली गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी की गयी। इस छापेमारी में चुनार रेंज के अन्तर्गत बैकुंठपुर, नारायणपुर और मिर्ज़ापुर में वन्य जीवों का अवैध शिकार कर तस्करी करने के आरोप में तीन अपराधियों की गिरफ्तारी की गयी है। गिरफ्तार आरोपियों में मिर्ज़ापुर के अदलहाड थाना के कुंडाडीह रामप्रकाश पाठक, पश्चिम बंगाल के कोलकाता के अजहरूद्दीन अहमद और वाराणसी आदमपुर थाना क्षेत्र के उमर फारूख के नाम शामिल हैं। वाइल्डलाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो के सदस्यों ने उक्त जानकारी देते हुए कहा कि 860 ग्राम का रेड सेंड बोआ जीवित सांप, 1.8 किग्रा का पैगुलिन स्केल के साथ केमिकल और इंजेक्शन बरामद किया गया है। क्राइम कंट्रोल बोर्ड के सदस्यों के अनुसार सूचना मिली थी कि राम प्रकाश पाठक के घर पर तस्करी के लिए वन्य जीवों को लाया गया था। इसके बाद गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी की गयी। इस कार्रवाई में वाइल्डलाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो के सदस्यों के साथ क्षेत्रीय वन अधिकारी चुनार रेंज के आनंद शेखर, वन रक्षी कंता प्रसाद पाल, संदीप कुमार यादव, निरीक्षक पुनीत परिहार शामिल थे।

## बिहार में राज्यसभा की पांचों सीटें जीतेगा एनडीए : चिराग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड दौरे पर आए लोजपा अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने राज्यसभा चुनाव में बिहार से पांचों के पांचों सीट जीतने का दावा किया है। कई बार यह कहा जाता है कि चार में कोई दिक्कत नहीं है लेकिन मैं मानता हूं कि बिहार से पांचों के पांचों सीट जीतने में कोई दिक्कत नहीं है। इस चुनाव को लेकर गठबंधन के अंदर चर्चा चल रही है। इन सांसदों के चयन में लोजपा रामविलास के 19 विधायकों की भूमिका अहम होगी। गठबंधन के अंदर इसको लेकर चर्चा चल रही है। रांची एयरपोर्ट पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कई बार मेरी मां के राज्यसभा चुनाव लड़ने की बात को खारिज करते हुए कहा कि मेरी मां सक्रिय राजनीति में आने से इनकार की है। ऐसे में वो राज्यसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी। उन्होंने कहा कि मेरी प्राथमिकता यह है कि एनडीए को सभी पांचों के पांचों सीट मिले और उनकी जीत हो। ऐसे मजबूत लोग राज्यसभा जाएं जो सही मायने में बिहार से जुड़े विषयों के बातों को राज्यसभा में रख पाएं। इसके लिए बहुत जल्द नाम की भी घोषणा कर दी जाएगी। गठबंधन में बातचीत लगभग लगभग हो चुकी है। लोजपा अध्यक्ष चिराग पासवान ने बंगाल और असम चुनाव पर पार्टी द्वारा की जा रही तैयारी की जानकारी देते हुए कहा कि पार्टी आज की तारीख में विस्तार करने की सोच रखती है। इसी का परिणाम है कि झारखंड में भी हमारे विधायक हैं। नागालैंड में हमारे विधायक हैं। ऐसे में बाकी राज्यों में भी हमारी पार्टी का विस्तार हो इस दृष्टि से पार्टी के संगठन को तैयार किया जा रहा है। यह जिम्मेदारी हमारे सांसद राजेश वर्मा को दी गई है। उन्होंने पिछले दिनों असम और बंगाल का प्रवास किया था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि होली के तुरंत बाद सांसद राजेश वर्मा का चार दिनों का उनका फिर कार्यक्रम होगा। उनके द्वारा रिपोर्ट प्रदेश अध्यक्ष और राज्य इकाई की सहमति से पार्टी के केंद्रीय संसदीय बोर्ड को दी जाएगी। उसके बाद केंद्रीय संसदीय बोर्ड इस पर फैसला लेगी कि हम लोग बंगाल और असम में चुनाव लड़ते हैं या नहीं। लड़ते हैं तो कितनी सीटों पर लड़ते हैं। यह तमाम चीज तय की जाएगी।




### आभूषण विक्रेता से लूट

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बिरनी प्रखंड में एक जेवर व्यवसायी से साढ़े तीन लाख रुपए नकद, करीब 30 ग्राम सोना और तीन जोड़ी चांदी की पायल लूट ली गई। घटना भरकट्टा ओपी थाना क्षेत्र के भलुआ पुल के पास हुई। जानकारी के मुताबिक केंदुवाडीह निवासी शंकर स्वर्णकार सरिया स्थित अपनी आभूषण दुकान बंद कर रोज की तरह बाइक से घर लौट रहे थे। वे प्रतिदिन की तरह दुकान की नकदी और कुछ जेवर अपने साथ लेकर चल रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए तीन अज्ञात अपराधियों ने उनकी बाइक को जबरन रोक लिया। सुनसान स्थान का फायदा उठाते हुए बदमाशों ने पिस्टल तान दी और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। अपराधियों ने शंकर स्वर्णकार से 3 लाख 50 हजार रुपए नकद, लगभग 30 ग्राम सोना और तीन जोड़ी चांदी की पायल छीन ली। पूरी वारदात कुछ ही मिनटों में अंजाम दे दी गई। बदमाश बाइक से आए थे। लूट के बाद उसी रास्ते से फरार हो गए। सूचना मिलते ही भरकट्टा ओपी प्रभारी अमन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने पीड़ित से विस्तृत पूछताछ कर अपराधियों के हुलिये की जानकारी जुटाई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके।

## गोबर से बनी लकड़ी से जलेगी होलिका

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोडरमा।** होली पर हर साल होलिका दहन के लिए बड़ी मात्रा में लकड़ियों की जरूरत पड़ती है, जिससे पेड़ों की कटाई बढ़ती है। इस बार कोडरमा में पर्यावरण बचाने की दिशा में अनोखी पहल शुरू हुई है। श्री कोडरमा गौशाला समिति ने गोबर से 'गौकाष्ठ' तैयार किया है। इसे होलिका दहन में लकड़ी के विकल्प के रूप में इस्तेमाल किया जा सकेगा। समिति का उद्देश्य है कि त्योहार की आस्था भी बनी रहे और प्रकृति को नुकसान भी न पहुंचे। गौकाष्ठ 10 रुपए प्रति किलो की दर से उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि आम लोग भी इसे आसानी से अपना सकें। समिति के अध्यक्ष प्रदीप केडिया ने बताया कि गौशाला परिसर में विशेष मशीनों की मदद से गौकाष्ठ का निर्माण किया जा रहा है। सह सचिव अरुण मोदी के अनुसार इसमें 80 प्रतिशत गोबर और 20 प्रतिशत लकड़ी के बुरादे का मिश्रण होता है। दोनों को मिक्सर मशीन में मिलाकर लकड़ी का आकार दिया



जाता है। प्रत्येक गौकाष्ठ लगभग आधा फीट गोल और चार फीट लंबी होती है। निर्माण के बाद इन्हें पांच दिनों तक धूप में सुखाया जाता है, जिससे यह पूरी तरह सख्त और उपयोग योग्य बन जाती है। समिति के उपाध्यक्ष महेश दारूका ने बताया कि पारंपरिक लकड़ी की तुलना में गौकाष्ठ हल्की होती है और इसे जलाना आसान है। पूरी तरह सूखी होने के कारण इससे धुआं अपेक्षाकृत कम निकलता है, जिससे प्रदूषण कम होता है। बीच में छेद होने से ऑक्सीजन का प्रवाह बेहतर रहता है। यह तेजी से जलती है। गौकाष्ठ का उपयोग पूजन, हवन, तंदूर, भोजन पकाने और अंतिम संस्कार में भी किया जा रहा है। जिले के कुछ होटलों ने भी इसे ईंधन के रूप में अपनाना शुरू कर दिया है। समिति ने कुछ लावारिस शवों के अंतिम संस्कार के लिए इसे निःशुल्क उपलब्ध कराया था।

### देह व्यापार में संलिप्त कई लोग गिरफ्तार

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी रांची में बड़े पैमाने पर देह व्यापर चलाए जाने की सूचना पर रांची पुलिस ने रविवार को बड़ी कार्रवाई की है। रांची के लालपुर, चुटिया सहित कई थाना क्षेत्र में एक साथ छापेमारी कर देह व्यापार में संलिप्त कई लड़कियों और ग्राहकों को गिरफ्तार किया है। राजधानी रांची में देह व्यापार के धंधे में शामिल लोगों के खिलाफ रांची पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। रांची के कई थाना क्षेत्र में एक साथ छापेमारी कर 6 से ज्यादा लड़कियों और ग्राहकों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें अधिकांश लड़कियां रांची और कोलकाता की रहने वाली हैं। रांची के सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि रैकेट की सूचना पर राजधानी के विभिन्न थाना क्षेत्र में छापामारी की गई है जिसमें कई लोग पकड़े गए। जिस्मफरोशी के धंधे के खिलाफ की गई कार्रवाई में रांची पुलिस में रैकेट चलाने वाले सरगना को भी गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी ने बताया कि गिरफ्तार महिला सरगना का पहले से आपराधिक रिकॉर्ड है और वह पहले भी जेल जा चुकी है।

## ईरान पर हमले के खिलाफ जनवादी संगठनों और वाम दलों का प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** ईरान पर अमेरिका और इजरायली हमले को तत्काल रोकने, भारत की नरेंद्र मोदी सरकार से साम्राज्यवादियों का साथ छोड़ने की मांग को लेकर रविवार को रांची में विभिन्न जनवादी संगठनों, भाकपा माले सहित अन्य वाम संगठनों ने प्रदर्शन किया। परमवीर शहीद अल्बर्ट एक्का चौक पर वाम दलों के कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां-बैनर और अपने-अपने संगठनों के झंडे के साथ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल दलों और संगठनों के नेता अमेरिका, इजरायल के साथ-साथ केंद्र सरकार के खिलाफ भी नारे लगा रहे थे। प्रदर्शन में शामिल वाम दलों के नेताओं ने कहा कि उनकी रांची और राज्य की जनता से अपील है कि वह जहां भी हैं, वहीं से अमरीकी-इजरायली तानाशाही के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करें। वक्ताओं ने कहा कि फिलिस्तीन में बच्चों समेत बड़ी संख्या में निरीह लोगों को मारकर इजरायल फिलिस्तीन का नामों निशान मिटाना चाहता है। इजरायल फिलिस्तीन को अपने कब्जे में लेने की कोशिश करता रहा है। अब ईरान पर बेबुनियाद आरोप लगाकर युद्ध छेड़ दिया है। अमेरिका-इजरायल की मंशा केवल अपनी फासीवादी साम्राज्यवाद को बढ़ाना है। नेताओं ने कहा कि दुखद यह है कि भारत सरकार भी दशकों के अपनी विदेशी नीति को छोड़ अब इन फासीवादियों के पीछे-पीछे चल रही है। जनवादी संगठन से जुड़े नेताओं ने कहा कि वाम और जनवादी संगठन ईरान पर अमरीकी-इजरायली हमले और उनकी साम्राज्यवादी नीति के विरुद्ध लोकतांत्रिक तरीके से प्रतिकार जारी रखेगा ताकि देश की जनता की आवाज पीएम मोदी और केंद्र की एनडीए सरकार तक पहुंच सके। माले के राज्य सचिव मनोज भक्त ने कहा कि अमेरिकी-इजरायली नापाक शैतानी गठजोड़ से आज दुनिया के सामने बड़ा खतरा पैदा हो गया है। ईरान पर अमरीकी और इजरायली हमले पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हुए मनोज भक्त ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की पूरे मामले पर चुप्पी ठीक नहीं है। माले नेता ने कहा कि इस हमले में बच्चे, महिलाएं और निर्दोष मारे जा रहे हैं और भारत चुप है। पहले अंतर्राष्ट्रीय मामलों में भारत की सरकार कभी चुप नहीं रहती थी। वहीं सीपीएम नेता सुखराम लोहरा ने कहा कि देश की तमाम जनवादी संगठन और वाम दल अमरीकी-इजरायली दादागिरी के खिलाफ लामबंद हैं और मांग कर रहे हैं कि भारत इस युद्ध को रुकवाने की पहल करें। ऑल इंडिया प्रगतिशील महिला संगठन की राज्य प्रमुख नंदिता ने कहा कि जो बात देश की जनवादी संगठन और देश की जनता समझ रही है वह बात देश की मोदी सरकार नहीं सुन-समझ रही है। ईरान पर यह हमला जमीन के कुछ टुकड़े, तेल पर कब्जा और अमेरिका की आर्थिक खस्ताहाल स्थिति को छुपाने के लिए बेवजह हुआ है। यह अमरीका-इजरायल की गुंडागर्दी है।




Reg No. JHENG/25/A4874

Another Launching from
NAVBIHAR TIMES GROUP

THE EASTERN VOICE

'English Daily Newspaper

Regional Newspaper in whole Bihar & Jharkhand

Email Id-theeasternv@gmail.com

Bihar Office:-Satyendra Nagar,Aurangabad (BiharJharkhand)
Office:-31-Co-operative Colony,Bokaro Steel City, Bokaro (Jharkhand)

Contact:- 6206165107, 7295863300

CMYK

# शांति, सदभाव से मनाएं होली : रामनिवास यादव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** होली पर्व के मद्देनजर जिले में शांति, सद्भाव और विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर उपायुक्त रामनिवास यादव एवं पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार ने संयुक्त आदेश जारी किया है। जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि होली का त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है अत किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि या कानून व्यवस्था भंग करने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने सभी नागरिकों से शांतिपूर्ण एवं मर्यादित तरीके से पर्व मनाने की अपील की है। संयुक्त आदेश में कहा गया है कि जिले के सभी संवेदनशील एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां अतिरिक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

पुलिस गश्ती दल लगातार भ्रमणशील रहेंगे तथा किसी भी अप्रिय घटना की सूचना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सतर्कता बढ़ाने और शांति समिति के सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया गया है वहीं उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि कि डीजे, तेज ध्वनि विस्तारक यंत्र तथा अश्लील गीतों पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। निर्धारित समय सीमा के बाद लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं किया जाएगा। नियमों का



उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही शराब के नशे में वाहन चलाने, सड़क पर हुड़दंग करने या जबरन रंग लगाने जैसी घटनाओं पर कड़ी नजर रखी जाएगी। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु ट्रैफिक पुलिस को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए हैं। सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखने का निर्णय लिया गया है। भ्रामक, अफवाह फैलाने वाले या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले पोस्ट साझा करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

साइबर सेल को 24 घंटे सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत कंट्रोल रूम या नजदीकी थाना को देने की अपील आमजनों से की गई है। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित

■ पुलिस गश्ती दल लगातार भ्रमणशील रहेंगे तथा किसी भी अप्रिय घटना की सूचना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे

■ डीजे, तेज ध्वनि विस्तारक यंत्र तथा अश्लील गीतों पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। निर्धारित समय सीमा के बाद लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं किया जाएगा

किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में नियमित भ्रमण कर स्थिति का जायजा लें और आवश्यकतानुसार त्वरित निर्णय लें वहीं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है। त्योहार के दौरान आपातकालीन सेवाएं जैसे एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड एवं चिकित्सा व्यवस्था भी अलर्ट मोड में रहेंगी। अंत में संयुक्त आदेश के माध्यम से आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों से अपील की गई है कि वे प्रशासन का सहयोग करें तथा होली पर्व को प्रेम, सौहार्द और आपसी सम्मान के साथ मनाएं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शांति भंग करने की किसी भी कोशिश पर सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि जिले में होली का त्योहार पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

# सांसद मनीष जायसवाल ने दारू प्रखंड में छह बहनों को विवाह पूर्व दिए वस्त्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सदर विधानसभा क्षेत्र के दारू प्रखंड में जनसेवा और सामाजिक संवेदनशीलता का एक प्रेरक दृश्य देखने को मिला। सांसद मनीष जायसवाल की पहल पर उनके सुपुत्र करण जायसवाल ने प्रखंड के विभिन्न गांवों में पहुंचकर विवाह के पूर्व छह बहनों को अपने हाथों से उपहार स्वरूप लहंगा भेंट

■ बेटियों की मुस्कान ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है, उनका सम्मान हमारा दायित्व बनता हैं : करण जायसवाल

है। स्थानीय लोगों ने इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से राजनीति में सेवा और समर्पण की भावना मजबूत होती है। क्षेत्रवासियों का मानना है कि सांसद मनीष जायसवाल के साथ उनके



किया और उनके सुखद वैवाहिक जीवन की मंगलकामना की। इस अवसर पर करण जायसवाल ने कहा कि बेटियां किसी भी समाज की असली शक्ति होती हैं। उनकी खुशियों में सहभागी बनना और जरूरत के समय उनके साथ खड़ा रहना ही हमारे संस्कार और कर्तव्य का परिचायक है। यदि हमारी छोटी-सी पहल से किसी परिवार के चेहरे पर मुस्कान आती है, तो यही हमारे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है।

उनकी इस पहल से दारू प्रखंड में सकारात्मक संदेश गया है। आम जनता के बीच करण जायसवाल की छवि एक संवेदनशील, सक्रिय और जमीनी कार्यकर्ता के रूप में और सुदृढ़ हुई सुपुत्र करण जायसवाल भी निरंतर सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते हैं और समाज के कमजोर वर्गों के लिए आगे आकर सहयोग करते हैं। बेटियों के सम्मान में उठाया गया यह कदम सामाजिक एकता और मानवीय मूल्यों का प्रतीक बनकर सामने आया है। कार्यक्रम के दौरान जिला सांसद प्रतिनिधि जीवन मेहता, सदर विधानसभा सांसद प्रतिनिधि किशोरी राणा, दारू प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि बलदेव बाबू, मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार, विकास यादव, अजीत यादव, विनोद राणा सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे। परिवारजनों एवं स्थानीय नागरिकों ने इस पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## संक्षिप्त समाचार

### पंतजलि परिवार ने मनाया होली मिलन समारोह, मेयर प्रमिला मेहरा शामिल

**गिरिडीह (नबिटासं)।** पंतजलि परिवार द्वारा होली के पावन अवसर पर रविवार को शहर के बक्शीडीह रोड स्थित पार्श्वनाथ आईटीआई परिसर में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पंतजलि परिवार से जुड़ी महिलाओं, पुरुषों एवं युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं समारोह का माहौल रंगों और उमंग से सराबोर रहा। होली गीतों की धुन पर उपस्थित लोग झूमते नजर आए और



पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया। कार्यक्रम की शुरूआत पंतजलि परिवार के पदाधिकारियों द्वारा नवनिर्वाचित महापौर प्रमिला मेहरा, पार्षद आरती देवी एवं संगीता कुमारी को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित करने के साथ हुई। इस अवसर पर सभी ने उन्हें गुलाल लगाकर होली की बधाई दी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंतजलि के जिलाध्यक्ष नविनकांत सिंह और संगठन मंत्री देवेन्द्र सिंह ने कहा कि होली आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। यही कारण है कि प्रत्येक वर्ष पंतजलि परिवार द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है, जिसमें संगठन से जुड़े सदस्य बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं और सामाजिक एकता का संदेश देते हैं समारोह में राजेन्द्र कुमार सिंह, राजेन्द्र बरनवाल, चन्द्रहास कुमार, परमेन्द्र कुमार, पुष्पा शक्ति, निर्मला देवी, राकेश सिंह, प्रभाकर कुमार सिंह, संजीव सिन्हा, उत्कर्ष भदानी, ललिता बरनवाल, डॉ. कुमारी निशा, अविनाश प्रसाद, आशा सहाय, सोनी शाह, रेखा गुप्ता, अधिवक्ता सुनीता शर्मा, रीता सिंह, रेणु सिंह, मीना सिंह, पप्पू सिंह, निर्मला कौर, परमजीत कौर, सिम्मी वर्मा, रूपा जी, मनमीत कौर, सावित्री शरण, विभा सिंह, अरिंदम घोषाल, पूनम देवी, पुष्पा देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और अंत में सभी ने एक-दूसरे को रंगों के इस पर्व की शुभकामनाएं देते हुए समाज में प्रेम और एकता बनाए रखने का संकल्प लिया।

### पेयजल के प्रति सरकार गंभीर नहीं : राजेश यादव

**गिरिडीह (नबिटासं)।** जिला समाहरणालय के नजदीक गांडेय विधानसभा क्षेत्र के पपरवाटांड़ दलित टोला के लोग पेयजल संकट से इतना त्रस्त हैं कि, वे जान जोखिम में डालकर बंद एवं जर्जर पड़े भूमिगत खदान से पानी लेने को



विवश हैं। लगातार आवाज उठाए जाने के बाद भी अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था के तहत दिए जा रहे दूसरे चानक का पानी भी उनके खाने-पीने के काम नहीं आता उक्त बातें पूर्व जिप सदस्य एवं ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के जिला संयोजक राजेश यादव ने आज वहां का दौरा कर स्थानीय कुछ लोगों से इस बाबत बातचीत करने के उपरांत कही। उनके साथ स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता कन्हैया सिंह भी मौजूद थे।यादव ने कहा कि, इस जगह लगभग 50 घरों को पेयजल की किल्लत हो रही है। प्रशासन इस ज्वलंत समस्या का संज्ञान लेकर इसका समाधान करे, अन्यथा बाध्य होकर पीड़ित परिवार के लोगों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा मौके पर उक्त के अलावा स्थानीय चिंता देवी, उर्मिला देवी, पुरनी देवी, रामेश्वर तुरी, गणेश दास आदि मौजूद थे।

### सलैया स्टेशन के समीप युवक की ट्रेन से कटकर मौत, जांच में जुटी पुलिस

**गिरिडीह (नबिटासं)।** आज शाम करीब 4:00 बजे मोबाइल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि सलैया स्टेशन के समीप एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मृत्यु हो गई है। सूचना मिलते ही संबंधित व्यक्ति घटनास्थल के लिए रवाना हुए मौके पर पहुंचने पर पचंबा थाना के एसआई संजय सिंह भी पहले से मौजूद थे और मामले की जांच कर रहे थे। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।घटनास्थल पर मृत व्यक्ति की पहचान सुमित कुमार सिंहा, पिता पवन कुमार सिंहा, निवासी हटिया रोड के रूप में की गई। परिजनों को सूचना दे दी गई है मृत्यु किन परिस्थितियों में हुई, यह फिलहाल जांच का विषय है। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से छानबीन कर रही है घटना की जानकारी देने वाले व्यक्ति ने बताया कि उन्होंने पुनः एक बार अपना सामाजिक दायित्व निभाते हुए तत्काल सूचना दी, ताकि समय पर आवश्यक कार्रवाई की जा सके। पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई जारी है।

### उसरी नदी पर बढ़ते संकट को लेकर चेतावनी

**गिरिडीह (नबिटासं)।** उसरी बचाव अभियान के संयोजक राजेश सिन्हा ने कहा है कि ह्लजल, जमीन और जंगल बचाने का नारा केवल दिखावे के लिए नहीं है। यदि उसरी नदी को बचाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए तो जनांदोलन के लिए तैयार रहना होगा उन्होंने आरोप लगाया कि सैकड़ों वर्षों से गिरिडीह की जीवनदायिनी उसरी नदी के साथ अन्याय होता रहा है। कभी सालभर स्वच्छ जल और 20 फीट तक बालू से भरी रहने वाली नदी आज अवैध बालू खनन, सुस्त अफसरशाही और कमजोर नेतृत्व के कारण संकट में है। विकास कार्यों पर सवाल राजेश सिन्हा ने बताया कि नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने उसरी नदी के संरक्षण को लेकर कई सकारात्मक घोषणाएं की हैं। नदी किनारे 10 हजार पेड़ लगाने की योजना है, जिसमें इस वर्ष चार हजार पौधे लगाए जाने की बात कही गई है। उन्होंने यह भी कहा कि सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसील) द्वारा उसरी नदी के विकास के लिए लगभग चार करोड़ रुपये दिए गए हैं। इनमें से दो करोड़ रुपये दो वर्षों से जिला प्रशासन के पास लंबित हैं। सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि जब राशि उपलब्ध है तो कार्य क्यों शुरू नहीं हो रहा? यदि जल्द पहल नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा छिलका डैम और अन्य परियोजनाएं उसरी बचाओ अभियान की टीम ने पूर्व में सीसीएल प्रबंधन से नदी में ह्लछिलका डैमह्व निर्माण की मांग की थी। जानकारी के अनुसार शास्त्री नगर के अमित बरदियार छठ घाट के समीप डैम निर्माण की योजना है तथा आगे दो-तीन और डैम बनाने का प्रावधान है साथ ही, सिहोडीह पुल का शिलान्यास चुनाव के समय हुआ था, लेकिन निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। इसे लेकर भी आंदोलन की चेतावनी दी गई है प्रदूषण और पानी चोरी का आरोप अभियान के संयोजक ने आरोप लगाया कि कुछ फैक्ट्रियां उसरी नदी को प्रदूषित कर रही हैं और रात के समय मोटर लगाकर नदी से पानी की निकासी की जा रही है।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन का होली मिलन समारोह सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग, ब्यूरो।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन द्वारा आज हजारीबाग झील परिसर स्थित कैफेटेरिया में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश महासचिव श्री नवीन कुमार सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह के दौरान रंगों और उल्लास के बीच आपसी भाईचारे, सामाजिक सौहार्द और मानवाधिकार जागरूकता का संदेश दिया गया।

मुख्य अतिथि श्री नवीन कुमार सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि समाज में प्रेम,



एकता और सद्भाव का प्रतीक है। इस आयोजन को सफल बनाने में प्रदेश महासचिव महिला प्रकोष्ठ श्रीमती मंजू सिंह, प्रदेश कार्यक्रम सचिव महिला प्रकोष्ठ श्रीमती रेखा देवी, प्रमंडल अध्यक्ष श्री दीपक कुमार पाण्डेय, प्रमंडल अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमती हीरा देवी, जिला महासचिव श्री दुर्गेश कुमार वर्मा, जिला उपाध्यक्ष श्री रमेश कुमार सिन्हा, जिला सचिव पूजा कुमारी, एरिया सेक्रेटरी श्रीमती आरती शर्मा, श्री रंजीत शर्मा, प्रदेश विधि सचिव श्री महादेव प्रसाद एवं एरिया सेक्रेटरी श्री चंद्रिका साहु की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों एवं गणमान्य अतिथियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तथा संगठन की मजबूती और समाज सेवा के संकल्प को दोहराया। समारोह का समापन सामूहिक होली मिलन और आपसी सौहार्द के साथ हुआ।

# झामुमो जिला कार्यालय में नव निर्वाचित महापौर व पार्षदों का सम्मान समारोह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) जिला कार्यालय में आज सुबह 10:30 बजे नव निर्वाचित महापौर एवं वार्ड पार्षदों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर निकाय चुनाव में विजयी जनप्रतिनिधियों को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार रहे।

उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों को ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करने का संदेश दिया कार्यक्रम में सम्मानित नव निर्वाचित वार्ड पार्षदों में वार्ड 1 से अनिल गुप्ता, वार्ड 2 से मो॰ लालो अंसारी, वार्ड 3 से मो॰ बदरू निशा, वार्ड 4 से कृष्णा साव, वार्ड 7 से मो॰ इम्तियाज, वार्ड 8 से संगीता कुमारी, वार्ड 9 से रंजीत यादव, वार्ड 10 से अशोक राम, वार्ड 11 से अजय रजक, वार्ड 12 से ज्योति मगनी, वार्ड 13 सेवार्ड 14 से नीलम झा, वार्ड 15 से सुमित कुमार, वार्ड 16 से आशा देवी, वार्ड 17 से संता देवी, वार्ड 18 से महबूब आलम, वार्ड 19 से उर्मिला देवी, वार्ड 20 से रेखा कुमारी भुइयां, वार्ड 21 से नितेश रजक, वार्ड 22 से मुन्ना रजवार, वार्ड 23 से मुन्ना रजवार वार्ड 24 से नरुल होदा मो॰ खुर्शीद हुसैन, वार्ड 26 से सैफली आलम, वार्ड 27 से रूमी, वार्ड 28 से चंदन यादव, वार्ड 30 से रफिदा अख्तर, वार्ड 31 से आयशा बानो, वार्ड 32 से संगीता अंसारी, वार्ड 33 से सहनाज खातून एवं वार्ड 34 से बिंदु देवी शामिल रहे।

## मुफस्सिल थाना में शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आगामी पर्व-त्योहारों एवं क्षेत्र में आपसी सौहार्द बनाए रखने को लेकर आज मुफस्सिल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ मुफस्सिल क्षेत्र के सभी मुखिया एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश रजक ने की। इस अवसर पर अंचलाधिकारी जीतेन्द्र प्रसाद तथा मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो भी मौजूद रहे।

बैठक में क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अफवाहों पर रोक लगाने तथा आपसी भाईचारा कायम रखने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है।

# दारू प्रेस क्लब में होली का जश्न भाईचारे के साथ होली मिलन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दारू (हजारीबाग)।** दारू प्रेस क्लब के सदस्यों ने रविवार को मेडकुरी सिवाने नदी स्थित पेयजल विभाग के भवन परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। समारोह में प्रेस क्लब के दर्जनों पत्रकारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पत्रकार फगुआ गीतों पर जमकर थिरकते नजर आए और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

सभी ने मिलकर स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद उठाया और प्रेस क्लब की मजबूती व संगठनात्मक एकता पर चर्चा की। प्रेस क्लब के अध्यक्ष बसंत नारायण राणा ने कहा कि



होली का त्योहार आपसी गिले-शिकवे भुलाकर प्रेम और सौहार्द के साथ मिलने का संदेश देता है।

उन्होंने प्रखंडवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की। होली मिलन समारोह में जयनारायण प्रसाद, देव नारायण प्रसाद, बजरंग सहाय, राजन सिन्हा, सुमन सिन्हा, भैया अखिलेश कुमार, रौशन सिन्हा, महेश साव, पप्पू ठाकुर, सुनील यादव, रंजीत साव, भैया सुमित, बीरेंद्र यादव, राजीव रंजन शर्मा, अनिल यादव, अजय यादव, विषेक कुमार सहित कई अन्य पत्रकार उपस्थित थे।

# होली, ईद व रामनवमी को लेकर चौपारण थाना में शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** आगामी होली, ईद एवं रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर चौपारण थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी संजय यादव ने की। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने कहा कि चौपारण की धरती सदैव शांति और भाईचारे की प्रतीक रही है। उन्होंने सभी धर्मों एवं समुदायों के लोगों से आपसी सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील करते हुए स्पष्ट कहा कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस इंस्पेक्टर



चंद्रशेखर प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र में सुख-शांति बनाए रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। हुड़दंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि नशाखोरी, डीजे साउंड को वाहन में बंद कर तेज आवाज में बजाना, खुलेआम शराब की बिक्री तथा अफवाह फैलाने वालों पर कठोर कानूनी कार्रवाई होगी। सोशल मीडिया पर भ्रामक या झूठे संदेश प्रसारित करने वालों को चिन्हित कर दंडित किया जाएगा। शांति समिति के सदस्यों से अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को देने का आग्रह किया गया। बैठक के अंत में पुलिस प्रशासन एवं शांति समिति के सदस्यों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सभी पर्व मनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, सांसद प्रतिनिधि रिसु बरनवाल, रामस्वरूप पासवान, मुखिया अर्जुन पांडेय, गुलाबी यादव, सुनीता देवी, मंजू देवी, जानकी यादव, समाजसेवी विकास यादव, कपिल ठाकुर, बैजू गोप, पूर्व मुखिया अरविंद सिन्हा, सफल उद्दीन, मनु भगत, पंचायत समिति सदस्य जनार्दन सिंह, डब्लू अंसारी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# होली में हुड़दंगियों पर पैनी नजर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही (हजारीबाग)।** होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बरही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता एसडीओ जोहान टुडू एवं एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल ने की, जबकि संचालन रहेगी। विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने कहा कि हिंदू और मुस्लिम समुदाय के सामाजिक कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में शांति, भाईचारा और आपसी सद्भाव बनाए रखने के लिए लोगों को प्रेरित करें। बैठक के अंत में सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शांतिपूर्ण होली मनाने का संकल्प लिया। बैठक में जिप उपाध्यक्ष किशुन



पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने किया। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और एक स्वर में शांति व भाईचारे के साथ होली मनाने का संकल्प लिया। एसडीओ ने पुरानी वैमनस्यता भूलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने तथा युवाओं को सकारात्मक कार्यों के लिए प्रेरित करने की अपील की। एसडीपीओ ने शराबमुक्त होली मनाने और भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

बीडीओ जयपाल महतो ने सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक एआई फोटो-वीडियो व अफवाहों पर प्रतिक्रिया न देने की अपील की। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर यादव, प्रमुख मनोज रजक, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद, करियातपुर मनोज कुमार, सुरेंद्र रजक, अर्जुन साव, मो. कयूम, राजसिंह चौहान, कृष्णा यादव, परमेश्वर यादव, मो. ताबिश, डोमन पाण्डेय, मो. बेलाल, मुखिया विष्णुधारी महतो, मो. तौकीर रजा, हितेश राज, बद्री यादव, मो. तस्लीम, मो. सागिर, पुलिस अवर निरीक्षक संतोष सिंह, राजबल्लभ यादव, हरेंद्र सिंह, रिजवान अली, गुलाम मुस्तफा, सागर चंद्रवंशी, सिकंदर कुमार, मुन्ना यादव तथा बरही थाना के संजय कुमार, सकलदेव पासवान, गणेश यादव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। अंत में सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शांतिपूर्ण होली मनाने का संकल्प लिया।

# रंग, उमंग और भाईचारे के संग आरोग्यम परिवार का होली मिलन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा ( हजारीबाग ब्यूरो)।** आरोग्यम परिवार द्वारा आयोजित भव्य होली मिलन समारोह हर्षोल्लास और आपसी सौहार्द के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित महापौर अरविंद कुमार राणा की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। समारोह के दौरान रंग-गुलाल, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और स्वादिष्ट व्यंजनों के बीच सामाजिक एकता का संदेश दिया गया।

उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और प्रेम एवं भाईचारे का परिचय दिया। महापौर अरविंद कुमार राणा ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं,



बल्कि समाज में प्रेम, सौहार्द और एकता को मजबूत करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी से आपसी मतभेद भुलाकर मिल-जुलकर त्योहार मनाने की अपील की। इस अवसर पर आरोग्यम परिवार के प्रतिनिधि हर्ष अजमेरा ने अपने संबोधन में कहा, आरोग्यम परिवार का उद्देश्य केवल चिकित्सा सेवा तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में समरसता, आपसी सहयोग और भाईचारे को बढ़ावा देना भी है। होली जैसे पर्व हमें एक-दूसरे के करीब लाने और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का अवसर देते हैं। हम आगे भी सामाजिक सरोकार से जुड़े ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज को जोड़ने का कार्य करते रहेंगे। समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, चिकित्सकगण एवं आरोग्यम परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन आपसी शुभकामनाओं और सामाजिक एकता के संकल्प के साथ सम्पन्न हुई।

# बैलेट पेपर और भ्रम बनी हार की वजह : विधायक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** नगर निगम के मेयर पद पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी संजीव कुमार की हार के बाद पार्टी में मंथन का दौर शुरू हो गया है। धनबाद में एक सांसद और तीन विधायकों वाली पार्टी को मिली इस अप्रत्याशित हार के बाद नेताओं ने खुलकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी नेताओं ने चुनाव प्रक्रिया, बैलेट पेपर से मतदान और मतदाताओं में भ्रम को हार की बड़ी वजह बताया है।

भारतीय जनता पार्टी समर्थित प्रत्याशी संजीव कुमार ने कहा कि मेयर पद के लिए मैदान में उतरे कई प्रमुख उम्मीदवार किसी न किसी रूप में भाजपा पृष्ठभूमि से जुड़े रहे। इससे मतदाता भ्रमित हो गए कि अधिकृत प्रत्याशी कौन है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने बैलेट पेपर से मतदान को लेकर पर्याप्त जागरूकता अभियान नहीं चलाया। कई मतदाताओं ने बैलेट पेपर पर अंगूठा लगा दिया तो कई ने पार्षद पद पर वोट देने के बाद मेयर के गुलाबी बैलेट पेपर को बिना मुहर लगाए ही मतपेटी में डाल दिया। जिससे बड़ी संख्या में वोट रिजेक्ट हो गए।

धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि चूंकि चुनाव दलीय आधार पर नहीं हुआ। इसलिए लोगों को लगा कि संजीव सिंह भी भाजपा से जुड़े हैं और झरिया के विधायक भी रह चुके हैं, इसलिए वे भी पार्टी के ही उम्मीदवार हैं। इस भ्रम का सीधा असर वोटों पर पड़ा। उन्होंने यह भी कहा कि हाई कोर्ट के निर्देश और आंदोलन के बाद बिना पर्याप्त तैयारी के चुनाव कराया गया। मतदाता ईवीएम के अभ्यस्त हो चुके थे पर अचानक बैलेट पेपर से मतदान होने के कारण खासकर नई पीढ़ी के मतदाता भ्रमित हो गए और बड़ी संख्या में वोट अवैध घोषित हो गए। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि निगम चुनाव में मेयर प्रताशी की हार को पार्टी गंभीरता से ले रही है। उन्होंने कहा कि एक सांसद और तीन विधायकों के बावजूद मेयर प्रत्याशी की हार के कारणों की समीक्षा की जाएगी और पार्टी स्तर पर मंथन की जाएगी।

## भाकपा माले का 14वां प्रखंड सम्मेलन संपन्न, कामता प्रसाद यादव बने सचिव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड का 14वां भाकपा (माले) प्रखंड सम्मेलन पचरुखिया स्थित माले कार्यालय में पर्यवेक्षक बिरजू चौधरी (नगर सचिव, निर्माण मजदूर यूनियन जिला अध्यक्ष) की देखरेख में आयोजित किया गया। सम्मेलन देर शाम तक चला और इसमें संगठनात्मक मजबूती, जन मुद्दों और आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। सम्मेलन संचालन के लिए पांच सदस्यीय अध्यक्ष मंडल का गठन किया गया, जिसमें दिनेश राम (पूर्व प्रखंड सचिव), कामता प्रसाद यादव (हसपुरा प्रभारी एवं किसान महासभा के जिला सचिव), कृष्णा भारती, रुना देवी एवं रामप्रवेश मेहता शामिल रहे। सम्मेलन का उद्घाटन माले जिला सचिव कॉमरेड मुनारिक राम ने किया। इस अवसर पर 17 सदस्यीय नई प्रखंड कमिटी का गठन किया गया।

# अज्ञात वाहन ने मजदूर को कुचला ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** थाना क्षेत्र के सिहाड़ी बाजार स्थित नहर पुल के पास रविवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक मजदूर को कुचल दिया और मौके से फरार हो गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच-120 को जाम कर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिहाड़ी गांव निवासी लगभग 50 वर्षीय मजदूर उमेश राम उर्फ लली राम सुबह शौच के लिए जा रहे थे। इसी दौरान नहर पुल से नीचे उतरते समय पीछे से आ रहे तेज रफ्तार भारी वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। वाहन उनके दोनों पैरों को कुचलते हुए फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन डंपर था या ट्रक, इसकी स्पष्ट पहचान नहीं हो सकी। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर जुट गए और घायल को तत्काल दाउदनगर अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर वाहनों को आड़े-तिरछे खड़ा कर पूरी तरह आवागमन बाधित कर दिया और टायर जलाकर विरोध जताया। सूचना पर हसपुरा थाना के एसआई ओम प्रकाश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने पीड़ित के समुचित इलाज, सरकारी सहायता तथा नहर पुल के दोनों ओर स्पीड ब्रेकर निर्माण की मांग की। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस के समझाने पर जाम समाप्त कराया जा सका। सड़क जाम के कारण पर्व-त्योहार के समय यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। एनएच-120 के दोनों ओर करीब दो किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। कई यात्री बसों से उतरकर पैदल या छोटे वाहनों के माध्यम से अपने गंतव्य की ओर जाते नजर आए।

# हर्बल गुलाल और रंगों से खेलें होली, जेएसएलपीएस से जुड़ी दीदियों ने की तैयारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पिछले तीन वर्षों में होली के दौरान हर्बल गुलाल की मांग तीन गुना बढ़ गई है। 2025 में पलामू में सखी दीदियों ने पांच क्विंटल हर्बल गुलाल और रंग तैयार किया था। इस बार 10 क्विंटल हर्बल गुलाल तैयार किया गया है। हर्बल गुलाल की मांग झारखंड के कई इलाकों में है।

सखी दीदियां तैयार कर रही हर्बल रंग और गुलाल होली से पहले पलामू में झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटीसे जुड़ी हुई सखी दीदियां हर्बल गुलाल और रंग तैयार करने में जुट जाती हैं। पहले हर्बल रंग और गुलाल लेस्लीगंज के इलाके में तैयार किया जाता था, लेकिन अब पलामू के नौडीहा बाजार समिति कई इलाकों में तैयार किया जा रहा है।

**10 क्विंटल हर्बल रंग और गुलाल होगा तैयार: डीडीसी**

इस संबंध में पलामू के उपविकास आयुक्त जावेद हुसैन ने बताया कि पहले सखी दीदियां तीन से चार क्विंटल हर्बल गुलाल तैयार करती थीं। इस बार 10 क्विंटल तैयार किया जा रहा है। डीडीसी ने बताया कि हर्बल गुलाल और रंग को पलाश मार्ट के माध्यम से विभिन्न स्टॉलों पर बेचा जाएगा। प्राकृतिक रंग एवं हर्बल गुलाल से कोई नुकसान नहीं होता है।

**प्राकृतिक चीजों से किया जाता है तैयार**

प्राकृतिक चीजों से हर्बल गुलाल और रंग को तैयार किया जाता है। हर्बल गुलाल को तैयार करने में चुकंदर, आरारोट, पालक साग, हल्दी, गेंदा का फूल, नीम के पत्ते, पलाश के फूल, गुड़हल का फूल का इस्तेमाल किया जाता है। पलामू का इलाका पलाश के फूल के लिए पूरे झारखंड में चर्चित है। होली से पहले पलाश के फूल खिल जाने के बाद रंग में सबसे अधिक पलाश के फूलों का इस्तेमाल किया जाता है। इसके लिए पहले पलाश के फूल को सुखाया जाता है और उसके पाउडर से हर्बल गुलाल और रंग तैयार किया जाता है। वहीं हर्बल गुलाल और रंग तैयार करने वाली सखी दीदी नागवंती बताती हैं कि दो दिन में हर्बल रंग और गुलाल तैयार हो जाता है। इसे बनाने में प्रति किलो 300 रुपये की लागत आती है।

**हर्बल गुलाल और रंग से महिलाएं बन रही हैं स्वावलंबी**

हर्बल गुलाल और रंग ग्रामीण इलाके की महिलाओं के लिए रोजगार का एक नया जरिया बन गया है। होली के दौरान महिलाएं इसे तैयार कर रही हैं और बाजारों में बेच रही हैं। हर्बल गुलाल और रंग के उत्पादन के लिए झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी महिलाओं को सामग्री उपलब्ध करवाती है। बाद में महिलाएं हर्बल रंग और गुलाल को तैयार करती हैं और बाजार में बेचती हैं। प्रति किलो 300 रुपये की लागत आती है, जबकि बाजार में हर्बल गुलाल और रंग 250 से 500 रुपये प्रति किलो की दर से भी अधिक कीमत पर बिकती है।

इस संबंध में झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की डीपीएम अनीता केरकेट्टा बताती हैं कि हर्बल रंग और गुलाल की मांग लगातार बढ़ रही है और सखी दीदियां इसे तैयार कर रही हैं। झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशनल सोसाइटी सखी दीदियों के लिए बाजार भी उपलब्ध करवा रहा है।

# रांची में कुड़मी समाज की अनुसूचित जनजाति दर्जे की मांग पर हुंकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में कुड़मी समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने और कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की पुरानी मांग एक बार फिर जोर पकड़ गई। रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में बृहद झारखंड कुड़मी समन्वय समिति के बैनर तले आयोजित कुड़मी अधिकार महारैली में राज्य भर से बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और युवा शामिल हुए। यह महारैली कुड़मी समाज की एकजुटता और दृढ़ संकल्प का प्रतीक बनी, जहां हजारों लोग अपनी मांगों को लेकर हुंकार भरते नजर आए। इनकी मांग है कि एसटी दर्जा और कुड़माली भाषा को मान्यता।

रैली में मुख्य रूप से दो प्रमुख मांगें उठाई गई, कुड़मी-कुरमी (महतो) समुदाय को ओबीसी की बजाय अनुसूचित जनजाति (एसटी) में शामिल किया जाए और कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान दिया जाए।

वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि 1931 की जनगणना से पहले झारखंड क्षेत्र में कुड़मी समुदाय एसटी सूची में शामिल था, लेकिन बाद में साजिश के तहत इसे हटा दिया गया।

बृहद झारखंड कुड़मी समन्वय समिति के मुख्य संयोजक शीतल ओहदार ने कहा कि आज का यह जनसैलाब साबित करता है कि कुड़मी-महतो समाज जाग चुका है। हमारा खान-पान, रहन-सहन, पर्व-त्योहार, पूजा-पाठ और बोली-भाषा सब आदिवासियों से मेल खाता है। फिर हमें एसटी की जगह ओबीसी क्यों रखा गया? यह ऐतिहासिक अन्याय अब खत्म होना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन और तेज होगा।

रांची विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव और कुड़मी समाज के शिक्षाविद डॉ. अमर चौधरी ने कहा कि हमारी पीढ़ियां लोकतांत्रिक तरीके से हक मांगती आई हैं, रेल रोको आंदोलन भी किया गया। आज का यह जनसैलाब दिखाता है कि हम अपना अधिकार लेकर रहेंगे। जरूरत पड़ी तो दिल्ली तक आंदोलन जाएगा। केंद्र सरकार और भाजपा को इसका खामियाजा भुगतना होगा अगर कुड़माली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं किया गया और कुड़मी को एसटी दर्जा नहीं मिला।

वक्ताओं ने बताया कि कुड़मी समाज सरकारी योजनाओं से वंचित रहता है। बच्चों को शिक्षा, रोजगार और आरक्षण का पूरा लाभ नहीं मिल पाता। उन्होंने कहा कि जब सब कुछ आदिवासियों जैसा है, तो एसटी दर्जा क्यों नहीं?

**विरोध की राजनीति भी गरमाई**

महारैली ऐसे समय में हुई है जब आदिवासी संगठनों की ओर से पहले ही विरोध प्रदर्शन हो चुके हैं। कुछ आदिवासी नेता कुड़मी को एसटी में शामिल करने का विरोध करते हैं और इसे सामाजिक संतुलन बिगाड़ने वाला बताते हैं। रैली में कुड़मी नेताओं ने इसे "जवाबी प्रदर्शन" करार दिया।

रैली में शामिल लोगों ने संकल्प लिया कि मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। यह आयोजन 18 कुड़मी संगठनों के संयुक्त प्रयास से हुआ, जिसे ऐतिहासिक बनाने का दावा किया गया। झारखंड की राजनीति में यह मुद्दा अब और संवेदनशील हो गया है।

# शहर में लग रहा कचरे का ढेर, हजारों की आबादी हो रही प्रभावित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लोहरदगा।** शहर में कुल 23 वार्ड हैं। यहां से हर दिन कई टन कचरा निकलता है। लोगों के घरों, दुकानों, सड़कों और गलियों से निकलने वाला कचरा शहर से बस कुछ ही दूरी पर लोहरदगा-किस्को मुख्य पथ में नगर परिषद के अस्थाई कचरा डंपिंग यार्ड में फेंका जाता है। कई बार कचरा डंपिंग यार्ड के लिए जमीन की खरीद हुई, फिर भी योजना फाइलों में ही दब कर रह गई। कुल 138 साल पुराने लोहरदगा नगर परिषद के लिए आज तक स्थाई कचरा डंपिंग यार्ड का निर्माण नहीं हो पाया है। कचरा निस्तारण की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। कचरे का ढेर बढ़ रहा है और उसके साथ ही खतरा भी बढ़ता जा रहा है। सबसे महत्वपूर्ण सवाल है कि आखिर इससे संबंधित योजना कहां पर फंस रही है और यह योजना क्यों पूरा नहीं हो पा रही।

**करोड़ों की खरीदी गई जमीन परंतु नहीं निकला परिणाम**

हर दिन निकलने वाले कचरे को निस्तारित करने के लिए कोई ठोस योजना लोहरदगा नगर परिषद के पास नहीं है। फिलहाल, नगर परिषद ने लोहरदगा-किस्को मुख्य सड़क पर ओयना के पास एक खुली जगह लीज पर ली है और वहां कचरा डंपिंग यार्ड बनाया है। जहां पर शहर से निकलने वाले कचरे को डंप किया जाता है। हालत ऐसी है कि यहां से गुजरने पर दुर्गंध से बुरा हाल हो जाता है। कचरे में लगी आग आसपास के वातावरण को खराब कर रही है। लोग परेशान हैं। कई बार विरोध भी कर चुके हैं, पर इसका कोई भी समाधान नहीं निकल पाया है।

**विरोध के कारण काम नहीं हो पाया**

ऐसा नहीं है कि नगर परिषद ने कचरा डंपिंग यार्ड को लेकर कोई पहल नहीं की थी। 10 साल पहले नगर परिषद की ओर से सबसे पहले करोड़ों रुपए मूल्य की जमीन शहर से सटे जुरिया के इलाके में खरीदी गई थी। लेकिन यहां पर विरोध की वजह से योजना पर काम नहीं हो पाया। इसके बाद नगर परिषद की ओर से हाल के समय में साढ़े सात एकड़ जमीन सेन्हा इलाके में खरीदी गई है। यहां पर भी अभी तक योजना को गति नहीं मिल पाई है।

नगर परिषद प्रशासक मुक्ति किंडो का कहना है कि संबंधित विभाग से अभी तक नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट नहीं मिला है। जिसकी वजह से योजना को गति नहीं मिल पा रही है। जैसे ही संबंधित कागजात मिल जाएंगे, वैसे ही आगे का काम शुरू होगा। इसके लिए डीपीआर बनाने वाली कंपनी को भी निर्देश दिए गए हैं। खैर बात जो भी हो, लेकिन इतना तय है कि नगर परिषद की सफाई से जुड़े हुए अधिकारी बताते हैं कि हर दिन शहर से लगभग 20 टन कचरा निकलता है। यह कचरा बेहद खतरनाक है। इसमें प्लास्टिक और दूसरे खतरनाक सामान भी होते हैं। यदि इन्हें सही तरीके से निस्तारित नहीं किया गया तो यह लोगों के स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक हो सकता है। नगर परिषद की ठोस रणनीति का अभाव योजना को जमीन पर उतरने से रोक रहा है। शहर में बढ़ते कचरे की समस्या से लोग भी परेशान हैं। लोहरदगा शहर तेजी से फैल रहा है। शहर की आबादी भी बढ़ रही है और उसके साथ ही यहां पर हर दिन निकलने वाला कचरा भी बढ़ रहा है। समस्या गंभीर है, इसके बाद भी कचरा निस्तारण को लेकर कोई ठोस व्यवस्था नहीं है।

# सनातन धर्म से बड़ा कोई नहीं : विधायक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** प्रखंड के भदवा पंचायत अंतर्गत ग्राम लोदीपुर में भव्य शिव गुरु महोत्सव का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में महिला-पुरुष शिवभक्त शामिल हुए और पूरा गांव 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान शिव और हरिन्द्रानन्द और दीदी नीलम आनंद के तैल चित्र पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रमोद कुमार सिंह उपस्थित हुए। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि "सनातन धर्म से बड़ा कोई धर्म नहीं है। शिव को गुरु रूप में स्वीकार करना जीवन को दिशा देने वाला निर्णय है। शिव की शिष्यता मनुष्य को अनुशासन, संस्कार और आत्मबल प्रदान करती है।" उन्होंने शिव गुरु परंपरा को समाज में नैतिकता और आध्यात्मिक जागरण का आधार बताया। महोत्सव के दौरान 'तीन सूत्र' पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई और उपस्थित श्रद्धालुओं से शिव को अपना गुरु बनाने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि शिव गुरु की शिष्यता व्यक्ति के जीवन में लौकिक और पारलौकिक चरमोत्कर्ष का रहस्य है। हरिन्द्रानंद ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा है कि "शिव की शिष्यता ही एकमात्र विकल्प है, जो मनुष्य को सही मार्ग पर अग्रसर करती है।"

कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता सह कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, पैक्स अध्यक्ष नीरज कुमार, अजय सिंह, योगेंद्र सिंह, रंजय सिंह, सतेन्द्र सिंह, उमेश सिंह, सुरेंद्र सिंह, पंकज सिंह, नंदू सिंह, विजय सिंह, मिथलेश सिंह, राजेंद्र प्रसाद सिंह, ललन सिंह, जितेंद्र सिंह, रामनरेश सिंह, दिलीप कुमार सिंह, बीरेंद्र कुमार सिंह, विनय सिंह, रंजीत सिंह, नीरज कुमार, संजय कुमार, रमेश सिंह, विवेक सिंह, अरुण कुमार, डडू, सूरज और शनि समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

महोत्सव में भजन-कीर्तन और प्रवचन के माध्यम से भक्तिमय वातावरण बना रहा। आयोजन समिति ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम समाज में धार्मिक चेतना और आपसी सद्भाव को मजबूत करते हैं। पूरे आयोजन को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया।

## अखिल भारतीय मद्धेशिया वैश्य हलवाई संघ द्वारा होली मिलन समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** अखिल भारतीय मद्धेशिया वैश्य हलवाई संघ द्वारा जिलाध्यक्ष दिलीप प्रसाद की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रखंडों से अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। ओबरा से प्रखंड अध्यक्ष रामप्रवेश साहू, औरंगाबाद के प्रखंड अध्यक्ष नंदलाल प्रसाद, नबीनगर से उत्तम प्रसाद, जिला कोषाध्यक्ष शिवदास प्रसाद, विजय प्रसाद, जिला सचिव राम पुकार प्रसाद गुप्ता, जिला महामंत्री मनोज कुमार गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रसाद, मदन प्रसाद, बलम प्रसाद, अरुण प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य उदय पासवाने, कृष्णा राम, सत्यनारायण सिह, गायक अनिल व्यास, देवभूमि संगीत अकादमी के प्रचार रामरतन कुमार, तबला वादक संजय राम सहित मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर जदयू का रक्तदान शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रेड क्रॉस सोसाइटी कार्यालय भवन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जन्मदिन के अवसर पर युवा जदयू नालंदा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार के निर्देशानुसार किया गया, जिसमें 10 युवा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर मुख्यमंत्री के दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। शिविर का उद्घाटन नालंदा के सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार 14 करोड़ बिहारवासियों की आशा और विश्वास हैं। उनके नेतृत्व में बिहार विकास और सुशासन के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ा है और राज्य की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत हुई है। सांसद ने रक्तदान करने वाले युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है, जो किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने का कार्य करता है।

# जिला विधिज्ञ संघ चुनाव में सभी पदों पर उम्मीदवारों की घोषणा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद चुनाव 2026-28 के 27 सदस्यीय कार्यसमिति के सभी 27 पदों के लिए अब तक सर्वाधिक 66 उम्मीदवारों की घोषणा हो चुकी है। इस बार किसी भी पद पर कोई भी उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित नहीं हो सका है और सभी पदों पर मुकाबला रोमांचक हो गया है। खासकर अध्यक्ष के एकल पद पर तीन, महासचिव के एकल पद पर आठ और कोषाध्यक्ष के एकल पद पर छह उम्मीदवार मैदान में हैं। तीन सदस्यीय उपाध्यक्ष पद पर सात, तीन सदस्यीय संयुक्त सचिव पद पर नौ और तीन सदस्यीय सहायक सचिव पद पर चार उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। पांच सदस्यीय वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर सर्वाधिक बारह तथा सात सदस्यीय कार्यकारिणी सदस्य पद पर ग्यारह उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। सभी उम्मीदवार अपने-अपने पक्ष में जीत के समीकरण बनाने में जुटे हैं। चुनाव समिति के अध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद सिंह तथा सहायक सदस्य कामता प्रसाद सिंह, सरोज रंजन सिन्हा, राधेश्याम प्रसाद सिंह और अभय कुमार ने बताया कि अध्यक्ष पद पर अरुण कुमार शर्मा, नागेन्द्र सिंह और विजय कुमार पाण्डेय उम्मीदवार हैं। महासचिव पद पर अखिलेश कुमार, जगनरायण सिंह, नीरज कुमार सिंह उर्फ मंटू, परशुराम सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, राम औतार कुमार यादव, विजय कुमार सिंह और सतीश कुमार सिंह उम्मीदवार हैं। उपाध्यक्ष पद के लिए अशोक कुमार सिंह, उदय कुमार सिन्हा, क्षितिज रंजन, धनंजय कुमार गांधी, प्रदीप कुमार, रामप्रवेश ठाकुर और संजय कुमार सिंह मैदान में हैं। कोषाध्यक्ष पद पर अमरेश सिंह, अमित कुमार, गिरिजेश कुमार सिंह, प्रभावती देवी, शिवराम और सुजित कुमार सिंह उम्मीदवार हैं। संयुक्त सचिव पद के लिए दिलीप कुमार सिंह, देवी नंदन सिंह, नीरज कुमार सिंह, रामपरीखा सिंह, विनय कुमार मिश्रा, शम्भू नाथ मिश्रा, संजय कुमार, सियाराम पांडेय और काली प्रसाद चुनाव लड़ रहे हैं। सहायक सचिव पद पर पवन कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, श्यामनंदन तिवारी और सतीश कुमार स्नेही उम्मीदवार हैं। वरिष्ठ सदस्य पद के लिए अनील कुमार सिंह, अंबुज कुमार सिन्हा, ओंकार कुमार सिंह, महेश प्रसाद सिंह, मिथलेश कुमार, मो अकमल हसन, यमुना प्रसाद सिंह, विपिन बिहारी मिश्रा, संजय कुमार सिन्हा, संत सिंह, सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह और सुनील कुमार सिंह मैदान में हैं। कार्यसमिति सदस्य पद पर इम्तियाज अंसारी, उमेश प्रसाद सिंह, धनश्याम ठाकुर, प्रमोद कुमार सिंह, बबन कुमार सिंह, योगेश कुमार मिश्रा, राजेश कुमार सिन्हा, लक्ष्मी नारायण उपाध्याय, विनय द्विवेदी, संजय कुमार और सुरेंद्र यादव उम्मीदवार हैं। इसके अतिरिक्त पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर चंद्रकांता कुमारी और त्रिपुरारी कुमार वैद्य, निगरानी समिति सदस्य पद पर अनिल आशुतोष और कृष्ण विजय कुमार सिंह तथा अंकेक्षक पद पर अनिल कुमार सिन्हा और परशुराम सिंह उम्मीदवार हैं। चुनाव 12 मार्च को जिला विधिज्ञ संघ परिसर में बनाए गए तीन बूथों पर होगा, जिसमें 846 मतदाता अपने पसंदीदा उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करेंगे। मतगणना 13 मार्च से प्रारंभ होगी। इस आशय की जानकारी अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने दी है।

# कल्याण बिगहा में 'विकास दिवस' के रूप में मना मुख्यमंत्री का 75वां जन्मदिन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 75वें जन्मदिन के अवसर पर उनके पैतृक गांव कल्याण बिगहा में उत्सव जैसा माहौल रहा। राष्ट्रीय लव-कुश सेवा मिशन की देखरेख में इस दिन को 'विकास दिवस' के रूप में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। पटना स्थित सप्त मूर्ति विधानसभा के सामने से सैकड़ों गाड़ियों का काफिला मुख्यमंत्री की जन्मभूमि पहुंचा। यहां समर्थकों ने उनके माता-पिता स्वर्गीय परमेश्वरी देवी, राम लखन सिंह एवं पत्नी मंजु सिन्हा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। मुख्यमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में गांव स्थित देवी स्थान में देव पूजा एवं विशेष होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। ग्रामीणों और समर्थकों ने पारंपरिक होली गीत गाकर मुख्यमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की कामना की। कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि जैसे लोकनायक जयप्रकाश नारायण, राममनोहर लोहिया और कर्पूरी ठाकुर के जन्मदिन मनाए जाते हैं, उसी प्रकार नीतीश कुमार के जन्मदिन को भी 'विकास दिवस' के रूप में स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर जदयू के प्रदेश महासचिव सह राष्ट्रीय संयोजक राजीव रंजन पटेल ने मुख्यमंत्री के पुत्र निशांत कुमार को सक्रिय राजनीति में लाने की वकालत की। उन्होंने कहा कि बिहार का जनमानस और युवा एक शिक्षित एवं सादगीपूर्ण नेतृत्व की अपेक्षा रखते हैं। उन्होंने निशांत कुमार को राज्यसभा भेजने की भी इच्छा जताई। कार्यक्रम में संतोष कुशवाहा, संजय कांत, धीरज, शकील सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# केजरीवाल-सिसोदिया के शराब घोटाला मामले में बरी होने की खुशी, आप कार्यकर्ताओं ने रांची में निकाली न्याय जश्न यात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** शराब घोटाला मामले में दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया को लेकर दी गयी राहत पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं। रांची में आम आदमी पार्टी के नेताओं ने रांची विश्वविद्यालय से अल्बर्ट एक्का चौक तक न्याय जश्न यात्रा निकाली। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा के इशारे पर उनके नेताओं को षड्यंत्र रचकर शराब नीति घोटाले में फंसाया गया था।

आम आदमी पार्टी के झारखंड मीडिया प्रभारी प्रभात शर्मा ने कहा कि जब केंद्र की मोदी सरकार उनके नेता अरविंद केजरीवाल से लोकतांत्रिक लड़ाई नहीं जीत सकी। तो उसने सीबीआई का इस्तेमाल कर एक षड्यंत्र रचा। जिसमें उनके नेता अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के खिलाफ आधारहीन आरोप लगाकर मुकदमा किया गया। प्रभात शर्मा ने कहा कि राउज एवेन्यू कोर्ट के आये फैसले और सीबीआई के खिलाफ की गई टिप्पणी से साफ है कि कैसे एक साजिश के तहत उनके कट्टर और खांटी ईमानदार नेता अरविंद केजरीवाल का चरित्र हनन किया गया। उन्हें जेल भेजकर यातनाएं दी गयी। जिस शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया के कार्यकाल में दिल्ली में सरकारी शिक्षा की सूरत बदल गयी, गरीबों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलने लगी, उस शिक्षामंत्री मनीष सिसोदिया को भी साजिश के तहत सिर्फ इसलिए फंसाया गया क्योंकि भाजपा लोकतांत्रिक तरीके से आप को परास्त नहीं कर पा रही थी। उन्होंने कहा कि अदालत के फैसले से साफ हो गया कि आम आदमी पार्टी एक ईमानदार पार्टी है और वह आम लोगों के हितों की राजनीति करती है। न्याय यात्रा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं समर्थकों ने भाग लिया। जिनमें मुख्य रूप से आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी शिव चरण गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि यह निर्णय सत्य, न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत है। उन्होंने न्यायपालिका के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि देश की न्याय व्यवस्था पर जनता का विश्वास और मजबूत हुआ है। प्रदेश प्रभारी ने यह भी कहा कि राजनीतिक द्वेष के तहत विपक्षी नेताओं को बदनाम करने का जो प्रयास किया गया था, वह न्यायालय के निर्णय से पूरी तरह निराधार साबित हुआ है। आम आदमी पार्टी सत्य और पारदर्शिता की राजनीति में विश्वास रखती है तथा भविष्य में भी जनता के मुद्दों के लिए संघर्षरत रहेगी।

# पटना में सजेगा भोजपुरी सिनेमा का महोत्सव

**बापू सभागार में होगा आयोजन** | **भोजपुरी सिने अवॉर्ड्स समारोह 15 को**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भोजपुरी सिनेमा के प्रतिष्ठित और बहुप्रतीक्षित 7वें सरस सलिल भोजपुरी सिने अवॉर्ड्स शो का आयोजन 15 मार्च को सायं 6 बजे से बिहार की राजधानी पटना के ऐतिहासिक बापू सभागार में किया जाएगा। यह समारोह भोजपुरी फिल्म उद्योग के लिए एक बड़े सांस्कृतिक उत्सव के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें सिनेमा जगत की नामचीन हस्तियां शिरकत करेंगी।

इस संबंध में पटना स्थित आईएमए हाल में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए दिल्ली प्रेस में सरस सलिल के इंचार्ज भानु प्रकाश राणा ने बताया कि यह अवॉर्ड शो अब बिहार की राजधानी पटना में हो रहा है, जो एक नए अध्याय की शुरूआत है। इस बार इसे और भव्य और बड़े स्तर पर किया जाएगा और दर्शकों के लिए यह मनोरंजन का शानदार अनुभव रहेगा।

भानु प्रकाश राणा ने बताया कि इस अवॉर्ड शो में नामांकित फिल्मों और कलाकारों को जूरी द्वारा चयनित कर विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, लाइव म्यूजिकल परफॉर्मेंस और स्टार नाइट मुख्य आकर्षण रहेंगे।

**डिजिटल युग के साथ बदला अवॉर्ड शो का स्वरूप-** भोजपुरी सिनेमा में अपनी जबरदस्त कॉमेडी के जरिए हंसाने वाले अभिनेता रोहित सिंह मटरू ने बताया इस वर्ष के आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता इसका परिवर्तित फॉर्मेट है। बदलते समय और डिजिटल प्लेटफॉर्म के विस्तार को ध्यान में रखते हुए इस बार अवॉर्ड शो को तीन प्रमुख वर्गों में बांटा गया है—सिनेमा (थिएटर रिलीज फिल्में), ओटीटी प्लेटफॉर्म और यूट्यूब/टीवी कंटेंट के आधार पर बेस्ट अवॉर्ड्स दिए जाएंगे।

आयोजन समिति से जुड़े बृहस्पति कुमार पांडेय ने बताया कि भोजपुरी कंटेंट अब केवल सिनेमाघरों तक सीमित नहीं है, बल्कि ओटीटी और डिजिटल माध्यमों के जरिए विश्वभर में देखा जा रहा है। ऐसे में इन प्लेटफॉर्म पर कार्य करने वाले कलाकारों और तकनीशियनों को समान मंच देना समय की आवश्यकता है।

**2020 से शुरू हुआ सम्मान का यह सिलसिला-** सरस सलिल भोजपुरी सिने अवॉर्ड्स शो की शुरूआत वर्ष 2020 में बस्ती जिले से हुई थी जिसका उद्देश्य था भोजपुरी सिनेमा को एक व्यवस्थित और प्रतिष्ठित मंच प्रदान करना। लोकप्रिय पत्रिका सरस सलिल द्वारा शुरू की गई इस पहल ने कुछ ही वर्षों में भोजपुरी फिल्म उद्योग में अपनी विशेष पहचान बना ली। इसके बाद अयोध्या में 3 बार, बस्ती में 2 बार, इसका आयोजन हुआ था। लगातार इस आयोजन की भव्यता और सहभागिता में वृद्धि होती गई।

**लखनऊ में हुआ था छठा भव्य आयोजन**

पिछले वर्ष 'छठा सरस सलिल भोजपुरी सिने अवॉर्ड्स' शो का आयोजन लखनऊ के प्रतिष्ठित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हुआ था। यह अब तक का सबसे बड़ा और व्यवस्थित समारोह माना गया। उस समारोह में 50 से अधिक श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए गए। बेस्ट फिल्म, बेस्ट अभिनेता, बेस्ट अभिनेत्री, बेस्ट निर्देशक, बेस्ट सिंगर, बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर और लाइफटाइम अचीवमेंट जैसी प्रमुख श्रेणियों में कलाकारों को सम्मानित किया गया।

अब तक हुए अवॉर्ड समारोह में यह अवॉर्ड दिनेशलाल यादव 'निरहुआ', अरविंद अकेला 'कल्लू', प्रदीप पांडे 'चिंटू', अंजना सिंह, आम्रपाली दुबे, ऋचा दीक्षित, संजय पांडेय, देव सिंह, अवधेश मिश्रा, रक्षा गुप्ता, मनोज टाइगर, प्रियंका सिंह, सीपी भट्ट, संजय कुमार श्रीवास्तव, विजय खरे, केके गोस्वामी, शुभम तिवारी, माही खान, मनोज भावुक, प्रसून यादव, कविता यादव, अनुपमा यादव, अंतरा सिंह 'प्रियंका', समर सिंह, सहित कई नामचीन एक्टरों को मिल चुका है।

पिछले वर्ष लखनऊ में हुए अवॉर्ड शो में लोकप्रिय अभिनेता अरविंद अकेला कल्लू, अभिनेत्री अंजना सिंह, निर्देशक रजनीश मिश्रा सहित कई चर्चित हस्तियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान मिला। समारोह में बड़ी संख्या में दर्शकों और मीडिया की उपस्थिति ने इसे ऐतिहासिक बना दिया।

**इस बार पटना में और भी भव्य तैयारी-** अभिनेता और गायक विवेक पांडेय ने पटना में आयोजित हो रहे सातवें संस्करण को और भी भव्य और आकर्षक बनाने की तैयारी की गई है। रेड कार्पेट एंट्री, सेलिब्रिटी इंटरैक्शन, लाइव डांस परफॉर्मेंस और विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए इसे यादगार बनाने की योजना है।

भोजपुरी सिनेमा के चर्चित सितारे, निमार्ता-निर्देशक, संगीतकार, गायक और तकनीकी विशेषज्ञ इस समारोह में भाग लेंगे। आयोजकों का कहना है कि यह मंच केवल सितारों को सम्मानित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्दे के पीछे काम करने वाले तकनीकी कलाकारों को भी बराबर की पहचान देता है।

**क्षेत्रीय सिनेमा को नई ऊंचाई-** आयोजकों ने बताया कि सरस सलिल भोजपुरी सिने अवॉर्ड्स शो का मुख्य उद्देश्य भोजपुरी फिल्म उद्योग के प्रतिभाशाली कलाकारों और तकनीशियनों को प्रोत्साहित करना तथा क्षेत्रीय सिनेमा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है।

भोजपुरी सिनेमा ने पिछले कुछ वर्षों में कंटेंट, तकनीक और प्रस्तुति के स्तर पर उल्लेखनीय प्रगति की है। डिजिटल प्लेटफॉर्म के विस्तार के साथ इसकी पहुंच देश-विदेश तक बढ़ी है। ऐसे में यह अवॉर्ड समारोह उद्योग को एक सकारात्मक प्रतिस्पर्धा और गुणवत्ता की दिशा में प्रेरित करता है।

**सिने प्रेमियों से अपील-** आयोजन समिति ने पटना और आसपास के जिलों के सिने प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस भव्य समारोह की शोभा बढ़ाने की अपील की है। जब बापू सभागार में रोशनी, कैमरा और तालियों की गूंज होगी, तब यह केवल कलाकारों का सम्मान नहीं बल्कि पूरी भोजपुरी संस्कृति का उत्सव होगा।

7वां सरस सलिल भोजपुरी सिने अवॉर्ड्स शो एक बार फिर यह साबित करने जा रहा है कि भोजपुरी सिनेमा अब क्षेत्रीय दायरे से निकलकर राष्ट्रीय और वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रहा है।

दिल्ली प्रेस पिछले 86 वर्षों से भारत का एक अग्रणी प्रकाशन समूह रहा है और इसकी 9 भाषाओं में प्रकाशित होने वाली 30 पत्रिकाओं के जरिए देश-भर के पाठकों तक सीधी पहुंच है।

हमारे यहां देश की सबसे ज्यादा पढ़ी जाने वाली हिंदी पत्रिकाओं 'सरिता', 'गृहशोभा', 'चंपक', 'सरस सलिल', 'मुक्ता', मनोहर कहानियां', 'सत्यकथा' का निरंतर सफल प्रकाशन किया जा रहा है, जिन्हें करोड़ों पाठक बड़े चाव से पढ़ते हैं। दिल्ली प्रेस समूह की 'सरस सलिल' पत्रिका वर्ष 1993 से निरंतर प्रकाशित हो रही है और आमजन को जानकारी देने के साथ-साथ उनका मनोरंजन भी कर रही है। इस समारोह में दिल्ली प्रेस से जुड़े बृहस्पति पाण्डे, राजीव रंजन ,चितरंजन भारती एवं शम्भू शरण सत्यार्थी ने भी भाग लिया।

# पुलिस और अपराधी में मुठभेड़

## जेपी गंगा पथ पर वैशाली के कुख्यात को पुलिस ने मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जेपी गंगा पथ पर पीएमसीएच के पास रविवार की सुबह पटना पुलिस और अपराधी के बीच मुठभेड़ हो गई।

गिरफ्तारी से बचने के लिए अपराधी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उसके पैर में गोली मार दी। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

उसकी वैशाली के हाजीपुर निवासी अमित कुमार के रूप में हुई है, जिसके खिलाफ वैशाली और पटना में पहले से आर्म्स एक्ट, हत्या का प्रयास सहित चार केस दर्ज हैं। उसे पीएमसएच में भर्ती कराया गया है।

मुठभेड़ के बाद घटनास्थल पर सिटी एसपी ममता कल्याणी, डीएसपी टाउन, पीरबहोर थाना पुलिस, डीआईयू की टीम पहुंची थी। एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया था।

सिटी एसपी ने बताया कि सूचना मिली थी कि अमित किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। उसका लोकेशन पता कर पुलिस मौके पर पहुंची। इसी दौरान अपराधी ने पुलिस टीम को

### हत्या करने पटना आया था अपराधी

देखकर पर फायरिंग कर दिया। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक गोली अपराधी के पैर में लग गई। उसे हिरासत में लेकर तत्काल उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

बीते 28 जनवरी अमित अपने साथी पीयूष के साथ सिविल कोर्ट में पेशी के लिए आए कुख्यात सुबोध सिंह गैंग के ततीया नाम के एक आरोपित की हत्या करने आया था।

इसके पहले ही गेट पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने पीयूष को दबोच लिया। जबकि अमित फरार हो गया। पीयूष से जब पूछताछ हुई तो उसने बताया था कि वैशाली का रहने वाला अमित उसे अपने साथ बाइक पर लाया था।

दोनों मिलकर घटना को अंजाम देने वाले थे। इसके बाद से पुलिस अमित की तलाश में वैशाली के लेकर उसके सभी संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी।

दो दिन पूर्व पुलिस को सूचना मिली कि वह पटना में छिपा है। वह किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। पुलिस उसके इंटरनेट मीडिया पर भी नजर रख रही थी। जैसे ही उसने अपना इंस्टाग्राम अकाउंट खोला, पुलिस को उसके लोकेशन की जानकारी मिल गई।

उसके उस ठिकाने पर जब पुलिस पहुंची तो वह पहले ही वहां से जा चुका था। उसका लोकेशन ट्रेस करते हुए पुलिस जेपी गंगा पथ पर पहुंची। जहां उसने पुलिस को देखकर फायरिंग कर दी। फिर पुलिस उसके पैर में गोली मारकर दबोच लिया।

अमित की गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस यह जानकारी जुटा रही है कि आखिर वह किसके इशारे पर पीयूष के साथ सिविल कोर्ट में घटना को अंजाम देने पहुंचा था?

उसे किसी ने सुपारी दी थी थी दुश्मनी उससे थी? इसके बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। संभावना है कि इसमें कुछ और अपराधियों के नाम उजागर हो सकते है।

# विष्णु महोत्सव पर बीडीओ ने स्वाध्याय के प्रति किया जागरूक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** रविवार को जम्होर विष्णु महोत्सव के शुभ अवसर पर बारुण प्रखंड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के साथ उनके अन्य स्टाफ को युग ऋषि के युग साहित्य का स्वाध्याय के प्रति लोगों में जागरूक किया गया।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय का सबसे बड़ा युग धर्म में से एक युग धर्म है।

उन्होंने कहा कि अच्छे साहित्य का स्वाध्याय करना । जिस तरीके से शरीर का भूख भोजन से मिटता है ठीक उसी तरह से आत्मा का भूख स्वाध्याय से मिटता है। पहले भी हम इसका लाभ कई बार बता चुके हैं। हम इसका स्वयं लाभ लेकर, हमारी हार्दिक इच्छा होती है कि दूसरे को भी लाभ दें।

# होली मिलन समारोह आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** शहर के यमुना नगर में पूर्व जिला पार्षद मनोरमा पासवान के आवास पर होली मिलन समारोह आयोजन किया गया जिसमें एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर सामाजिक सौहार्द तथा आपसी भाईचारा का संदेश दिया गया। इस अवसर पर एलआईसी के चर्चित विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, जेपी आंदोलन के सेनानी अजय श्रीवास्तव, संतोष सिंह, शिक्षक नेता उमंग, चन्द्रदीप व्यास मौजूद रहे। मौके पर पूर्व जिला पार्षद मनोरमा पासवान ने बताया कि होली आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का त्योहार है। इस त्योहार को बिना किसी भेदभाव के मनाना चाहिए। किसी प्रकार का हुड़दंग नहीं करना चाहिए और न किसी को जबरन रंग लगाना चाहिए। जेपी सेनानी अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि होली हमें देश की सभ्यता और संस्कृति का भी संदेश देता है। एलआईसी के चर्चित विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि होली हमें देश की सभ्यता और संस्कृति को जीवंत रखने का भी संदेश देता है। होली का पर्व यह संदेश देता है कि हम सभी को रंगों की तरह ही आपस में मिलजुल कर रहना चाहिए। इसे सामाजिक समरसता बरकरार रहता है। संजीत यादव ने कहा कि यह त्योहार एकता का संदेश देता है। हम सभी को रंगों की तरह ही आपस में मिलजुल कर रहना चाहिए। इस अवसर पर रघुनंदन सिंह, श्यामता प्रसाद यादव सहित अन्य मौजूद रहे। कांग्रेस नेता धीरेन्द्र सिंह एवं अवधेश पासवान ने लोगों को बधाई देते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।

# महाराजा कैप्टन गोपाल शरण सिंह स्मृति समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** ऐतिहासिक नगरी टिकारी स्थित टिकारी राज इंटर कॉलेज के प्रांगण में महाराजा कैप्टन गोपाल शरण सिंह की स्मृति में पहली बार भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मंत्री सह राज्य सवर्ण आयोग के अध्यक्ष डॉ महाचन्द्र प्रसाद सिंह ने किया।

कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय परिसर में स्थापित महाराजा कैप्टन गोपाल शरण सिंह की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद डॉ महाचन्द्र प्रसाद सिंह, सेवानिवृत्त विशेष सचिव राय मदन किशोर, प्रभारी प्राचार्य मनु मणि, पूर्व प्राचार्य डॉ सच्चितानंद प्रेमी, साहित्यकार राकेश कुमार सिन्हा ह्यरविह्ल, राम कृष्ण मिश्र, उप प्रमुख गया दत्त शर्मा एवं आयोजक हिमांशु शेखर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त अपर पुलिस महानिदेशक राज्यवर्धन शर्मा ने की, जबकि संचालन संजय अथर्व ने किया। वक्ताओं ने टिकारी के विकास में टिकारी राज के योगदान को विस्तार से याद किया। पूर्व प्राचार्य शिव शंकर शर्मा ने सुझाव दिया कि टिकारी राज के इतिहास पर शोध संस्थान की स्थापना की जानी चाहिए। टिकारी राज पर शोध कर रहे छात्र बैजू चौधरी ने महाराजा के जीवन और उनके कार्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला।

अपने संबोधन में डॉ महाचन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि महाराजा ने अपने शासनकाल में बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शुल्क माफ कर दिया था। उन्होंने प्रस्ताव रखा कि विद्यालय का नामकरण महाराजा के नाम पर किया जाना चाहिए। अध्यक्षीय संबोधन में राज्यवर्धन शर्मा ने कहा कि महाराजा कैप्टन गोपाल शरण सिंह ने अपने जीवनकाल में अनेक जनहितकारी कार्य किए, जिन्हें सदैव स्मरण रखा जाएगा।

आयोजक हिमांशु शेखर ने बताया कि विद्यालय की स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महाराजा को याद करना गौरव का विषय है। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन भी हिमांशु शेखर ने किया। इस अवसर पर प्रो. मुद्रिका प्रसाद नायक, बृज मोहन शर्मा, डॉ अमित नारायण रघु, डॉ सतेन्द्र नारायण, मुखिया लाल शर्मा, नारायण मिश्रा, नागेंद्र सिंह, सिद्धार्थ कुमार, राम लखन भगत, बेचन चंद्रवंशी, राकेश शर्मा, सत्येंद्र शर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# गांधी स्मृति यात्रा पहुंची लखनऊ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ।** गांधी विचार मंच तथा सर्वोदय समाज के संयुक्त तत्वाधान में 22 फरवरी से उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा होते हुए गांधी स्मृति यात्रा 28 फरवरी को रात्रि लखनऊ पहुंची। यात्रा का उद्देश्य गांधी और विनोबा के वैचारिक और भौतिक संसाधनों का संरक्षण है। यात्रा के द्वारा राष्ट्रीय एकता का संदेश पहुंचा जा रहा है।यात्री का गांधी भवन लखनऊ में गांधी स्मृति यात्रा का स्वागत और बैठक डॉक्टर भानु पूर्वांचल ग्रामीण विकास समिति द्वारा किया गया।

गांधी भवन में पूर्वांचल ग्रामीण विकास समिति और गांधी भवन के संयुक्त तत्वाधान में हृदय नारायण श्रीवास्तव कि अध्यक्षता में गोष्ठी आयोजित हुई। राकेश श्रीवास्तव ने यात्रा के महत्व पर प्रकाश डाला।अपने यात्रा का अनुभव साझा किया।ओम प्रकाश सिन्हा ने बताया कि वे ऑल इंडिया वर्कर्स कॉन्फ्रेंस से जुड़े हैं। कहा कि फासीवाद के खिलाफ वैचारिक और व्यवहारिक समाधान जवाब है। डॉक्टर भानु ने बताया कि स्वस्थ कार्यक्रम आज



बीमारी का व्यवसाय बन गया है। संजीव शर्मा ने प्रजातंत्र और मानवीय मूल्यों की सुरक्षा गांधी विचार में निहित है।राधा कृष्ण राय ने कहा कि भारत और गांधी एक ही है।

ज्ञातव्य हो कि गांधी सबसे पहली बार 1916 के दिसंबर में 31 में कांग्रेस अधिवेशन में भाग लेने के लिए पहुंचे थे। यह अधिवेशन अंबिका चरण मजूमदार के सभापतित्व में आयोजित हुआ था।इसमें कांग्रेस लीग सुधार योजना प्रस्तुत किया गया था दूसरी बार उनकी यात्रा 1919 में हुई 10 और 11 मार्च को हुए लखनऊ में रिहाफे आम हॉल में सत्याग्रह सभा हुई थी। इसकी अध्यक्षता सैयद हुसैन कर रहे थे। 1919 में ही दूसरी बार 7 और 8 अगस्त को गांधी लखनऊ में रहे। इस बार की सभा में उन्होंने कहा की गुलामी में रहने से तो अच्छा है समुद्र में डूब मरना। ब्रिटिश शासन शैतानियत की सत्ता है। 1921 में चौथी बार गांधी लखनऊ आए। 26 फरवरी और पांचवीं बार 7 - 8 अगस्त को वे लखनऊ में थे। यहां मुरादाबाद से पहुंचे थे और अमीनुदुल्लाह पार्क में एक लाख लोगों को संबोधित किया था।

1925 में 17 अक्टूबर को आए और सीतापुर भीगए। 1929 में 27 से 30 सितंबर तक लखनऊ में रहे। अब्दुल बारी के घर शो प्रकट करने गए विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित किया 30 सितंबर को अकबरपुर और टांडा भी गए। 1931 में मोतीलाल जी के इलाज के लिए 4 से 6 फरवरी तक लखनऊ में थे 6 फरवरी 1931 को मोतीलाल जी की मृत्यु हो गई थी। 1934 में गांधी मुख्य रूप से हरिजन यात्रा कर रहे थे यहां भी कानपुर से आए थे और फिर कानपुर वापस हो गए इस बीच उन्होंने जानाना पार्क में महिलाओं की सभा को संबोधित किया हरिजनो और आर्य समाज के लोगों को संबोधित किया 1936 में 28 मार्च से 3 अप्रैल तक लखनऊ में थे स्वदेशी और ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का उद्घाटन किया था। 1936 में 8 अप्रैल से 16 अप्रैल तक 9 दिन की अवधि लखनऊ में बिताई इस बीच ऑल इंडिया डिप्रेस्ड क्लास कॉन्फ्रेंस आयोजित हुआ था उसमें भी गांधी ने शिरकत की ओर भाषण दिया। उत्तर प्रदेश के कई स्थानों पर गांधी गए वाराणसी कानपुर इलाहाबाद आगरा अलीगढ़ आदि जगहों पर तो कई बार गए। मुजफ्फरनगर शिकोहाबाद मैनपुरी फरुर्खाबाद फतेहगढ़ कन्नौज अकबरपुर टांडा गोरखपुर बस्ती मुरादाबाद शाहजहांपुर बरेली बलिया और मेरठ में भी गांधी ने अपना संदेश दिया।

# दो गुटों बंटे दिखे जदयू कार्यकर्ता, हंगामा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोपालगंज।** शहर के ब्लॉक कॉलोनी स्थित सम्राट अशोक भवन में रविवार को जनता दल (यूनाइटेड) के जिलाध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर आयोजित बैठक हंगामे की भेंट चढ़ गई। चुनाव प्रक्रिया शुरू होते ही कार्यकर्ता दो गुटों में बंट गए और आरोप-प्रत्यारोप के बीच माहौल तनावपूर्ण हो गया। बैठक में जिलाध्यक्ष पद के लिए पांच प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। चुनावी पर्यवेक्षक सतीश कुमार की मौजूदगी में प्रक्रिया शुरू हुई। नामांकन के बाद समर्थन को लेकर बहस तेज हो गई और देखते ही देखते कार्यकताओं के बीच नारेबाजी शुरू हो गई। स्थिति बिगड़ते देख पर्यवेक्षक सभागार से बाहर निकल गए। प्रवेक्षक के बाहर जाने के बाद निवार्ची पदाधिकारी द्वारा आदित्य शंकर शाही को पुनः जिलाध्यक्ष मनोनीत किए जाने की घोषणा कर दी गई। इस निर्णय के बाद विरोधी गुट ने तीखी प्रतिक्रिया दी। जिलाध्यक्ष पद के दावेदार संजीत कुमार चौबे ने चुनाव प्रक्रिया में भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि पर्यवेक्षक की गैरमौजूदगी में चुनाव कराना नियमों के विरुद्ध है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की अनदेखी हुई है।

हंगामे के बीच एक गुट ने आदित्य शंकर शाही को बधाई दी और समर्थन जताया, जबकि दूसरे गुट के कार्यकताओं ने निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग को लेकर विरोध दर्ज कराया। इस संबंध में चुनाव पर्यवेक्षक सतीश कुमार ने बताया कि फिलहाल चुनाव स्थगित कर दिया गया है तथा पूरे घटनाक्रम की जानकारी पार्टी के वरीय नेताओं को दे दी गई है। आगे का निर्णय पार्टी नेतृत्व द्वारा लिया जाएगा। मामले पर अंतिम फैसला नीतीश कुमार के स्तर से लिया जाएगा। घटना के बाद जिले की राजनीति में सरगर्मी तेज हो गई है और कार्यकर्ताओं के बीच खींचतान खुलकर सामने आ गई है।

## संपूर्ण देहदान का लिया संकल्प

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 75वें जन्मदिन के अवसर पर उनके करीबी मंत्री डॉ. अशोक चौधरी ने समाजहित में एक प्रेरणादायी पहल की है। रक्तदान करने के बाद उन्होंने मरणोपरांत संपूर्ण देहदान का संकल्प लेकर समाज को मानवीय सेवा का बड़ा संदेश दिया। ग्रामीण कार्य मंत्री डॉ. चौधरी ने देहदान से संबंधित संकल्प पत्र भरकर दधीचि देहदान समिति के महासचिव, पद्मश्री से सम्मानित विमल जैन को सौंपा। संकल्प पत्र पर लिखा है, मैं अशोक चौधरी मानवता के लिए अपनी मृत्यु के बाद प्रत्यारोपण के लिए अपने नेत्र/अंग/देहदान का संकल्प लेना चाहता हूं। इसके बाद उन्होंने फॉर्म में पूरी जानकारी भरी है। इससे पूर्व मंत्री डॉ. अशोक चौधरी ने पोलो रोड स्थित अपने आवास पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया। उन्होंने स्वयं रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और युवाओं से समाज सेवा के लिए आगे आने की अपील की।

## पुलिस टीम पर हमला

**गयाजी।** टिकारी-केसपा मुख्य मार्ग पर जगदीशपुर गांव के समीप शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई के दौरान पुलिस पर हमला होने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ट्रैक्टर के डल्ला में ईंटों के नीचे अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप छुपाकर केसपा की ओर ले जाई जा रही है। सूचना का सत्यापन करने के बाद पुलिस ने केसपा मोड़ के पास संदिग्ध ट्रैक्टर का पीछा किया और उसे रुकवाने का प्रयास किया। पुलिस को देखते ही चालक चलती ट्रैक्टर से कूदकर फरार हो गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर के डल्ला से पुलिस ने भारी मात्रा में शराब बरामद की और उसे जब्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी। इसी दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने पुलिस कार्रवाई का विरोध करते हुए अचानक ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। हमला उस समय हुआ जब टिकारी थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम शराब जब्त कर रही थी। उपद्रवियों ने शराब ले जाने का विरोध किया और स्थिति बिगड़ने पर पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा।

# ज्योतिर्मय वर्मा ने किया अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रौशन

## बधाईयों का लगा तांता



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** करनाल इंटरनेशनल स्कूल गर्व के साथ घोषणा करता है कि कक्षा 10वीं के छात्र ज्योतिर्मय वर्मा ने प्रतिष्ठित सिल्वर जोन रीजनिंग एवं एप्टीट्यूड ओलंपियाड में अंतरराष्ट्रीय रैंक 2 प्राप्त की है। इस ओलंपियाड में 14 से अधिक देशों के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिससे यह उपलब्धि विद्यालय के लिए अत्यंत गौरव और वैश्विक पहचान का विषय बन गई है। ज्योतिर्मय की उत्कृष्ट विश्लेषण क्षमता, तार्किक सोच और निरंतर समर्पण ने विद्यालय का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन कर्नल अरुण दत्ता ने ज्योतिर्मय को हार्दिक आशीर्वाद एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने छात्र की मेहनत की सराहना करते हुए सभी विद्यार्थियों को वैश्विक मंचों पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के निदेशक प्रकाश जोशी ने भी ज्योतिर्मय तथा अकादमिक टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियाँ विद्यालय की समग्र शिक्षा, तार्किक क्षमता विकास और शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। विद्यालय परिवार इस गौरवपूर्ण क्षण का उत्सव मनाता है और ज्योतिर्मय के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

# मगध विवि के स्थापना दिवस पर इसकी समस्याओं पर चर्चा जरूरी : प्रो विजय कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** मध्य-दक्षिण बिहार के सबसे पुराना एवं बड़ा मगध विश्वविद्यालय जिसकी स्थापना 01 मार्च 1962 को गयाजी में किराये के भवन से शुरू होकर बोधगया में 525 एकड़ के वृहद परिसर में संचालित है, जिससे बाद में मगध विश्वविद्यालय विभाजित होकर वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय भोजपुर तथा पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय पटना बना। अतएव आज भी मगध विश्वविद्यालय में 19 अंगीभुत तथा 70 से ज्यादा संबंधन प्राप्त डिग्री कॉलेज के साथ साथ दर्जनों प्रोफेशनल संस्थान संचालित है।

बिहार प्रदेश कॉग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कॉग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, प्रो अनिल कुमार सिन्हा, डॉ मदन प्रसाद सिन्हा, विपिन बिहारी सिन्हा, बोधगया कॉग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रामजी मांझी, प्रो विनोद यादव आदि ने कहा कि आज के दिन में मगध विश्वविद्यालय के दो शैक्षणिक विभाजन के बाद बिहार में पहला आईआईएम की स्थापना इसके 525 एकड जमीन में से 125 एकड जमीन में वर्षो पूर्व किया गया है।

उस समय मगध विश्वविद्यालय द्वारा आई आई एम को जमीन देने के एवज में यह तय हुआ था कि आईआईएम के विकास हेतु सरकार से मिलने वाली राशि का 20 % राशि मगध विश्वविद्यालय को मिलेगा। परंतु आईआईएम की स्थापना के दस वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी तक एक रुपया भी नहीं मिला है , जिसके समाधान की चर्चा नितांत आवश्यक है।

इसी तरह मगध विश्वविद्यालय के स्थापना के समय गया जिला अंतर्गत फतेहपुर प्रखंड के लोधवे पंचायत के भकतरीया गांव में 200 एकड़ जमीन वुधौली महंत सूर्य प्रकाश पूरी द्वारा मगध विश्वविद्यालय को दिया गया था, जिस जमीन पर 1998 में तत्कालीन केंद्रीय कृषि मंत्री चतुरानन मिश्रा द्वारा मगध कृषि विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी गई थी, जो आज तक ना तो मगध विश्विद्यालय इस जमीन पर कब्जा लिया है।

नेताओं ने मगध विश्वविद्यालय अंतर्गत संचालित सभी शिक्षण संस्थाओं में नियमित क्लास संचालित कराने, सभी छात्रों को सरकार की ओर से मिलने वाली सभी सुविधाएं समय पर प्राप्त होने, परीक्षाफल आधारित अनुदानित डिग्री कॉलेज के शिक्षक-शिक्षकेतर कमार्चारियों को नियमित वेतन व पेंशन, इसके वृहद परिसर में सभी प्रकार के शिक्षण केंद्र स्थापित करने, छात्रों को सभी प्रमाण पत्रों तथा लंबित परीक्षा फलो को तुरंत निष्पादित करने, कॉपी मूल्यांकन का पारिश्रमिक एक सप्ताह के अंदर भुगतान करने आदि ज्वलंत मुद्दों पर 65 वें स्थापना दिवस पर चर्चा बहुत जरूरी है। नेताओं ने कहा कि मगध विश्वविद्यालय की स्थापना दिवस पर इन प्रमुख समस्याओं पर चर्चा नितांत आवश्यक है।

# पटना से उभरे स्टार्टअप, करोड़ों के रेवन्यू तक पहुंची उड़ान

## बिहार सरकार से 2024 में मिला बेस्ड स्टार्टअप का अवार्ड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की डबल इंजन की सरकार ने बिहार में अपने जनकल्याणकारी योजनाओं से करोड़ों युवाओं के सपनों को संवारा है। साल 2005 से पहले बिहार को पिछड़े राज्य की सूची में अव्वल रखा जाता है। आज वहीं बिहार स्टार्टअप योजना के बाद अपने सफल स्टार्टअप से देश-विदेश में अपना परचम लहरा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रदेश की राजधानी पटना में शुरू हुए दो स्टार्टअप फिनेस इंडिया व सर्व सुविधान प्राइवेट लिमिटेड आज रेलवे व वित्तीय सेक्टर में अपने समाधान से एक अलग पहचान बनाने में सफल रहे हैं। उद्यमियों से बातचीत करने पर उन्होंने कहा कि अपने कार्य क्षेत्र में पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी करने की बजाय उन्होंने उद्यम लगाने की योजना बनायी। शुरूआत में फंड की कमी के कारण उन्हें उद्यमी शुरू करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री की स्टार्टअप योजना उनके लिए वरदान साबित हो रहा है। वहीं फिनेस इंडिया के फाउंडर मनीत कुमार सिंह ने बताया कि साल 2022 में बीएचयू से सीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद मिनिस्ट्री ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स से टैक्स और अकाउंट के क्षेत्र में सॉफ्टवेयर विकसित कर इस स्टार्टअप को लांच किया। इस स्टार्टअप के जरिये फाइनेंस उपभोक्ताओं को आइटीआर व कम्प्यूटेशन क्षेत्र में आसान सॉल्यूशन प्रदान करके लोगों की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार सरकार के उद्योग विभाग से 25 लाख ऋण प्राप्त होने के साथ-साथ बियाडा की तरफ से राजधानी में जमीन मुहैया भी कराया गया है। ताकि सफल स्टार्टअप के जरिये ट्रेनिंग उद्यमी को भी सीखने का मौका मिल सके। फाउंडर मनीत ने कहा कि आज उनकी कंपनी में 25 लोग फूल टाइम इंप्लॉयड हैं। साथ ही वे अन्य नये उद्यमियों को अपने फर्म में सीखने का मौका भी देते हैं।

साल 2021 में लांच हुए स्टार्टअप सर्व सुविधान को बिहार सरकार की तरफ से बेस्ट स्टार्टअप का अवार्ड भी मिल चुका है। कंपनी के फाउंडर अतुल आनंद ने अपने बारे में बताया कि साल 2012 में एनआइटी ट्रीची से कंप्यूटर की पढ़ाई पूरी करने के बाद 10 साल तक मल्टी नेशनल कंपनी में काम किया। साल 2021 में कोरोना लॉकडाउन के दौरान रेलवे उपभोक्ताओं के लिए एक जरूरी सॉफ्टवेयर विकसित किया गया जिसमें पैसेंजरों की सुविधा के लिए रेलवे प्लेटफॉर्म व रनिंग ट्रेन पैसेंजरों को जरूरी सुविधा उपलब्ध कराया जाता है। स्टार्टअप योजना के लाभ से साल 2022-23 में 10 लाख तक का ऋण प्राप्त होने के बाद उन्होंने अपने कार्यक्षेत्र में कई बदलाव किया है। उन्होंने यह भी बताया कि आज उनका स्टार्टअप बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश, बंगाल, गुजरात, महाराष्ट्र में भी उपभोक्ताओं को जरूरी समाधान दे रहा है। वहीं उन्होंने बताया कि सर्व सुविधान स्टार्टअप ने साल 2022-23 में 10 लाख का रेवन्यू से स्टार्टअप किया था। करीब तीन साल बाद आज कंपनी का रेवन्यू करीब डेढ़ करोड़ दर्ज किया जा रहा है। इसके अलावा फिनेस इंडिया के फाउंडर मनीत कुमार ने बताया कि 2022-23 में साढ़े दस साल रेवन्यू दर्ज किया था जबकि इस साल 2024-25 में स्टार्टअप का रेवन्यू 3 करोड़ से अधिक दर्ज किया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल में प्रदेश में उद्योग, स्वास्थ्य, शिक्षा समेत हर क्षेत्र में लगातार विकास कार्य से बिहार भी सफल राज्य की धरती में शामिल हो रहा है।

# पटना में एमएमडी कार्यालय का उद्घाटन, नाविकों को मिलेगा बड़ा सहारा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत डायरेक्टरेट जनरल ऑफ शिपिंग (डीजीएस) ने पटना में मर्केंटाइल मरीन डिपार्टमेंट कार्यालय और 'सीफेयरर्स आउटरीच सेंटर' का उद्घाटन किया। इसके साथ ही कोलकाता स्थित नाविक गृह समिति और मरीन क्लब के पुनर्निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया गया। उद्घाटन के बाद होटल राजकुटीर-आईएचसीएल सेलेक्शन्स में 'सीफेयरर्स रिक्रूटमेंट एंड वेलफेयर' विषय पर दिनभर संगोष्ठी आयोजित हुई। कार्यक्रम में केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मंत्रालय के सचिव, डायरेक्टर जनरल ऑफ शिपिंग, एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ शिपिंग सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। अधिकारियों ने बताया कि पटना में एमएमडी कार्यालय खुलने से बिहार और पूर्वी भारत के नाविकों को प्रमाणपत्र, दस्तावेज सत्यापन, शिकायत निवारण और अन्य नियामकीय सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी। इससे उन्हें कोलकाता या अन्य शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। संगोष्ठी में लगभग 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिनमें कार्यरत नाविक, कैडेट, जहाज मालिक संगठन, शिप मैनेजर, आरपीएसएल कंपनियां, समुद्री श्रमिक संगठन, प्रशिक्षण संस्थान और सरकारी अधिकारी शामिल रहे।

पहले पैनल 'सीफेयरर कैजुअल्टीः राइट्स, रिलीफ एंड रिस्पॉन्सिबिलिटी' में समुद्री दुर्घटनाओं में मृत्यु, लापता या गंभीर रूप से घायल होने की स्थिति में मुआवजा, बीमा दायित्व और त्वरित सहायता पर चर्चा हुई। दूसरे सत्र 'सीफेयरर्स एबैंडनमेंट एंड वेलफेयर' में वेतन सुरक्षा, वित्तीय गारंटी नियमों के पालन और स्वदेश वापसी प्रक्रिया को मजबूत बनाने पर विचार-विमर्श किया गया।

## ऐडू-केयर स्टार किड्स विद्यालय के वार्षिकोत्सव में बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य और नालंदा कॉलेज के शिक्षाशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ ध्रुव कुमार ने कहा है कि विद्यालय केवल ईंट-पत्थरों से बनी इमारत नहीं होता, यह वह पावन स्थल है जहां सपनों को आकार मिलता है जिज्ञासाएं पंख पाती हैं और वहीं से उनके भविष्य की दिशा तय होती है। वे शनिवार को दानापुर स्थित ऐडू केयर स्टार किड्स विद्यालय के वार्षिकोत्सव समारोह में उपस्थित बच्चों, अभिभावकों व शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। डॉ ध्रुव ने कहा कि बच्चे भारत के उज्ज्वल भविष्य हैं। उनके नन्हें हाथों में ही आने वाले कल का निर्माण छिपा है। जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। नियमित परिश्रम, अनुशासन, समय का सदुपयोग और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की सच्ची कुंजी हैं। उन्होंने शिक्षकों से अनुरोध किया कि विद्यालय को केवल किताबों के ज्ञान का केंद्र नहीं बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाता है। कैसे उन्हें मिल-जुलकर रहना है, कैसे बड़ों का सम्मान करना है, कैसे छोटे का हाथ थामना है और कैसे अपने देश और समाज के प्रति जिम्मेदार बनना है, यह विद्यालय ही हमें सिखाता है। विद्यालय के निदेशक उत्तम कुमार ने कहा कि असफलता हमें गिराने नहीं, बल्कि संभलकर आगे बढ़ने की सीख देने आती है। छात्र -छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसे उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। मोबाइल से दूरी, सफाई अभियान, होली मिलन जैसे कार्यक्रम आकर्षण के केंद्र बने। आर्या मेहता की प्रस्तुति राम आयेंगे को खूब तालियां मिलीं।

## एनएसयूआई की पीयू छात्र संघ में जीत पर राजेश राम ने विजयी छात्र नेताओं को दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में सेंट्रल पैनल के दो महत्वपूर्ण पदों पर कांग्रेस के छात्र विंग एनएसयूआई समर्थित उम्मीदवारों के प्रचंड जीत पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने हर्ष जाहिर करते हुए कहा कि यह राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की सामाजिक न्याय की लड़ाई की जीत है। उन्होंने कहा कि भाजपा आरएसएस के छात्र संगठन एबीवीपी और बिहार के राजनीतिक दल जदयू को स्पष्ट संदेश है कि सामाजिक न्याय की लड़ाई में कांग्रेस के संघर्ष के साथ आज की युवा पीढ़ी खड़ी है। बिहार के प्रबुद्ध विश्वविद्यालय के छात्रों ने अपना राजनीतिक संदेश इस छात्र संघ चुनाव परिणाम से दे दिया है। एनएसयूआई से सेंट्रल पैनल पर जीते पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष शांतनु शेखर यादव और महासचिव पद पर निर्वाचित खुशी कुमारी को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि जहां बिहार में एनडीए शासन में छात्राएं पटना में सुरक्षित नहीं है और विश्वविद्यालय को केंद्रीय विवि बनाने की पहल पर कुंडली मार कर केंद्र और राज्य की सत्ता बैठी है वैसे में पटना विश्वविद्यालय के छात्रों ने स्पष्ट तौर पर निरंकुश सत्ता को संदेश दे दिया है कि दमनकारी और संविधान विरोधी सरकार और उनके छात्र संगठनों को हर बार मुंह की खानी पड़ेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि जिस तरीके से आरएसएस और भाजपा ने कैंपस का शुद्ध राजनीतिकरण किया है।

# संजय सरावगी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दी जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं

### सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 75वें जन्मदिन के अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं और उनके दीर्घायु और स्वस्थ होने की कामना की है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बिहार में सुशासन स्थापित करने वाला सीएम बताते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व, सशक्त प्रशासनिक क्षमता एवं जनकल्याण के प्रति समर्पित भावना ने बिहार को विकास, सुशासन और सामाजिक न्याय की नई दिशा प्रदान की है। उन्होंने कामना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में प्रदेश निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रहे, यही हमारी कामना है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि ईश्वर उन्हें उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु प्रदान करें, ताकि वे उसी प्रकार जनसेवा के पथ पर निरंतर अग्रसर रहकर प्रदेश एवं समाज के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देते रहे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि उन्होंने कई साहसिक और ऐतिहासिक निर्णय लेकर न केवल यहां न्याय के साथ विकास की मूल अवधारणा वाली सरकार को स्थापित किया बल्कि जातीय संघर्षों पर विराम लगाकर बिहार में विकास को नया आयाम दिया। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और वह दिन दूर नहीं जब केंद्र सरकार की मदद से बिहार विकसित राज्य की श्रेणी में अपना नाम दर्ज कराएगा।

## हास्य, व्यंग्य और त्रासदी का अनोखा मिश्रण है 'द सिडक्शन'



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नाट्य संस्था विश्वा, पटना जो पिछले 15 वर्षों से रंगकर्म के क्षेत्र में सक्रिय है। तीन दिवसीय नाट्य महोत्सव 'विश्वोत्सव 2025-26' का आयोजन कर रही है। इमेजिनेशन स्कूल ऑफ ड्रामा एंड फिल्म मेकिंग, ए1, देश रत्न पथ, एसबीआइ ऑफिसर्स कॉलोनी, कंकड़बाग, विजय नगर, पटना- में आंतोन चेखव लिखित नाटक 'द सिडकशन' की प्रस्तुति की गई जिसका निर्देशन राजेश नाथ राम ने किया है। 'द सिडक्शन' मानवीय भावनाओं, लालच और यथार्थ के टकराव का सजीव चित्रण है। यह नाटक एक ग्रामीण पृष्ठभूमि में घटित होता है जहां पात्रों के बीच की बातचीत से समाज की गहराइयों और मानवीय कमजोरियों का पता चलता है।

# महाप्रबंधक ने मधुविहार कॉलोनी एवं जगजीवन स्टेडियम का किया निरीक्षण

### 32 करोड रुपए की लागत से जगजीवन स्टेडियम का किया जाएगा जीर्णोद्धार एवं विस्तारीकरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा दानापुर स्थित मधु विहार रेलवे कॉलोनी एवं जगजीवन स्टेडियम को निरीक्षण किया गया। इस क्रम में महाप्रबंधक ने रेलवे कॉलोनी में साफ-सफाई, रेलकर्मियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं आदि का जायजा लिया तथा कॉलोनी के साफ-सफाई से संतुष्ट दिखे। उन्होंने रेल आवासों में रह रहे रेलकर्मियों हेतु कम्यूनिटी हॉल के निर्माण, बच्चों के खेलकूद के लिए पार्क विकसित करने जैसे सुविधाओं को उपलब्ध कराने की दिशा में हर संभव कदम उठाने का निर्देश दिए। इस दौरान महाप्रबंधक ने जगजीवन स्टेडियम का 32 करोड़ की लागत से किये जाने वाले जीर्णोद्धार एवं विस्तीकरण के ड्राइंग का अवलोकन किया और अधिकारियों से चर्चा की। इस योजना के तहत स्टेडियम में हॉस्टल एवं पैविलयन इत्यादि का सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। महाप्रबंधक ने उपस्थित अधिकारियों को स्टेडियम निर्माण में गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित करने एवं यथाशीघ्र निर्माण हेतु निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने कहा कि जगजीवन स्टेडियम के जीर्णोद्धार एवं विस्तीकरण से रेलवे कर्मचारियों, उनके परिवारों एवं स्थानीय युवाओं को उत्कृष्ट खेल सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। स्टेडियम के निर्माण से खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। भारतीय रेल केवल यातायात सेवा ही नहीं, बल्कि सामाजिक एवं मानवीय विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है।

## 75 वें जन्मदिन पर मंगल पाण्डेय ने मुख्यमंत्री को दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 75 वें जन्मदिन पर हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने अपने बधाई संदेश में मुख्यमंत्री के स्वस्थ व सक्रिय जीवन की कामना की है। श्री पाण्डेय ने कहा है कि आज का बिहार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की देन है। सभी मानकों पर बिहार की चतुर्दिक विकास-यात्रा मुख्यमंत्री की दूरदृष्टि और सतत परिश्रम का नतीजा है। श्री पांडेय ने कहा है कि मुख्यमंत्री श्री कुमार ने पिछले दो दशकों से ज्यादा समय से बिहार की प्रगति व जनकल्याण के लिए निरंतर कार्य किया है। उनकी अगुआई में एनडीए की सरकार ने अपनी नीतियों व सर्वस्पर्शी विकास योजनाओं से करोड़ों बिहारवासियों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। ईश्वर उन्हें शतायु करें।

# स्किल क्रांति की शुरुआत: हाइटेक कोर्स के साथ युवाओं को नई उड़ान देगा कैरियर मिशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जंदाहा (वैशाली)।** वैशाली जिले के जंदाहा स्थित कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी ने नए शैक्षणिक सत्र के साथ कौशल आधारित शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक पहल करते हुए 250 से अधिक रोजगारपरक एवं हाईटेक कोर्स लॉन्च किए हैं। इन कोर्सों में नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है और विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। संस्थान के संस्थापक-सह-संचालक डॉ. आनंद रंजन झा ने बताया कि ये सभी पाठ्यक्रम दीप के अंतर्गत शुरू किए गए हैं। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में तकनीकी दक्षता ही सफलता की कुंजी है। संस्थान का उद्देश्य युवाओं को उद्योग-उन्मुख, व्यावहारिक एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाना है। प्रमुख पाठ्यक्रमों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई.), डेटा साइंस, डेटा एनालिटिक्स, पायथन, जावा, वेब डेवलपमेंट, एंड्रॉयड ऐप डेवलपमेंट, टैली प्राइम विद जीएसटी, एडवांस अकाउंटिंग, बैंकिंग एवं फाइनेंस, डिजिटल मार्केटिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग, वीडियो एडिटिंग तथा थ्री-डी मॉडलिंग शामिल हैं। इन कोर्सों की अवधि 30 घंटे से 480 घंटे तक निर्धारित की गई है जिन्हें इंडस्ट्री की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया गया है। संस्थान में अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब, हाई-स्पीड इंटरनेट, प्रोजेक्ट आधारित प्रशिक्षण प्रणाली एवं अनुभवी प्रशिक्षकों की टीम उपलब्ध है। विद्यार्थियों को कैरियर काउंसलिंग, इंटरव्यू प्रिपरेशन और रोजगार मार्गदर्शन की विशेष सुविधा भी प्रदान की जाएगी। विशेष पहल के तहत अब ऑनलाइन अध्ययन की भी व्यवस्था की गई है जिससे दूरदराज के छात्र-छात्राएं लाइव क्लास, रिकॉर्डेड लेक्चर और डिजिटल स्टडी मैटेरियल के माध्यम से घर बैठे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे।

## पटना में होली मिलन समारोह का आयोजन, रंग और गुलाल की मस्ती में डूबे लोग



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रियदर्शी नगर, बेली रोड स्थित संस्था प्रांगण में सर्वविद्या सरोज फाउंडेशन, बिहार की कला इकाई 'स्वरा आर्ट एंड कल्चर' द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने बिहार की समृद्ध संस्कृति और भारतीय परंपरा को जीवंत करती रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। आयोजन में अभिभावकों, स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों और कला प्रेमियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना (कथक, तीनताल) से हुआ। इसके बाद 'आज बिरज में होरी रे रसिया...' गीत पर आराध्या गुप्ता, अन्वेषा त्रिवेदी, स्वधा शाश्वत, रिधिशा रचित, त्वेशा रचित, ओजस्वी, वान्या और आराध्या श्रीवास्तव ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी। वहीं 'होली खेले रघुवीरा...' लोकनृत्य पर अपराजिता, एसुता श्री सहित अन्य छात्राओं ने ऐसा समां बांधा की दर्शक झूम उठे। गायन प्रस्तुतियों ने भी कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा। छात्रा आर्या कुमारी ने 'खेले मसाने में होली दिगंबर...', 'मृगनयनी को यार नवल रसिया' और रेखा कुमारी ने 'मोर चुनार में लग गयो दाग...' जैसे गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर खूब तालियां बटोरीं।

## डीएम की उपस्थिति में आइएचएम हाजीपुर में अंतरराष्ट्रीय आइटेक प्रशिक्षण संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट हाजीपुर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय आईटेक प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य समापन वैशाली की जिलाधिकारी वर्षा सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। 23 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक चले इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में भूटान के 50 सदस्यीय आतिथ्य पेशेवर प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया। समापन समारोह में जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने भूटानी प्रतिनिधियों के साथ आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए भारत और भूटान के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को और प्रगाढ़ करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल पेशेवर दक्षता को बढ़ाते हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी सशक्त बनाते हैं। डीएम वैशाली वर्षा सिंह ने वैशाली में प्राप्त भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की फ्रेमयुक्त तस्वीरें प्रतिनिधियों को भेंट कीं, जो दोनों देशों के बीच आध्यात्मिक जुड़ाव का प्रतीक है। साथ ही आईएचएम हाजीपुर की ओर से प्रतिनिधियों को ऐतिहासिक अशोक स्तंभ के स्मृति-चिन्ह प्रदान किए गए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वैशाली ऐतिहासिक, आध्यात्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है और भविष्य में वैशाली एवं भूटान के बीच पर्यटन तथा आतिथ्य क्षेत्र में सहयोग की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि आईएचएम हाजीपुर अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से वैशाली की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहा है। कार्यक्रम में आईएचएम हाजीपुर के प्राचार्य पुलक मंडल एवं विभागाध्यक्ष सह नोडल पदाधिकारी सुमित चटर्जी ने भी प्रशिक्षण के अनुभव साझा किए। भूटानी प्रतिनिधियों ने संस्थान की अधोसंरचना, आवासीय व्यवस्था, उच्चस्तरीय पाक-कला प्रशिक्षण तथा वैशाली एवं बोधगया के भ्रमण की प्रशंसा की।

## खाटूश्याम के भंडारे में 2 हजार लोगों ने किया प्रसाद ग्रहण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** श्री खाटू श्याम पधारो पटना धाम द्वारा प्रत्येक माह एकादशी द्वादशी के दिन आयोजन करते हुए आज देवी स्थान जहाजी कोठी के समीप विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 2200 से 2300 लोगों ने कचौड़ी, सब्जी, बुंदिया, रायता का प्रसाद ग्रहण किए। एम पी जैन ने बताया कि इस आयोजन को सफल बनाने में मुख्य संस्थापक कन्हैया अग्रवाल कन्नू, राजेन्द्र मित्तल, संजय भालोठिया, आनंद डालमिया, मुकेश हिसारिया, जितेन्द्र कुमार जीतू, संजय टेकरीवाल, गोपी मित्तल, नंदकिशोर अग्रवाल, पवन शर्मा, अनुज गुप्ता, सुनील कनोड़िया, केशव अग्रवाल, गोपी तुलस्यान, राजेश बजाज, सज्जन चौधरी, मोनू, विनय बजाज, शुभम सर्राफ, अजय शर्मा, रिषभ अग्रवाल, सतीश खेमानी, विनोद थीरानी, कमलेश कुमार सिंह सहित श्री श्याम मंडल, श्री श्याम सेवा ट्रस्ट, श्री खाटू श्याम सेना, एकादशी निशान पूजा समिति, श्री श्री बालाजी सुंदर कांड समिति के सभी सदस्यों की भागीदारी रही।

## सेवा संघ ने किया होली मिलन समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की चर्चित साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था मानस सेवा संघ द्वारा डॉक्टर प्रोफेसर सुरेंद्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन नाला रोड स्थित वंदना सभागार में किया गया जिसमें रंग अबीर एवं होली गीत गानों से एवं नृत्य से भरपूर मनोरंजन के साथ होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। संगीत कलाकार थे रवि रंजन, कृष्ण मोहन, शशि शेखर जिन्होंने होली आधारित गानों से मनोरंजन किया। उपस्थित दर्शकों में वरिष्ठ पत्रकार कलाकार विश्वमोहन चौधरी संत, इंजीनियर पूर्णानंद राजेश्वर यादव, कमलेश, प्रभाकर,पूर्व वार्ड पार्षद प्रदीप मेहता, गोरिया टोली निवासी मोहन यादव, डॉक्टर प्रोफेसर सुरेंद्र प्रसाद सिंह आदि प्रमुख थे।

# पटना में मैटकेयर अस्पताल का चिराग पासवान ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** मैटकेयर वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड ने पटना में 62 बिस्तरों वाले अत्याधुनिक मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य अस्पताल का शुभारंभ किया। यह अस्पताल एम्बीशन बिजनेस पार्क, चौथी मंजिल, बेली रोड, सगुना मोड़, मेट्रो पिलर संख्या 143 के पास स्थित है। यह केंद्र गर्भावस्था की देखभाल, सुरक्षित प्रसव, नवजात चिकित्सा तथा बच्चों की 14 वर्ष की आयु तक संपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराता है। अस्पताल का उद्घाटन भारत सरकार के केंद्रीय कैबिनेट मंत्री (खाद्य प्रसंस्करण उद्योग) चिराग पासवान द्वारा किया गया। समारोह में विधायक फुलवारी शरीफ श्याम रजक, विधायक रोसड़ा बीरेन्द्र कुमार, डीआईजी (लॉ एंड ऑर्डर) पटना आनंद कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर इंदिरा आईवीएफ के वरिष्ठ चिकित्सकों सहित मैटकेयर पटना के प्रमुख डॉ. दयानिधि कुमार, मैटकेयर के सीईओ डॉ. निखिल यादव, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. ममता कुमारी एवं डॉ. श्वेता शिल्पी, नवजात विशेषज्ञ डॉ. ज्योत्सना और डॉ. सोनू तथा एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. मृत्युंजय सहित पूरी टीम उपस्थित रही। मैटकेयर अस्पताल में उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था की निगरानी, सुरक्षित सामान्य एवं सर्जरी द्वारा प्रसव, आधुनिक ऑपरेशन थिएटर, सुसज्जित प्रसव कक्ष, लेवल-थ्री नवजात गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू), 24 घंटे आपातकालीन सेवा, अत्याधुनिक प्रयोगशाला, अस्पताल परिसर में दवा उपलब्धता तथा फिजियोथेरेपी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## आचार्य श्री 108 वसुनन्दी जी महाराज का पटना में भव्य मंगल प्रवेश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जैन संत परम पूज्य आचार्य श्री 108 वसुनन्दी जी महाराज ससंघ ने लगभग 2000 किलोमीटर की ऐतिहासिक पदयात्रा करते हुए पार्श्वनाथ जाने के रास्ते में कदमकुआं स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में मंगल प्रवेश किया। यह जानकारी देते हुए पटना जैन संघ के मीडिया सचिव एम पी जैन ने बताया कि वहां से मुनि महाराज कमलदह दिगम्बर जैन मंदिर होते हुए आगे के लिये बिहार किये। इससे पूर्व मुनि महाराज का अजमेर से 20 अप्रैल 2025 को प्रारंभ हुआ यह पावन विहार दिल्ली, हस्तिनापुर, बरेली, अहिक्षेत्र पार्श्वनाथ, बदायूं, एटा, फिरोजाबाद, कम्पिला, फर्रुखाबाद, गोंडा, अयोध्या, काकंदी, गोपालगंज, मोतिहारी, मुजफ्फरपुर, वैशाली, मिथिलापुरी होते हुए नेपाल तक पहुंचा। प्रत्येक स्थल पर आचार्य श्री ने धार्मिक क्रियाएं संपन्न कराईं और समाज को संयम, साधना एवं शुद्धाचार का संदेश दिया।

## संपादकीय

# शराब नीति केस से उठे नए कानूनी सवाल

आबकारी नीति से संबद्ध मामले में विशेष अदालत ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और अन्य इक्कीस लोगों को आरोपमुक्त कर दिया। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कामकाज के तरीके और जांच की पद्धति पर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। यह चिंता भी जताई जाती रही है कि आखिर इससे इन जांच एजंसियों की कैसी छवि बन रही है। मगर दिल्ली में शराब नीति से जुड़े कथित घोटाले के संबंध में विशेष अदालत का जो फैसला आया है, उससे फिर यह सवाल उठा है कि क्या ये एजंसियां किसी खास मंशा के तहत सोच-समझ कर नेताओं या अन्य लोगों के खिलाफ मामला उठाती हैं और क्या उनका बेजा इस्तेमाल हो रहा है।गौरतलब है कि आबकारी नीति से संबद्ध मामले में विशेष अदालत ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और अन्य इक्कीस लोगों को आरोपमुक्त कर दिया। विशेष अदालत में हुई सुनवाई के बाद यही सामने आया कि अभियोजन पक्ष ने आरोपियों के विरुद्ध जो भी आरोप लगाए थे, उसे साबित करने के लिए उनके पास कोई ठोस सबूत नहीं था। लापरवाही या हड़बड़ी का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि सीबीआइ ने अदालत में जो आरोपपत्र प्रस्तुत किए, उनमें न सिर्फ गंभीर खामियां थीं, बल्कि कई विरोधाभास भी थे।सवाल है कि देश की सबसे महत्त्वपूर्ण एजंसी इतने बड़े स्तर पर मामला उठाते हुए किसी आरोप पर किस तरह काम करती है, कैसे आरोपपत्र तैयार करती है कि उसे खारिज किए जाने का एक आधार उसमें विरोधाभास होना होता है। यह मामला वर्ष 2021-22 के दौरान दिल्ली आबकारी नीति से जुड़ा है, जिसका उद्देश्य राजस्व बढ़ाना और शराब के कारोबार में सुधार करना बताया गया था। हालांकि बाद में इसमें घोर अनियमितता के आरोप लगे और मामले की जांच सीबीआइ को सौंपी गई। इसके बाद ईडी और सीबीआइ की ओर से यह आरोप लगाया गया कि इस नीति के जरिए निजी कंपनियों को अनुचित फायदा पहुंचाया गया। इस आरोप में मनीष सिसोदिया और बाद में अरविंद केजरीवाल को भी गिरफ्तार किया गया था।सुनवाई के बाद अदालत ने पाया कि इस मामले में लगाए गए आरोपों के पक्ष में ठोस और विश्वसनीय सबूत नहीं थे। लिहाजा अदालत ने मामले को रद्द कर दिया और सभी तेईस आरोपियों को आरोपों से मुक्त कर दिया। अदालत की यह टिप्पणी सीबीआइ के लिए बेहद असुविधाजनक होनी चाहिए कि उसने केवल अनुमानों के आधार पर साजिश की कहानी गढ़ने की कोशिश की।

**देखा जाए तो यह 2017 के बाद पीएम मोदी की दूसरी इजरायल यात्रा 2026 में हुई, जो द्विपक्षीय व्यापार को कई अरब डॉलर तक ले जाने में सहायक सिद्ध हुई। जहां तक इस यात्रा के रणनीतिक महत्व की बात है तो यह यात्रा बढ़ते ईरान-अमेरिका तनाव और अमेरिकी नौसेना की तैनाती के बीच हुई, जो इजरायल को मजबूती प्रदान करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया इजरायल यात्रा भारत-इजरायल संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो वैश्विक भू-राजनीति में बदलते समीकरणों को दर्शाती है। यह यात्रा पश्चिम एशिया की अस्थिरता के बीच रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देती है। इस बार मोदी ने इजरायल संसद केनेसेट को संबोधित किया, जहां उन्होंने 7 अक्टूबर 2023 हमले के बाद भारत के इजरायल समर्थन की पुष्टि की और ईरान द्वारा शह प्राप्त हमास की मानवता द्रोही कार्रवाई की भर्त्सना की।**

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजरायल यात्रा के कूटनीतिक निहितार्थ

(कमलेश पांडे)

नेतन्याहू के साथ द्विपक्षीय वार्ता में रक्षा, व्यापार और आतंकवाद विरोधी सहयोग पर जोर दिया।देखा जाए तो यह 2017 के बाद पीएम मोदी की दूसरी इजरायल यात्रा 2026 में हुई, जो द्विपक्षीय व्यापार को कई अरब डॉलर तक ले जाने में सहायक सिद्ध हुई। जहां तक इस यात्रा के रणनीतिक महत्व की बात है तो यह यात्रा बढ़ते ईरान-अमेरिका तनाव और अमेरिकी नौसेना की तैनाती के बीच हुई, जो इजरायल को मजबूती प्रदान करती है। वहीं नेतन्याहू का प्रस्तावित हेक्सागन गठबंधन (भारत, इजरायल, ग्रीस, साइप्रस आदि) चीन-पाकिस्तान-तुर्की धुरी के विरुद्ध एक रणनीतिक संतुलन भी बनाता है। यह वैश्विक कूटनीति में नहले पर दहले की तरह समझा जा रहा है।

जिस तरह से भारत, इजरायल का सबसे बड़ा हथियार खरीदार बन चुका है, उससे दक्षिण एशिया और मध्य पूर्व की सुरक्षा का समीकरण प्रभावित होना स्वाभाविक है। इससे अमेरिका, चीन, रूस और यूरोपीय देशों को भी भारत की कूटनीतिक स्वायत्तता का एहसास हुआ है, जो भारत को एशिया की दूसरी और दुनिया की तीसरी-चौथी महत्वपूर्ण शक्ति बनाने की दिशा में सक्रिय है।

जहां तक इस यात्रा के आर्थिक आयामों की बात है तो दोनों देशों के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर सकारात्मक चर्चा हुई, जो दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकता है। खासकर आईएमईसी कॉरिडोर (भारत-मध्य पूर्व-यूरोप) पर यूएई के साथ त्रिपक्षीय सहयोग से वैश्विक व्यापार को एक नया आकार मिलने की संभावना है। वहीं कृषि, जल प्रबंधन और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में इजरायली विशेषज्ञता भारत के विकास को काफी बढ़ावा देगी।

शायद यही वजह है कि अरब जगत में खलबली मची है और इस्लामिक कट्टरता को हवा देने वाले पश्चिमी और पूर्वी देशों में बेचैनी भी। इस प्रकार की वैश्विक प्रतिक्रियाएं भी सामने आ रही हैं। जहां मोदी की इजरायल यात्रा से इस्लामी देशों की मीडिया में खलबली मची, क्योंकि यह इस्लामी उग्रवाद विरोधी एक्सिस का संकेत माना गया। वहीं फिलिस्तीन समर्थन बनाए रखते हुए अमेरिका को सिग्नल देते हुए भारत ने ग्लोबल साउथ में संतुलित भूमिका निभाई,।

वहीं इस यात्रा ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की वैश्विक छवि को मजबूत किया, जो गाजा संकट के बीच चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इस बात में कोई दो राय नहीं कि आए दिन बढ़ते वैश्विक इस्लामिक कट्टरता परस्त आतंकवाद, भीड़ हिंसा और लक्षित हमलों से भारत और इजरायल दोनों को खतरा है, इसलिए उनकी पारस्परिक और लाभप्रद एकजुटता भारत-इजरायल विरोधी देशों को चुभती रहती है। चूंकि भारत और इजरायल के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध 1992 में स्थापित हुए, जबकि भारत ने 1950 में ही इजरायल को मान्यता दी थी। खासकर मोदी सरकार के नेतृत्व में 2014 से द्विपक्षीय संबंध तेजी



से मजबूत हुए, जिसमें उच्च स्तरीय यात्राएं और रक्षा-सहयोग प्रमुख रहे। इससे द्विपक्षीय लाभ में वर्ष दर वर्ष बढ़ोतरी दृष्टिगोचर हुई। रक्षा और सुरक्षा सहयोग के मद्देनजर इजरायल भारत का प्रमुख रक्षा आपूर्तिकर्ता है, जो ड्रोन, मिसाइल और खुफिया प्रणालियां प्रदान करता है।

दोनों देश आतंकवाद विरोधी प्रयासों में एकजुट हैं, जो सीमा-पार खतरों से निपटने में सहायक सिद्ध होता है। जहां तक आर्थिक और तकनीकी साझेदारी की बात है तो व्यापार में भारत इजरायल का एशिया में दूसरा सबसे बड़ा साझेदार है, जिसमें कृषि, जल प्रबंधन, एआई और क्वांटम कंप्यूटिंग शामिल हैं। आई22 (भारत, इजरायल, यूएई, अमेरिका) और आईएमईसी जैसे मंच आर्थिक गलियारों को बढ़ावा देते हैं। भारत-इजरायल की दोस्ती से भू-राजनीतिक प्रभाव भी बढ़ा है। यह दोस्ती जहां चीन की मध्य पूर्व और दक्षिण एशिया में बढ़ती प्रभाव को संतुलित करने में मदद करती है। वहीं ईरान-प्रभावित क्षेत्रों में वैकल्पिक ध्रुव बनाकर स्थिरता सुनिश्चित होती है, जबकि भारत फिलिस्तीन समर्थन बनाए रखता है। इससे वैश्विक मंचों पर भी सामंजस्य बढ़ा है। खासकर संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर दोनों आतंकवाद-विरोध और सुधारों पर सहमत हैं। 2026 में संयुक्त कार्ययोजना से कूटनीति, साइबर और संस्कृति में सहयोग बढ़ेगा। यह भारत की रणनीतिक स्वायत्तता को मजबूत करता है।

भारत-इजरायल संबंधों को आई22 गठबंधन ने नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। यह समूह (भारत, इजरायल, यूएई, अमेरिका) दोनों देशों के बीच सहयोग को बहुपक्षीय रूप प्रदान करता है। आई22 ने जल, ऊर्जा, परिवहन, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा जैसे छह क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा दिया है। भारत और इजरायल के बीच तकनीकी साझेदारी, जैसे सौर ऊर्जा परियोजनाएं और खाद्य पार्क, इसी से मजबूत हुई।

जहां तक अब्राहम समझौते के लाभ की बात है तो अब्राहम समझौते के बाद यूएई-इजरायल संबंध सामान्य होने से भारत बिना फिलिस्तीन संबंधों को नुकसान पहुंचाए इजरायल से गहरा जुड़ाव बना पाया। इससे भारत की पश्चिम एशिया नीति में संतुलन आया। भू-राजनीतिक मजबूती मिली। यह गठबंधन चीन के मध्य पूर्व प्रभाव को काउंटर करता है, जबकि भारत-इजरायल रक्षा और साइबर सहयोग बढ़ा। आई22 ने आईएमईसी जैसे कॉरिडोर को सपोर्ट किया, जो भारत की कनेक्टिविटी रणनीति को मजबूत करता है।

अतीत की बात करें तो मोदी की 2017 इजरायल यात्रा ने भारत-इजरायल संबंधों को ऐतिहासिक मोड़ दिया। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा थी, जिसने द्विपक्षीय सहयोग को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा प्रदान किया। इससे रक्षा सहयोग में उछाल आया। यात्रा के दौरान रक्षा समझौतों पर जोर दिया गया, जिसमें मिसाइल प्रणाली और ड्रोन तकनीक शामिल थी। नेतन्याहू के साथ मोदी की साझा सड़क यात्रा ने आतंकवाद-विरोधी एकजुटता को मजबूत किया। वहीं कृषि और जल प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस परियोजनाओं का विस्तार हुआ, जो भारत के किसानों को ड्रिप इरिगेशन जैसी तकनीक प्रदान करती हैं। इनसे द्विपक्षीय व्यापार 5 बिलियन से अधिक पहुंचा। वहीं नवाचार और स्टार्टअप सेतु इनोवेशन ब्रिज पहल ने स्टार्टअप्स और साइबर सुरक्षा में सहयोग बढ़ाया। यात्रा ने आई22 जैसे बहुपक्षीय मंचों की नींव रखी, जो अब्राहम समझौते से जुड़े। यह भारत की पश्चिम एशिया नीति को संतुलित बनाती है। खासकर मोदी की पिछली इजरायल यात्रा के दौरान सात प्रमुख समझौते हस्ताक्षरित हुए, जिन्होंने द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत आधार प्रदान किया। ये समझौते मुख्यतः कृषि, जल प्रबंधन, अंतरिक्ष और अनुसंधान पर केंद्रित थे। जल और कृषि क्षेत्र में गंगा सफाई, जल संरक्षण तथा स्वच्छता कार्यक्रमों के लिए यूपी जल निगम और इजरायल ऊर्जा-जल विभाग के बीच करार हुआ। कृषि विकास कार्यक्रम तथा ड्रिप इरिगेशन जैसी तकनीकों पर तीन वर्षीय कार्ययोजना बनी। वहीं, अंतरिक्ष एवं नवाचार सहयोग से छोटे सैटेलाइट्स, परमाणु घड़ी निर्माण तथा जियो-लियो ऑप्टिकल लिंक पर तीन समझौते हुए। अनुसंधान एवं नवोन्मेष के लिए 260 करोड़ रुपये का साझा फंड स्थापित किया गया। वहीं अतिरिक्त घोषणाएं जैसे यात्रा में प्रत्यक्ष एमओयू के अलावा ओसीआई कार्ड, सांस्कृतिक केंद्र तथा तेल अवीव-दिल्ली फ्लाइट सेवाओं की घोषणा हुई। ये कदम रक्षा उत्पादन तथा आतंकवाद-विरोधी सहयोग को भी बढ़ावा देते हैं।

सैटेलाइट्स तथा जियो-लियो लिंक से इसरो की क्षमता मजबूत हुई, जिससे कृषि निगरानी और आपदा प्रबंधन बेहतर हुआ। जबकि 260 करोड़ के संयुक्त फंड ने 100+ स्टार्टअप्स को सहायता प्रदान की। इनसे द्विपक्षीय व्यापार .10 बिलियन तक पहुंचा तथा आत्मनिर्भर भारत को प्रेरणा मिली। रक्षा-सहयोग में भी अप्रत्यक्ष लाभ हुआ, जो आतंकवाद-विरोधी प्रयासों को मजबूत करता है। लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# ईरान से भारत क्या खरीदता है, क्या बेचता है, इजरायली हमले से कितना असर पड़ेगा

(अमित शुक्ला)

मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ गया है। ईरान पर अमेरिका के समर्थन के साथ इजरायल के हमलों के बाद ऐसा हुआ है। चूंकि भारत और ईरान के बीच द्विपक्षीय व?यापार बहुत ज?यादा नहीं है। लिहाजा, मौजूदा तनाव का सीधे तौर पर दोनों देशों के बीच कॉमर्स पर ज?यादा असर नहीं होगा। दूसरे श?दों में कहें तो भारत की इकोनॉमी पर इसका कोई खास असर नहीं होगा। भारत और ईरान के बीच ज?यादातर व?यापार दवाओं और फलों तक सीमित है। 2024-25 में ईरान के साथ भारत का बाइलेटरल ट्रेड 1.68 अरब डॉलर था। यह 2018-19 के 17.03 अरब डॉलर से बहुत कम है। 1.68 अरब डॉलर का आंकड़ा 2024-25 में भारत के कुल बाइलेटरल ट्रेड यानी 1.74 ट्रिलियन डॉलर का 0.01 फीसदी है।

अमेरिकी रा?ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कन्फर्म किया कि अमेरिका ने ईरान के खिलाफ एक मिलिट्री कैंपेन शुरू किया है। उन्होंने इस ऑपरेशन को बहुत बड़ा और लगातार चलने वाला बताया। इसका मकसद ईरानी शासन से आने वाले खतरों को बेअसर करना बताया। 2024-25 में ईरान के साथ भारत का बाइलेटरल ट्रेड 1.68 अरब डॉलर था, जो 2018-19 के 17.03 अरब डॉलर से बहुत कम है।

2024-25 में 1.68 अरब डॉलर का आंकड़ा भारत के कुल बाइलेटरल ट्रेड 1.74 ट्रिलियन डॉलर का 0.01 फीसदी है। इस तेज गिरावट का मुख्य कारण पिछले पांच सालों में ईरान से कच्चे तेल के इम्पोर्ट में अमेरिकी बैन की वजह से आई कमी है। सही कहें तो 2024-25 में ईरान से भारत का इम्पोर्ट 0.44 अरब डॉलर था, जबकि मिडिल ईस्ट के देश को एक्सपोर्ट 1.24 अरब डॉलर था।

ईरान को भारत के मुख्य एक्सपोर्ट में बासमती चावल, चाय, चीनी, ताजे फल और दवाएं/फार्मास्यूटिकल्स शामिल हैं। वहीं, ईरान से भारत को होने वाले मुख्य एक्सपोर्ट में सेब, पिस्ता, खजूर और कीवी शामिल हैं। हालांकि, मौजूदा तनाव इजरायल के साथ व्यापार पर असर डाल सकते हैं। इसके साथ भारत का व्यापार लगातार बढ़ रहा है।

पिछले दस सालों में इजरायल को भारत का एक्सपोर्ट 21 फीसदी बढ़ा है। इसकी मुख्य वजह डिफेंस और हाई-टेक्नोलॉजी इक्विपमेंट शिपमेंट में बढ़ोतरी है।

भारत का इजरायल से हथियारों और गोला-बारूद का इम्पोर्ट लगभग 100 गुना बढ़ गया है। यह वित्त वर्ष 2012-13 में लगभग 10 लाख डॉलर था। तब से यह बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 10.4 करोड़ डॉलर हो गया है। एयरक्राफ्ट, स्पेसक्राफ्ट और उनसे जुड़े पार्ट्स का इम्पोर्ट भी तेजी से बढ़ा है। यह इस दौरान 3.18 करोड़ डॉलर से बढ़कर 19.3 करोड़ डॉलर हो गया है। यह कुल मिलाकर व्यापार की मात्रा स्थिर रहने के बावजूद गहरे स्ट्रैटेजिक सहयोग का संकेत देता है।

दोतरफा संबंधों के अलावा बड़ी क्षेत्रीय अस्थिरता ग्लोबल शिपिंग के लिए जोखिम पैदा करती है। एशिया और यूरोप को जोड़ने वाले एक जरूरी रास्ते रेड सी कॉरिडोर में रुकावट से माल ढुलाई और इंश्योरेंस की लागत बढ़ने की उम्मीद है। ज?यादा लॉजिस्टिक्स लागत पश्चिमी बाजारों में भारत के एक्सपोर्ट को कम कर सकती है। इम्पोर्ट बिल बढ़ा सकती है। यह बात खास तौर से एनर्जी और इंटरमीडिएट सामानों पर लागू होता है। एनालिस्ट के मुताबिक, हमले के बाद भारत की तेल सप्लाई में रुकावट का खतरा फिर से बढ़ गया है। इससे होर्मुज स्ट्रेट में रुकावट आ सकती है, जो भारत के कच्चे तेल के इंपोर्ट के लिए अहम रास्ता है। उनका कहना है कि होर्मुज स्ट्रेट पर रोक लगने से भारत के महीने के कुल इंपोर्ट का 50 प्रतिशत तक प्रभावित होगा।

# विरोध के मंच और तरीके से कांग्रेस की साख पर सवाल

(उमेश चतुर्वेदी)

**संसद से लेकर सड़क तक ज्यादातर मुद्दों पर भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ कांग्रेस का साथ देने वाले ज्यादातर विपक्षी दलों को भी युवा कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन नहीं रूचा है। ज्यादातर विपक्षी दलों ने इस प्रदर्शन को अनुचित बताया है। अखिलेश यादव ने शायद सबसे गंभीर बात कही है। विरोध और मतभिन्नता लोकतंत्र का आभूषण होता है। लेकिन विरोध का तरीका क्या हो या फिर किस जगह पर हो, इसकी समझ होनी चाहिए। कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है। स्वाधीनता आंदोलन के साथ-साथ इतिहास के हर आगे बढ़ते पग के साथ कांग्रेस आगे बढ़ती रही है। विरोधी आंदोलन चलाने का स्वाधीनता के पहले उसका लंबा इतिहास रहा।**

आजादी के बाद सबसे ज्यादा वक्त शासन का अनुभव भी उसी के पास है। इस वजह से उससे लोकतांत्रिक विरोध के तरीकों और विरोध के लिए चुने जाने वाले मंचों को लेकर विशेष उम्मीद रखना बेमानी नहीं है। शायद यही वजह है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन में उसकी ओर से किए गए विरोध प्रदर्शनों को राष्ट्रीय समर्थन मिलता नहीं दिख रहा। पूर्व पत्रकार पवन खेड़ा जैसा प्रवक्ता 20 फरवरी के विरोध प्रदर्शन को चाहे जितना भी वाजिब ठहरा रहा हो, कांग्रेस की इस विरोध प्रदर्शन के लिए किरकिरी ही हो रही है।

संसद से लेकर सड़क तक ज्यादातर मुद्दों पर भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ कांग्रेस का साथ देने वाले ज्यादातर विपक्षी दलों को भी युवा कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन नहीं रूचा है। ज्यादातर विपक्षी दलों ने इस प्रदर्शन को अनुचित बताया है। अखिलेश यादव ने शायद सबसे गंभीर बात कही है। उन्होंने कहा है कि राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन वैश्विक मंच पर ऐसा विरोध प्रदर्शन उचित नहीं था। अखिलेश यहीं तक नहीं रूके, उन्होंने कांग्रेस को एक तरह से नसीहत देते हुए कहा कि देश को विदेशी प्रतिनिधियों के सामने शर्मिंदा करने से बचना चाहिए। कांग्रेस के साथ हर मुमकिन मौके पर गलबहियां डालकर चलने वाले राष्ट्रीय जनता दल के राज्यसभा सदस्य मनोज झा ने भी एक तरह से कांग्रेस को उपदेश ही दिया है। मनोज झा का कहना है कि शिकायतें हो सकती हैं, लेकिन विरोध का तरीका बेहतर हो सकता है।

ऐसा नहीं कि भारतीय लोकतंत्र में विरोध की परंपरा नहीं रही है। भारतीय राजनीति के चिर विद्रोही कहे जाने वाले लोहिया ने विरोध करने का जो मुहावरा दिया, वह भारतीय राजनीति का सर्वस्वीकार्य रहा है। उन्होंने संसद से सड़क तक विरोध का तरीका बताया। लोहियावादी विरोध कई मायनों में आक्रामक ही कहा जाएगा। लेकिन विरोध कब और कहां किया जाना चाहिए, उसकी जगह क्या होनी चाहिए, इसे लेकर भी भारतीय राजनीति में आमराय रही है। विरोध के मंच ऐसे नहीं होने चाहिए, जिससे भारत की एक राष्ट्र के रूप में वैश्विक शर्मिंदगी उठानी पड़े। इस सूत्र वाक्य को भारतीय राजनीति अपनाती रही है। लेकिन नई दिल्ली के भारत मंडपम में बीस फरवरी को युवा कांग्रेस की ओर से किया गया विरोध प्रदर्शन इस सूत्र वाक्य का एक तरह से उल्लंघन ही माना जाएगा। शायद यही वजह है कि कांग्रेस के समर्थक और साथी दल इसकी आलोचना कर रहे हैं या फिर कांग्रेस को नसीहत दे रहे हैं।

जिस इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन के मंच का इस्तेमाल युवा कांग्रेस ने नरेंद्र मोदी के विरोध के लिए किया, उसमें दुनिया भर के 118 देशों के सरकारी प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। 16 फरवरी से 21 फरवरी तक चले इस सम्मेलन में 22 देशों के शासनाध्यक्षों और मंत्री स्तर के 59 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन के बाद जो नई दिल्ली घोषणापत्र जारी किया गया, उस पर 88 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने हस्ताक्षर करके अपनी सहमति जताई है। जिसमें अमेरिका, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस जैसे प्रमुख देशों की भी भागीदारी है। इस सम्मेलन में 100 से अधिक वैश्विक स्तर के एआई नेता और 500 से अधिक स्टार्टअप्स ने भी शिरकत की। इस सम्मेलन की महत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस के घोषणा पत्र में अमेरिका और ब्रिटेन ने भी हस्ताक्षर किए हैं। इससे पहले पेरिस में हुए एआई वैश्विक सम्मेलन के बाद जारी घोषणा पत्र में अमेरिका और ब्रिटेन ने हस्ताक्षर नहीं किया था। जबकि पूरी दुनिया जानती है कि वैश्विक मामलों में फ्रांस, अमेरिका और ब्रिटेन एक ही खेमे के देश हैं। जाहिर है कि ऐसे मंच का महज प्रधानमंत्री के विरोध के लिए इस्तेमाल करना सही कदम नहीं माना जाएगा।

भले ही इस विरोध प्रदर्शन को मायावती भी अनुचित बता चुकी हों, वाईएसआर कांग्रेस के नेता जगनमोहन रेड्डी गलत बता चुके हों, फिर भी कांग्रेस द्वारा इसे वाजिब ठहराया जाना साबित करता है कि पार्टी के केंद्रीय ढांचे में उचित-अनुचित का भेद करने वाली शख्सियतों की कमी हो गई है। कांग्रेस के इस विरोध प्रदर्शन को विपक्षी



खेमे में ही उसकी सत्ता से दूरी से उपजी हताशा को माना जा रहा है। लेकिन विपक्षी खेमा इसके लिए कांग्रेस के नेतृत्व को ही जिम्मेदार ठहराता है। कांग्रेस के कुछ अंदरूनी नेता भी मानते हैं कि राहुल गांधी की अगुआई वाली कांग्रेस के केंद्रीय घेरे में दूरगामी सोच वाले नेताओं की बहुत कमी हो गई है। इसलिए पार्टी में एकाधिकारवादी और बेपरवाह सोच हावी होती गई है। विपक्षी खेमे के साथ ही पार्टी के कुछ लोग मानते हैं कि अगर पिछले आम चुनाव से पहले नीतीश कुमार को राहुल की अगुआई वाली कांग्रेस ने अपना नेता मान लिया होता या फिर इंडिया गठबंधन का संयोजक स्वीकार कर लिया होता तो संभवतः देश का इतिहास कुछ और होता। इसकी वजह यह है कि नरेंद्र मोदी के बरक्स नीतीश कुमार ही ऐसे नेता हैं, जिनकी राष्ट्रव्यापी एक छवि है। नीतीश के पास बिहार के अतिरिक्त देश के दूसरे इलाके में जमीनी नेतृत्व और संगठन नहीं है। लेकिन उनकी पहचान पूरे देश में है और उनकी छवि भी विपक्षी खेमे के दूसरे नेताओं की तुलना में कहीं ज्यादा पाक-साफ है। मौजूदा कांग्रेस की कमी यह है कि वह अगले पल उठाए जाने वाले अपने हर कदम के परिणामों का आकलन राहुल गांधी की राजनिक सेहत के लिहाज से करती है। कांग्रेसी आलानेतृत्व की सलाहकार मंडली नहीं चाहती कि विपक्ष में ऐसी कोई शख्सियत उभरे, जिससे राहुल की प्रासंगिकता कमजोर हो। मोदी के बरक्स लड़ाई में वह दूसरे किसी विपक्षी नेता को उभरते हुए नहीं देख सकती। मोदी विरोध में कदम उठाते वक्त वह भूल जाती है कि उन कदमों का राजनीतिक हासिल क्या होगा? फिर राहुल समर्थक मंडली उन्हें मोदी के बरक्स सिर्फ नैरेटिव केंद्रित राजनीति की ही सलाह देती है। इन वजहों से राहुल का विरोध भी देश को उनकी तरफ आकर्षित करने का माध्यम नहीं बन पा रहा है।

भारत मंडपम् में पूरे पांच दिन चले कार्यक्रम के चलते समूची दिल्ली ट्रैफिक जाम से हलकान रही। इसका असर गुड़गांव और नोएडा के ट्रैफिक पर भी पड़ा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की कल्पनाहीनता से ट्रैफिक में फंसकर दिल्ली तकरीबन पूरे पांचों दिन हांफती रही। इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन का ध्येय वाक्य 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' को भी लोग कोसते दिखे। कहने का मतलब यह है कि इस सम्मेलन की अहमियत के बावजूद इससे एक बड़ा तबका हलकान रहा। अव्वल तो ऐसे माहौल में कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को समर्थन मिलना चाहिए था, लेकिन ऐसा होता एकदम नहीं दिखा। कांग्रेस हालांकि दावा करती है कि देश अब मौजूदा सरकार से नाराज है। अगर उसके ही दावों को सच मान लें तो होना तो यह चाहिए था कि कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को देश हाथोंहाथ ले। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसकी वजह यह है कि कांग्रेस आलानेतृत्व के कदम आम लोगों में भरोसा पैदा नहीं कर पाए हैं। कांग्रेस की केंद्रीय सलाहकार मंडली की सलाहें जनता के दिलों में मोदी विरोधी हिलोरें पैदा नहीं कर पा रही हैं, तो इसकी वजह यही है कि पार्टी के विरोध करने के शऊर, मुददे और मंच सही नहीं हैं। इसी वजह से उनकी साख नहीं बन पा रही है। सबसे पुरानी पार्टी होने के नाते कांग्रेस को पता है कि राजनीति में साख का क्या महत्व होता है। लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## संक्षिप्त समाचार

### मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन

**डंडखोरा/कटिहार (नबिटासं)।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पुलिस सप्ताह का प्रखंड में सफल आयोजन किया गया।इस दौरान डंडखोरा पुलिस की ओर से स्वच्छता अभियान,अफवाहों के प्रति आमजनों को जागरुक करने जैसी अन्य गतिविधियां संचालित की गई।सप्ताह का समापन पुलिस एकादश एवं ग्रामीण एकादश के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन कर हुआ। डुमरिया स्टेडियम के मैदान पर आयोजित मैच 12-12 ओवर का खेला गया।पुलिस एकादश टीम के कप्तान एसआई रीतेश कुमार ने टॉस जीत कर बल्लेबाजी का निर्णय लिया।टीम ने तौहीद एवं रमन मिश्रा के धुंआधार प्रदर्शन के बल पर 12 ओवर में 134 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया।जबकि स्कोर का पीछा करने उतरी मजे खिलाड़ियों से सजी टीम मात्र 100 रन हीं बना पाई।सभी क्षेत्रों में बेहतरीन कौशल प्रदर्शन के आधार पर दर्शकों ने रमन कुमार को मैन ऑफ द् मैच चुना। एसआई सुनिता कुमारी एवं वरिष्ठ पत्रकार टंकनाथ झा ने संयुक्त रुप से विजेता, उपविजेता एवं मैन ऑफ द् मैच का पुरस्कार प्रदान किया।थानाध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि पुलिस सप्ताह के दौरान पुलिस पब्लिक फ्रेंडली बनाने को लेकर ऐसे गतिविधियां का आयोजन किया जाता है।जिससे पुलिस का आमजनों के साथ मेलजोल बढे।अंपायर की भूमिकाप्रियेश मिश्रा एवं मो.आसिफ ने निभाई तो वहीं शिक्षक निरंजन सिंह एवं रुपेश कुमार ने अपनी जादुई आवाज में खेल का आँखों देखा हाल सुनाकर सैकड़ों लोगों को स्टेडियम पहुंचने पर बाध्य कर दिया।पुलिस एकादश टीम में एसआई अरबिंद कुमार, एएसआई धीरेन्द्र कुमार,सुमन कुमार, राहुल कुमार,संजीत कुमार सहित चिरंजीवी कुमार,अमन कुमार,अमर कुमार,जयहरि कुमार सहित अन्य पुलिस बल शामिल रहे।




### दिव्यांग साथियों की 'रंगीन' टोली गुलाल और खुशियों के साथ मनाई होली

**कटिहार (नबिटासं)।** होली का खुमार अब कटिहार की गलियों में दिखने लगा है। शहर के यज्ञशाला मैदान शिव मंदिर चौक में कोशी, क्षेत्रीय, विकलांग, विधवा, वृद्ध, कल्याण, समिति और दिव्यांग महापरिवार ने एक होली मिलन समारोह का आयोजन किया। बिहार राज्य सलाहकार बोर्ड के सदस्य शिव शंकर रमानी की अगुवाई में जुटे दिव्यांग साथियों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर आने वाले त्योहार की बधाई दी। माहौल इतना खुशनुमा था कि मंदिर का प्रांगण हंसी और ठहाकों से गूंज उठा। इस आयोजन ने दिखा दिया कि त्योहार का असली रंग अपनों के साथ मिलकर ही चढ़ता है।कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के कई साथियों ने अपनी भूमिका निभाई। मौके पर संस्था के न्यायिक सलाहकार राजेश कुमार केसरी, मीडिया प्रभारी विजय कुमार चंद्रवंशी, डेजी सिंह, जूली शर्मा,रवि कुमार दास,राजीव कुमार सिंह, मोनिका कुमारी,मनोज साह, शंकर साह जैसे कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की जिला कमेटी गठित

**कटिहार (नबिटासं)।** भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नीरज कुमार आजाद ने जिला कमेटी की घोषणा की है। जिसमें दो सह संयोजक, 19 कार्य समिति सदस्य सहित 21 लोगों की समिति गठित की गयी है। इस अवसर पर श्री आजाद ने बताया कि कमिटी व्यापारियों के हित का संरक्षण,भारतीय जनता पार्टी के नीतियों को व्यापारियों तक एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यापारियों के हित में किए गए कार्यों को व्यापार प्रकोष्ठ के माध्यम से व्यापारियों तक पहुंचाया जाएगा। कहा कि बिहार में पुनः डबल ईंजन एनडीए सरकार बनने से व्यापारियों में संतोष है। निर्भीक वातावरण में व्यापार हो रहा है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार राय,जिला महामंत्री रामनाथ पांडे, गोविंद अधिकारी, भारतीय जनता पार्टी के कटिहार सदर के विधायक पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, प्राणपुर की विधायक निशा सिंह,कोढ़ा की विधायक कविता पासवान सहित पूर्व सांसद निखिल कुमार चौधरी, पूर्व एमएलसी राजवंशी सिंह, वीरेंद्र यादव,बबन झा, प्रमोद महतो, पवन साह, मनोज सरकार,शिव शंकर सरकार संतोष सिंह, भारत निर्माण मंच के संस्थापक अध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता, सुनीता देवी सहित लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।



### नगर क्षेत्र में लोगों को शीतल जल के लिए खुला वाटर एटीएम

**मनिहारी /कटिहार (नबिटासं)।** - नगर पंचायत मनिहारी जन सुविधाओं के प्रति सजग संवेदनशील है। नगर कार्यपालक पदाधिकारी अरविंद पासवान ने दूरदर्शिता का परिचय देते हुए आनेवाले गर्मी के मौसम में आमजन को शीतल पेयजल मुफ्त मे उपलब्ध कराने को लेकर प्रभावी कदम उठाये हैं। श्री पासवान ने जानकारी दी कि नगर क्षेत्र के चार अलग अलग चिन्हित जगहों पर वाटर एटीएम की स्थापना की जा रही है। इनमें महर्षि मेंही आश्रम के पास,रेलवे परिसर स्थित शिवसेना मंदिर के पास, मनिहारी गंगाटट स्थित मुख्य घाट और नगर पंचायत कार्यालय परिसर शामिल हैं। इसने नगर पंचायत स्थित वाटर एटीएम क्रियाशील है। जहां से आमजन निःशुल्क शीतल पेय जल से अपनी प्यास बुझा सकते हैं। इन वाटर एटीएम से लोग निःशुल्क शीतल पेय जल प्राप्त कर सकते हैं। नगर मुख्य पार्षद लाखो यादव ने कहा कि नगर वासियों ने उन जो भरोसा जताया है हम उनकी भरोसे को टूटने नहीं देंगें। शहर के व्यवस्थित विकास, सौन्दर्यीकरण, स्वच्छ, निर्मल और आधुनिक जन सुविधाओं के विकास में अपना बेहतर प्रदर्शन करेगें। नगरवासियों की सेवा ही उनकी पूंजी है।



# नाबालिग की गला रेतकर हत्या, फैली सनसनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढ़ा (कटिहार)।** थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी गई। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई है तथा परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।जानकारी के अनुसार रविवार सुबह ग्रामीणों को गांव में एक नाबालिग लड़की का शव संदिग्ध अवस्था में मिला। शव पर गला रेतने के स्पष्ट निशान पाए गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

वहीं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर टु रंजन कुमार सिंह ने बताया कि हत्या के कारणों का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने महज कुछ ही घंटों में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी भी नाबालिक है। साथ ही हत्या में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया गया है।घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने दोषी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से आगे की जांच जारी है।



# जिला मजदूर संघ का किया गया विस्तार : विकास सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** शहर के श्रम कल्याण केंद्र के प्रांगण में कटिहार मजदूर संघ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष विकास सिंह ने की। बैठक में सब सर्वसम्मति से हाथ उठाकर प्रस्ताव पारित किया। सर्वप्रथम संघ का विस्तार करते हुए जिला स्तर पर संगठन का विस्तार किया गया। नई कमेटी में महामंत्री प्रकाश कुमार महतो, कार्यकारी अध्यक्ष रामचंद्र सिंह, उपाध्यक्ष दिवाकर चौधरी, हरेंद्र मिश्रा, लालमोहन सिंह,पूरन महतो, अखिलेश यादव, संजय चौधरी, ममता सिंह, उत्तम कुमार ठाकुर, शंकर सिंह, मोहनलाल सिंह जबकि कोषाध्यक्ष अमरनाथ शर्मा संयुक्त महामंत्री के रूप में प्रभु नाथ दुबे, बेचन सिंह, नारद झा मोहम्मद शोएब, श्याम केवट अजीत सिंह बनाए गए। जिले के प्रखंड अध्यक्ष के रूप में सदर प्रखंड अध्यक्ष श्रीमती सुनीता शर्मा, हसनगंज प्रखंड चंदन कुमार मंडल, कदवा प्रखंड सविता देवी, आजमनगर प्रखंड यशवंत कुमार पंडित, बारसोई प्रखंड मोहम्मद रफीक, बलरामपुर प्रखंड विमल कुमार, सिंह, प्राणपुर प्रखंड गोपाल पासवान, मनिहारी प्रखंड जयप्रकाश यादव, अमदाबाद प्रखंड उत्तम ठाकुर, कुरसेला प्रखंड अवधेश राम, कोढ़ा प्रखंड सुमित कुमार, मनसाही प्रखंड रवि कुमार मंडल, समेली प्रखंड संतोष कुमार मंडल सहित कार्यकारिणी में 21 सदस्यों को शामिल किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष विकास सिंह ने बताया कि पूरे जिले के श्रमिकों के हक और हकुक को लेकर लड़ाई लड़ी जाएगी। श्री सिंह ने बताया कि श्रमिकों कर्मचारियों को बिहार सरकार की न्यूनतम मजदूरी, कर्मचारी राज बीमा निगम का लाभ,भविष्य निधि का लाभ सत प्रतिशत दिलाया जाएगा। अध्यक्ष विकास सिंह ने बताया कि सन बायो मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड पुराना जूट मिल के निदेशक कोलकाता के उद्योगपति 2001 में बिहार सरकार से मिल चलाने को लिया।

लेकिन आज तक सही ढंग से कभी भी मिल में श्रमिकों को वेतन, ईएसआईसी, इपीएफ, ग्रेच्युटी, पेंशन का लाभ आज तक नहीं मिला है। श्री सिंह ने बिहार सरकार के मुखिया नीतीश कुमार उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल जी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से अनुरोध करते हुए कहा कि जब सन बायो के निदेशक मिल चलाना नहीं चाहते हैं। मिल को जोग रहे हैं तो ऐसी स्थिति में बिहार सरकार स्पष्ट रूप से निदेशक से मिल वापस कर बिहार के किसी बड़े उद्योगपति को मिल चलाने को दे दे। जिससे हजारों मजदूरों को रोजगार की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।



# शराब पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समेली (कटिहार)।** जिला के पोठिया थाना क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। थाना क्षेत्र के ग्राम टीकापट्टी में छापेमारी के दौरान पुलिस ने करीब 1500 लीटर अर्धनिर्मित देसी चुलाई शराब मावा, कड़ी को जब्त कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने रविवार की सुबह टीकापट्टी गांव में छापेमारी की।

इस दौरान अवैध रूप से तैयार की जा रही देसी शराब का भंडार बरामद हुआ। पुलिस ने न सिर्फ बड़ी मात्रा में अर्धनिर्मित शराब को नष्ट किया। बल्कि शराब बनाने में इस्तेमाल हो रहे कई भट्ठियों व उपकरणों को भी ध्वस्त कर दिया। छापेमारी अभियान में अपर थानाध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण और तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा।स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है। प्रशासन का कहना है कि अवैध शराब से जुड़े लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## सुशील कुमार शर्मा बने रेल थानाध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** रेल थाना में प्रशासनिक फेरबदल के तहत नए थानाध्यक्ष के रूप में सुशील कुमार शर्मा ने पदभार ग्रहण किया। वहीं पूर्व रेल थाना प्रभारी मो.अलाउद्दीन को खगड़िया रेल थाना का नया प्रभारी बनाया गया है।नवनियुक्त रेल थाना प्रभारी श्री शर्मा अनुभवी एवं कर्मठ पदाधिकारी माने जाते हैं। वे इससे पूर्व बेगूसराय में पदस्थापित थे और अपने कार्यकाल के दौरान बेहतर विधि-व्यवस्था संचालन के लिए जाने जाते रहे हैं। उनके पदभार ग्रहण करने से रेल थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने की उम्मीद जताई जा रही है। इधर पूर्व रेल थाना प्रभारी मो. अलाउद्दीन का कार्यकाल कटिहार में काफी सराहनीय रहा। उनके नेतृत्व में रेल थाना क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां दर्ज की गईं।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म मामले में शिक्षक को 15 वर्ष की सजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार कोर्ट ।** जिला व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश छह सह पास्को अधिनियम के विशेष न्यायाधीश तेज प्रताप सिंह ने नाबालिक के साथ दुष्कर्म का दोषी पाते हुए बरारी थाना अंतर्गत सेमापुर निवासी शाहिद सावरिया उर्फ शाहिद आलम को पन्द्रह वर्ष सश्रम कारावास व पच्चीस हजार अर्थदंड देने का आदेश दिया है। इस वाद में अभियोजन की ओर से पास्को अधिनियम की विशेष लोक अभियोजक जयप्रकाश सिंह थे। जिन्होंने बताया कि इस मामले में ग्यारह गवाहों की गवाही हुई है। न्यायाधीश श्री सिंह ने प्रतिकर के रूप में चार लाख रुपए देने का आदेश पीड़िता को दिया है। घटना को लेकर संबंधित थाने में नाबालिक के द्वारा मामला दर्ज कराते हुए कहा गया थी कि आरोपित अपने घर बका चौक सेमापुर पर ही कोचिंग चलाता था। पढ़ने के दौरान शिक्षक शाहिद से हल्का लगाव हो गया था। शाहिद के बार-बार कहने पर वह अपने दोस्त के साथ कटिहार रहकर पढ़ने गई थी। डेरा भी शरीफ गंज में शाहिद ने ही दिलवाया था। जून 2024 में शाहिद उसके साथ दुष्कर्म किया। जिससे वह जख्मी हो गई तथा रक्तस्राव बंद न होने पर शाहिद ही उसे दलन स्थित नर्सिंग होम में भर्ती कराया। किंतु अस्पताल में भी स्वास्थ्य में सुधार न आने पर उसके माता-पिता पहुंच गये।

# अपहरण व दुष्कर्म के दोषी को 10-10 वर्ष की सजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार कोर्ट ।** जिला व्यवहार न्यायालय के प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संदीप मिश्रा की अदालत ने बहुचर्चित अपहरण एवं दुष्कर्म मामले में कड़ा फैसला सुनाते हुए कटिहार थाना क्षेत्र के रामपाड़ा निवासी संजय शर्मा को दोषी करार दिया है। अदालत ने अपहरण के मामले में दस वर्ष तथा दुष्कर्म के मामले में दस वर्ष की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके अतिरिक्त अन्य धाराओं में दो वर्ष की सजा भी दी गई है। न्यायालय ने अपहरण के अपराध में 50 हजार रुपये तथा दुष्कर्म के अपराध में 25 हजार रुपये अर्थदंड भी आरोपित पर लगाया है। सजा सुनाए जाने के बाद दोषी को न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक राजेंद्र कुमार मिश्रा ने पैरवी की। उन्होंने बताया कि इस सत्रवाद में नौ गवाहों की गवाही कराई गई। जिसके आधार पर न्यायालय ने आरोपित को दोषी पाया। मामला प्राणपुर थाना में पीड़िता के मामा द्वारा दर्ज कराया गया था। प्राथमिकी के अनुसार पीड़िता नवम वर्ग की छात्रा थी और अपने मामा के घर रहती थी। आरोपित रिश्तेदार होने के कारण घर आता-जाता था। 6 अप्रैल 2011 को उसने पीड़िता के पिता की तबीयत खराब होने का बहाना बनाकर उसे कटिहार से उत्तर प्रदेश के मऊ जिला ले गया, जहां एक कमरे में कई दिनों तक उसके साथ दुष्कर्म किया। उसे बेचने का प्रयास भी किया गया। किसी तरह पीड़िता वहां से भागकर पुलिस के पास पहुंची और आपबीती सुनाई। जिसके बाद मामला दर्ज हुआ। लंबी सुनवाई और साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने यह महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया। जिससे पीड़िता को न्याय मिला और समाज में एक सख्त संदेश गया है कि ऐसे अपराधों पर कानून का शिकंजा अवश्य कसता है।

### हत्या के मामले में आजीवन कारावास

**कटिहार कोर्ट।** जिला व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंचम द्विजेंद्र कुमार की अदालत ने हत्या का दोषी पाते हुए डंडखोरा थाना अंतर्गत भमरैली निवासी कालू शर्मा पिता स्वर्गीय तारिणी शर्मा को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है ।सजा सुनाने के बाद आरोपित को न्यायिक अभीरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया गया है। मामले में पच्चीस हजार अर्थदंड देने का आदेश भी दिया गया है। अर्थदंड नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त करावास का आदेश भी दिया गया है। इस सत्रवाद में अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक युगल किशोर यादव थे। जिन्होंने बताया कि इस मामले में ग्यारह गवाहों की गवाही भी हुई है।

# होली को लेकर शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार)।** होली पर्व को आपसी भाईचारा और शांतिपूर्वक मनाने को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थानाध्यक्ष विजय कुमार महतो की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रमुख शुभम कुमार, उपप्रमुख सहेन्द्र प्रसाद मंडल, जिला परिषद सदस्य मुकेश पोद्दार, पूर्व प्रमुख सह पंसस सूरज साह सहित पंचायत प्रतिनिधि, राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ता मुख्य रुप से उपस्थित रहे। इस दौरान पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

थानाध्यक्ष ने सदस्यों से भाइचारे के साथ पर्व विशेष मनाने की अपील की।उन्होंने कहा कि होलिका दहन के वक्त यह अवश्य ख्याल रखा जाना चाहिए कि धन-जन की क्षति नहीं हो।थानाध्यक्ष ने कहा कि डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सोशल मिडिया पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। इसलिए विवादित पोस्ट को फारवर्ड नहीं कर प्रशासन को सूचित करेंगे।उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समाज का रमजान का महिना चल रहा है। इसलिए उनकी भावनाओं की कद्र करते हुए हीं पर्व मनायें। वहीं संवेदनशील जगहों को चिह्नित कर पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति का निर्णय लिया गया।बैठक में मुखिया निरंजन मंडल, सरपंच दिनेश मंडल, संजीव मंडल, पंसस हवा देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य पुरुषोत्तम वर्मा, पैक्स अध्यक्ष हीरालाल साह, मो. मुश्ताक आजम, निर्मल विश्वास, मनोज गुप्ता, कादिर खान, हरिमोहन सिंह, जुल्फिकार खान, बिजय मंडल, शेख रशीद, एसआई रीतेश कुमार, अरबिंद कुमार, कुंदन महतो, बमबम पोद्दार, सहित दर्जनों अन्य मौजूद रहे।



# आदर्श थाना कोढ़ा परिसर में शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढ़ा (कटिहार)।**होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर आदर्श थाना कोढ़ा परिसर में थाना अध्यक्ष सुजीत कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन मुख्य पार्षद धीरज सिंह के द्वारा किया गया। बैठक में थाना अध्यक्ष सुजीत कुमार ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों से होली के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि पर्व आपसी भाईचारे और प्रेम का प्रतीक है, इसे शांति और सद्भाव के साथ मनाया जाए। असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी तथा गड़बड़ी फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।इस अवसर पर मुखिया संघ के अध्यक्ष मो. काजिम महेशपुर पंचायत के मुखिया भोला चौरसिया, मुखिया जगत नारायण सिंह, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डोमेन चौधरी, सरपंच अरुण ठाकुर, अपर अध्यक्ष कुणाल कुमार, पंचायत समिति सदस्य प्रेम महालदार, अवधेश जायसवाल, शिवशंकर सिंह, सरपंच सुमन कुमार,नवीन मिश्रा, सरपंच अवधेश भगत सहित कई जनप्रतिनिधि व समाजसेवी मौजूद रहे।बैठक में सभी ने एक स्वर में होली को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने तथा समाज में भाईचारा कायम रखने का संकल्प लिया।



# कविता ही महायुद्ध के मुहाने पर खड़ी दुनिया का मार्ग-दर्शन करेगी : प्रो. रामवचन राय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** महायुद्ध के मुहाने पर खड़ी दुनिया की रक्षा की शक्ति कविता में ही है। कला, संगीत और साहित्य जैसी सारस्वत विधाएँ अल्प संख्यक संस्कृति की देन हैं। यही अल्प-संख्यक संस्कृति समाज को बहुत कुछ देती है। समाज को संस्कारित और समृद्ध करती है। क्योंकि इन्हीं से समाज बनता है। कलम और कविता की शक्ति बहुत बड़ी होती है। यह बातें रविवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में राष्ट्रीय बज्जिका भाषा परिषद के तत्त्वावधान में आयोजित पुस्तक-लोकार्पण समारोह में, दिवंगत साहित्यकार प्रो सियाराम तिवारी द्वारा संकलित और कवयित्री डा विद्या चौधरी द्वारा संपादित बज्जिका काव्य-संग्रह 'बज्जिका के लोढ़ल फूल' का लोकार्पण करते हुए, बिहार विधान परिषद के उप सभापति प्रो राम वचन राय ने कही। उन्होंने कहा कि जनपदीय भाषाओं का बहुत पुराना इतिहास है।

इसके साहित्य के इतिहास पर गहन शोध होना चाहिए। सभा की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कहा कि 'बज्जिका' बिहार की एक अत्यंत समृद्ध लोक-भाषा है और विगत कुछ दशकों में इस भाषा में अनेक मूल्यवान साहित्य का सृजन हुआ है। लोक-जीवन के संस्कार गीतों के सृजन लोक-भाषाओं में ही होते रहे हैं। 'बज्जिका के लोढ़ल फूल' एक ऐसा ही संग्रह है, जिसमें लोक-जीवन ही नहीं, लोक-संस्कृति और मिट्टी की मोहक सुगंध भी प्राप्त होती है। डा सुलभ ने कहा कि भारत की समस्त लोक-भाषाएँ उन पुण्य-सलीला सरिताएँ हैं, जिनके संगम से 'हिन्दी' रूपी गंगा समृद्ध और विशाल होती है।



# प्रखंड स्तरीय हिंदू सम्मेलन का हुआ आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत के पंचायत भवन मोहनपुर के प्रांगण में प्रखंड स्तरीय हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन भारत माता के तेल चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। वहीं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर हिंदू सम्मेलन में आए वक्ताओं को अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष सह सूत्री सदस्य बब्बन कुमार सिंह ने कहा कि हिंदू सम्मेलन करने का मुख्य उद्देश्य हिंदू को जागरूक करना हैं हम सभी हिंदू लोग जाति में बट गए हैं, हम सबों को जाति में नहीं बटना हैं, हिंदू बनकर रहना हैं एवं प्रत्येक दिन मंदिर में पूजा अर्चना करना हैं,तभी हम लोग हिंदू हैं। वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सुकुमार जी ने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया हिंदू समाज बिखरा पड़ा हैं, सभी हिंदू जाति के लोगों को एकजुट करने के लिए यह बैठक किया गया।

पहले सभी लोग हिंदू थे जाति व्यवस्था में धर्मांतरण हो गया, डीएनए एक ही हैं तथा हिंदू सम्मेलन में पर्यावरण की रक्षा, सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन, स्व व स्वदेशी जागरण, प्रमुख नागरिक कर्तव्य आदि पर चर्चा की गई। वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रितेश दुबे ने हिंदू को जगाते हुए कहा कि आप सभी लोग जागिए सभी हिंदू लोग भटक गए हैं,सभी जाति के लोग एक ही हैं यहां पर सभी अलग-अलग जाति में बट गए हैं,आज अगर जाति के नाम पर बैठक होता हैं तो हजारों हजार की भीड़ होती हैं,इसलिए जाति को भूलिए हम सभी लोग हिंदू हैं,इसलिए हम सभी लोग एक होकर रहे इसी में समाज का सर्वांगीण विकास होगा। वहीं भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार झा ने हिंदू सम्मेलन में भाग लेने एवं हिंदू को एक संगठन में लाने की बात कहीं । इस कार्यक्रम का संचालन दीपक कुमार झा ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन अशोक कुमार झा ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवक संघ के अध्यक्ष संजय कुमार मंडल, उपाध्यक्ष जयराम साह, जामुन सिंह, कोषाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद मंडल, आजाद प्रसाद मंडल, सह कोषाध्यक्ष दीपक झा, नीतीश पासवान, सक्रिय सदस्य में राजेंद्र प्रसाद मंडल, विनोद उरांव, अशोक झा, रंजन झा, मुन्ना राय, राम लखन पोद्दार, बेजा मरांडी, शंकर गुप्ता, दीपक मंडल, विपिन मंडल, रोहित मंडल, शंकर प्रसाद यादव, दिनेश प्रसाद मंडल, श्रवण मंडल, गौरीशंकर पटेल, नरेश मंडल, बिट्टू आजाद, गोपाल सिंह, पांडव यादव, शंभू रजक, विवेक सिंह, मिथलेश कुमार, राजाराम मंडल, पंकज कुमार, विकेश सिंह, राकेश सिंह, शिवम पोद्दार आदि उपस्थित रहे ।



## रिकॉर्ड डेट होली के बाद

# 15000 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न, 2 टुकड़ों में बंटने जा रहा स्टॉक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** निवेशकों को 10 साल में 15000 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न



देने वाली कंपनी ने शेयरों को बांटने का फैसला किया है। कंपनी अपने शेयरों को 02 हिस्सों में बांटने जा रही है। इस स्टॉक स्प्लिट के लिए कंपनी ने रिकॉर्ड डेट का ऐलान कर दिया है। जोकि होली के बाद है। निवेशकों को 10 साल में 15000 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न देने वाली कंपनी ने शेयरों को बांटने का फैसला किया है। कंपनी अपने शेयरों को 02 हिस्सों में बांटने जा रही है। इस स्टॉक स्प्लिट के लिए कंपनी ने रिकॉर्ड डेट का ऐलान कर दिया है। जोकि होली के बाद है। ने शनिवार को स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर को 02 हिस्सों में बांटा जाएगा। इस स्टॉक स्प्लिट के बाद कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यू घटकर 5 रुपये प्रति शेयर हो जाएगी। कंपनी ने आज शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा है कि इस स्टॉक स्प्लिट के लिए 9 मार्च 2025 की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया गया है। बता दें, कंपनी के शेयरों का पहली बार बंटवारा होने जा रहा है। तीन साल में 342 प्रतिशत की तेजी दो साल में शेयरों की कीमतों में 118 प्रतिशत की तेजी और तीन साल में यह स्टॉक 342 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। 5 साल पहले कंपनी के शेयरों को खरीद कर होल्ड करने वाले निवेशकों को अबतक 1532 प्रतिशत का फायदा हुआ है। बता दें, 10 साल में कंपनी ने पोजीशनल निवेशकों को 15602 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। बीएसई पर उपलब्ध डाटा के अनुसार ने आखिरी बार निवेशकों को 2025 में डिविडेंड दिया था। डिविडेंड निवेशकों को बांटा था। इससे पहले 2024 में एक शेयर पर कंपनी की तरफ से 7 रुपये का डिविडेंड दिया गया था।

### शेयरों का प्रदर्शन पिछले एक साल में कैसा रहा है

शेयर बीएसई में 0.23 प्रतिशत की तेजी के साथ 4161.05 रुपये के लेवल पर बंद हुए थे। बीते एक साल में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 27 प्रतिशत की तेजी आई है। इस दौरान सेंसेक्स इंडेक्स में 8.95 प्रतिशत की उछाल देखने को मिली है। कंपनी का 52 वीक हाई बीएसई में 5064.30 रुपये और 52 वीक लो लेवल 2510 रुपये है।

# इजरायल-अमेरिका तनाव की वजह से फिर से बढ़ेंगे दाम

## ● 1.70 लाख तक सोना, 3 लाख की चांदी! ● सोमवार को तेजी के आसार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इजरायल ने ईरान पर हमला कर दिया है। इजरायल के रक्षामंत्री ने इस बात की पुष्टि की है। रिपोर्ट के अनुसार इजरायल ने ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इस हमले पर ईरान की भी प्रतिक्रिया सामने आ गई है। ईरान ने कहा है कि वो जोरदार जवाब देंगे। ईरान की प्रतिक्रिया जिस तरह से सामने आई है उससे एक बात तो साफ है कि यह तनाव शायद ही जल्द समाप्त हो जाए। ऐसे में अगर अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच तनाव बढ़ता है तो उसका असर सोने और चांदी की कीमतों पर भी दिखेगा। आने वाले समय में गोल्ड और सिल्वर के दाम इजाफा देखने को मिल सकता है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि घरेलू बाजार में सोने का भाव 170000 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी फिर से 300000 लाख रुपये के स्तर तक पहुंच सकती है। सेबी रजिस्टर्ड मार्केट एक्सपर्ट अनुज गुप्ता कहते हैं,



अमेरिका-ईरान तनाव की वजह से अनिश्चितता के दौर में इजाफा होगा। निवेशक ऐसी परस्थिति में सुरक्षित निवेश की तलाश करेंगे। हम सोने और चांदी की कीमतों में तेजी की उम्मीद कर रहे हैं। अनुज गुप्ता कहते हैं, कोमेक्स गोल्ड रेट 5300 डॉलर प्रति आउंस के स्तर पर चुनौतियों का सामना कर रहा है। इसके ऊपर जाने पर भारत में सोने का भाव 168000 रुपये प्रति 10 ग्राम से 170000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक जा सकता है। शुक्रवार को कोमेक्स सिल्वर रेट 93 डॉलर प्रति आउंस के स्तर पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतें 95 डॉलर प्रति आउंस के स्तर पर चुनौतियों का सामना कर रही हैं। एक्सपर्ट अनुज गुप्ता कहते हैं, अगर सिल्वर रेट 95 डॉलर प्रति आउंस के स्तर को क्रॉस करने में सफल रही तब यह फिर से 100 डॉलर प्रति आउंस के स्तर तक पहुंच सकती है। भारत में चांदी की कीमतें फिर से 300000 लाख रुपये के स्तर तक जा सकता है। हालिया समय में सोने और चांदी की कीमतों में तेज उछाल देखने को मिली है। हालांकि, उस हिसाब से फरवरी का महीना नहीं बीता है।

# कच्चे तेल की कीमतों में उछाल

## 2 मार्च को बाजार में आएगी गिरावट! निवेशक रहें अलर्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मध्यपूर्व में तनाव एक बार फिर चरम पर पहुंच गया है। सैन्य कार्रवाई किए जाने के बाद हालात तेजी से बिगड़े हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इजरायल पर मिसाइल हमले किए हैं। इस घटनाक्रम ने वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता बढ़ा दी है और निवेशकों की चिंता गहरा दी है। विशेषज्ञों का मानना है कि 2 मार्च को दुनिया के प्रमुख शेयर बाजारों–अमेरिका, भारत और एशियाई बाजारों–में तेज गिरावट देखने को मिल सकती है। वेल्थमिल सिक्योरिटीज के इक्विटी स्ट्रेटेजिस्ट क्रांति बाथिनी के अनुसार, जब भी भू-राजनीतिक तनाव बढ़ता है तो बाजार में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति तेज हो जाती है, जिससे बिकवाली का दबाव बढ़ता है। फिलहाल निवेशकों की नजर इस बात पर टिकी है कि यह सीमित सैन्य टकराव है या लंबा खिंचने वाला युद्ध। इस तनाव का सबसे तात्कालिक असर कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ा है। ब्रेंट क्रूड में करीब 3 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है और कीमत लगभग 67 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गई है। विश्लेषकों का कहना है कि यदि कच्चा तेल



80 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाता है तो भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसका गंभीर असर पड़ सकता है, क्योंकि भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा आयात करता है। तेल की कीमतों में उछाल से चालू खाता घाटा बढ़ सकता है और सरकार की वित्तीय स्थिति पर दबाव आ सकता है।

### भारतीय बाजार पहले से दबाव में

एनरिच मनी के सीईओ पोनुमुदी आर का कहना है कि भारत जैसे बड़े क्रूड आयातक देश के लिए मध्यपूर्व में बढ़ता तनाव चिंताजनक है। फरवरी में पहले ही भारतीय शेयर बाजारों में कमजोरी देखी जा चुकी है, ऐसे में नया भू-राजनीतिक झटका बाजार की धारणा को और कमजोर कर सकता है। कच्चे तेल में तेजी का सीधा असर महंगाई पर पड़ता है। ईंधन महंगा होने से परिवहन लागत बढ़ती है, जिससे रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम ऊपर जाते हैं। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों, पेंट निर्माताओं और एविएशन कंपनियों पर लागत का दबाव बढ़ सकता है। विमानन क्षेत्र में एविएशन टरबाइन फ्यूल महंगा होने से हवाई किराए बढ़ने की आशंका है। मध्यपूर्व के हवाई मार्गों से बचती हैं तो उड़ानों की दूरी और लागत दोनों बढ़ सकती हैं, जिसका बोझ यात्रियों पर पड़ेगा। उनका कहना है कि बाजार में उतार-चढ़ाव बढ़ सकता है, इसलिए बड़ी पोजीशन लेने से पहले जोखिम का आकलन जरूरी है। आने वाले दिनों में हालात किस दिशा में जाते हैं, इसी पर बाजार की अगली चाल निर्भर करेगी। फिलहाल दोनों देशों का रुख आक्रामक नजर आ रहा है।

## कंपनी दे रही है 5 बोनस शेयर, रिकॉर्ड डेट अगले हफ्ते, सोमवार को फोकस में रहेंगे स्टॉक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगले हफ्ते फोर्स इंडिया लिमिटेड के शेयर अगले हफ्ते एक्स-बोनस स्टॉक के तौर पर ट्रेड करेंगे। कंपनी ने निवेशकों को 7 शेयर बोनस के तौर पर देने का ऐलान किया है। लॉन्ग टर्म में इस कंपनी ने निवेशकों को अच्छा रिटर्न दिया है। बता दें, अगले हफ्ते सोमवार को शेयर फोकस में रहेंगे। स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में कंपनी ने बताया है कि 5 शेयर पर 7 शेयर बोनस के तौर पर दिए जाएंगे। इस बोनस इश्यू के लिए कंपनी ने 2 मार्च 2026, दिन सोमवार को रिकॉर्ड डेट तय किया है। यानी जिन निवेशकों का नाम रिकॉर्ड बुक में रहेगा और उनके पास 5 शेयर होंगे उन्हें 7 शेयर बोनस के तौर पर मिलेंगे। बता दें फोर्स इंडिया लिमिटेड पहली बार बोनस शेयर दे रही है। शुक्रवार को कंपनी के शेयर बीएसई में 1747 रुपये के लेवल पर थे। कंपनी के शेयरों की कीमतों में बीते एक साल में 11.45 प्रतिशत बढ़ा है। कंपनी का 52 वीक हाई 2004 रुपये और 52 वीक लो लेवल 1226 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 225.42 करोड़ रुपये का है। बता दें, तीन साल में फोर्स इंडिया लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में 159 प्रतिशत की तेजी आई है। जिसकी वजह से पोजीशनल निवेशकों का पैसा दोगुना हो चुका है। इस कंपनी की शुरुआत 2001 में हुई है। कंपनी पुरुषों के लिए घड़ी बनाने के साथ-साथ इंपोर्ट्स भी करती है। कंपनी ब्रांड के नाम से घड़ी बेचती है। कंपनी इंस्टीट्यूशनल खरीदारों के साथ-साथ 1700 रिटेल स्टोर्स के जरिए भी अपने प्रोडक्ट बेचती है। कंपनी लक्जरी प्रोडक्ट्स को बेचती है। वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में रेवन्यू 59 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले इसी छमाही में कंपनी का रेवन्यू 34 करोड़ रुपये रहा था। बता दें, पहली छमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 6 करोड़ रुपये रहा है।

# 4 मार्च को खुल रहा है 1087 करोड़ का आईपीओ

## ग्रे मार्केट दिखा रहा 1 शेयर 28 का फायदा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मार्च के महीने में एक बड़ा आईपीओ ओपन होने जा रहा है। हम बात कर रहे हैं आईपीओ की। कंपनी की स्थिति ग्रे मार्केट में अभी ठीक है। बता दें, यह मौका रहेगा। यह इश्यू पूरी तरह से ऑफर फार सेल पर आधारित है। यानी कंपनी के मौजूदा निवेशक 80 लाख शेयरों की बिक्री करने जा रहे हैं। का प्राइस बैंड 1287 रुपये




मेनबोर्ड आईपीओ अगले हफ्ते खुलेगा। इस कंपनी के आईपीओ का साइज 1087.45 करोड़ रुपये है। मार्च के महीने में एक बड़ा आईपीओ ओपन होने जा रहा है। हम बात कर रहे हैं आईपीओ की। कंपनी की स्थिति ग्रे मार्केट में अभी ठीक है। बता दें, यह मेनबोर्ड आईपीओ अगले हफ्ते खुलेगा। इस कंपनी के आईपीओ का साइज 1087.45 करोड़ रुपये है। रिटेल निवेशकों के लिए 4 मार्च को खुल जाएगा। निवेशकों के पास 6 मार्च 2026 तक दांव लगाने का से 1352 रुपये है। कंपनी का लॉट साइज 11 शेयरों का बनाया गया है। जिसकी वजह से रिटेल निवेशकों को कम से कम 14872 रुपये का दांव लगाना होगा। बता दें, यह एक मेनबोर्ड आईपीओ है। इसलिए इसकी लिस्टिंग बीएसई और एनएसई दोनों जगह होगी। इन्वेस्टर्स गेन की रिपोर्ट के अनुसार ग्रे मार्केट में कंपनी का आईपीओ 28 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा है। 26 फरवरी को कंपनी का आईपीओ ग्रे मार्केट में 130 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा था।

## ईपीएफओ का सीबीटी इस साल 8.25 फीसदी ब्याज देने की सिफारिश कर सकता है

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ईपीएफओ के 31 करोड़ सब्सक्राइबर्स के लिए अहम खबर है। ईपीएफओ का सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज (सीबीटी) इस साल 8.2 से 8.25 फीसदी ब्याज देने की सिफारिश कर सकता है। स्टॉक मार्केट रिटर्न और बॉन्ड यील्ड में कमी और ज्यादा दावों के सेटलमेंट के कारण ऐसा किया गया है। पिछले साल यह दर 8.25 फीसदी थी। वित्त वर्ष 2024 में इसे बढ़ाकर 8.25 फीसदी किया गया था। उससे पहले 2023 में 8.15 फीसदी और 2022 में 8.1 फीसदी ब्याज दिया गया था जो चार दशक में सबसे कम था। सीबीटी की सोमवार को बैठक होने वाली है। टीओआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक सीबीटी के एक सदस्य ने कहा कि दुनिया भर में उथलपुथल के कारण इस साल स्टॉक मार्केट्स और इक्विटीज ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। ईपीएफओ का ज्यादातर पैसा सरकारी बॉन्ड में लगा है लेकिन वहां भी यील्ड अच्छा नहीं रहा है। इसलिए इनकम कम होने की संभावना है। बोर्ड की इनवेस्टमेंट कमेटी की भी सोमवार को सीबीटी की बैठक से पहले मीटिंग होगी। इसमें ईपीएफओ के इनकम और खर्च प्रोफाइल पर चर्चा की जाएगी और इंटरेस्ट रेट पर फैसला लिया जाएगा। सीबीटी की बैठक की अध्यक्षता लेबर



मिनिस्टर मनसुख मांडविया करेंगे। सीबीटी से अप्रूवल मिलने के बाद इंटरेस्ट रेट को फाइनेंस मिनिस्ट्री से भी मंजूरी लेनी होगी। इसके बाद इसे अगले फाइनेंशियल ईयर के मध्य में सब्सक्राइबर्स के खातों में डाला जाएगा। आरबीआई ने हाल के महीनों में रेपो रेट में कटौती की है जबकि सरकार ने छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज में कोई बदलाव नहीं किया है। नेशनल फ्रंट ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस के नेशनल प्रेसिडेंट दीपक जायसवाल ने कहा कि विकसित भारत रोजगार योजना के कारण पिछले साल लाखों नए वर्कर्स जुड़े हैं जिससे इनेस्टमेंट कॉर्पस में बढ़ोतरी हुई है। साथ ही ईपीएफओ के पास पिछले फाइनेंशियल ईयर का अच्छा-खासा इनकम सरप्लस है। इसलिए सरकार को ब्याज दर में कटौती नहीं करनी चाहिए।

# एलपीजी सिलेंडर हुआ महंगा, होली से पहले लगा झटका, मार्च ट्रेंड नहीं बदला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** होली से पहले 1 मार्च को एलपीजी (लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस) के रेट अपडेट हो गए हैं। उपभोक्ताओं को होली से पहले ही महंगाई का झटका लगा है। कॉमर्शियल एलपीजी (लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस) सिलेंडर के उपभोक्ताओं को दिल्ली से पटना तक करीब 28 से 31 रुपये का झटका लगा है। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए राहत कि बात यह है कि 14 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। कॉमर्शियल सिलेंडर का मार्च ट्रेंड नहीं बदला। इस बार मार्च ने झटका दे ही दिया। दिल्ली में 19 किलो वाला एलपीजी सिलेंडर आज से 1768.50 पर मिलेगा। इससे पहले 1740.50 में मिल रहा था। कोलकाता में पहले 1844.50 रुपये का था और अब 1875.50 रुपये का हो गया है। मुंबई में कॉमर्शियल सिलेंडर 1692 रुपये की जगह आज से 1720 रुपये में मिलेगा। चेन्नई में अब आज से कॉमर्शियल सिलेंडर 1929 रुपये में मिलेगा। पहले यह 1899.50 रुपये का था। आज 14.2 किग्रा वाला घरेलू सिलेंडर दिल्ली में 853 में मिल रहा है। जबकि, पटना में इसकी कीमत 951 है। मुंबई में 852.50 और लखनऊ में 890.50 में मिल रहा है। कारगिल में 985.5, पुलवामा में 969, बागेश्वर में 890.5 का है। पिछले 5 सालों के आंकड़े बताते हैं कि



मार्च का महीना एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए अक्सर महंगाई लेकर आया है। खासकर कॉमर्शियल सिलेंडर हर बार इस महीने में महंगा हुआ है, जबकि घरेलू सिलेंडर के रेट जब भी बदले, उपभोक्ताओं को झटका ही लगा। फिलहाल फरवरी 2026 के अंत में दिल्ली में घरेलू एलपीजी सिलेंडर 853 रुपये, कोलकाता में 879 रुपये, मुंबई में 852.50 रुपये और चेन्नई में 868.50 रुपये में मिल रहा है। वहीं, कॉमर्शियल सिलेंडर दिल्ली में 1740.50 रुपये, कोलकाता में 1844.50 रुपये, मुंबई में 1692 रुपये और चेन्नई में 1899.50 रुपये का भाव है। आइए, साल-दर-साल देखते हैं कि मार्च में कैसे बढ़े दाम।

**2021: दोहरा झटका:** साल 2021 की शुरुआत में ही उपभोक्ताओं को दोहरा झटका लगा। 1 मार्च 2021 को घरेलू एलपीजी सिलेंडर 25 रुपये महंगा होकर दिल्ली में 819 रुपये, कोलकाता में 845.50, मुंबई में 819 और चेन्नई में 835 रुपये पर पहुंच गया। इसी दिन कॉमर्शियल सिलेंडर ने भी रफ्तार पकड़ी और 95 से 98 रुपये की बढ़ोतरी के साथ दिल्ली में 1614, कोलकाता में 1681.50, मुंबई में 1564 और चेन्नई में 1731 रुपये पर पहुंच गया।

**2022: दो बार बढ़े दाम:** 2022 में मार्च ने एक नहीं, दो बार रेट अपडेट हुए। 1 मार्च को कॉमर्शियल सिलेंडर ने 105 से 108 रुपये की तक छलांग लगाई। दिल्ली में यह 2012, कोलकाता में 2095, मुंबई में 1963 और चेन्नई में 2146 रुपये पर पहुंच गया। इसके बाद 22 मार्च को घरेलू सिलेंडर पर गाज गिरी और 50 रुपये की बढ़ोतरी के साथ दिल्ली में 949.50, कोलकाता में 976, मुंबई में 949.50 और चेन्नई में 965.50 रुपये हो गए।

# सिंगापुर से आ गई जमशेदपुर, अलग हटकर किया काम, अब 1 करोड़ की कमाई का टारगेट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** झारखंड की श्वेता सिंह ने कॉर्पोरेट दुनिया की चमक-धमक छोड़कर अपना स्टार्टअप बनाया है। सिंगापुर से जमशेदपुर आकर उन्होंने अबिरा नाम के प्लेटफॉर्म की नींव रखी। यह कई तरह के प्रोडक्ट बेचता है। इनमें कॉर्पोरेट गिफ्ट, होम डेकोर और ज्वेलरी शामिल हैं। ये सभी आदिवासी कारीगरों के हाथों के बने होते हैं। इस वेंचर ने आदिवासी कारीगरों को मजबूत बनाने में मदद की है। साल 2017 में सिर्फ 1 लाख रुपये से इस वेंचर की शुरुआत हुई थी। अब इससे 1 करोड़ की कमाई का टारगेट है। आइए, यहां श्वेता सिंह की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। श्वेता सिंह मूल रूप से प्रयागराज, उत्तर प्रदेश की रहने वाली हैं। अपनी प्रोफेशनल लाइफ



में उन्होंने बहुत अच्छा किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग की डिग्री और सिम्बायोसिस-पुणे से एमबीए के साथ उन्होंने एक दशक से ज्यादा एमबीए तक ग्लोबल कॉर्पोरेशंस में काम किया। बोर्डरूम और बिजनेस स्ट्रेटेजी को संभाला। शादी के बाद श्वेता सिंगापुर से जमशेदपुर वापस आ गईं।

हालांकि, किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। 2016 में झारखंड के एक दूर-दराज के गांव के दौरे के दौरान श्वेता ने आदिवासी समुदायों के संघर्षों को खुद देखा। खदानें बंद होने और रोजी-रोटी खतरे में पड़ने से ये कारीगर गुजारे के लिए भटक रहे थे। ये कभी बारीक कारीगरी करते थे। एक आदिवासी परिवार ने उन्हें हाथ से बनी कलाकृति तोहफे में दी। यहीं से श्वेता को ट्राइबल आर्टिस्ट के आर्ट प्रोडक्ट बेचने का आइडिया आया। उनकी छोटी सी कोशिश ने एक बड़े सपने का बीज बोया।

साल 2017 में सिर्फ 1 लाख रुपये के शुरुआती इन्वेस्टमेंट और एक सपने के साथ अबिरा का जन्म हुआ। शुरुआती मकसद कोई बिजनेस बनाना नहीं था। इसके बजाय एक ऐसा प्लेटफॉर्म बनाना था जहां आदिवासी कलाकार अपनी कला दिखा सकें, खरीदारों से जुड़ सकें और अच्छी कमाई कर सकें। हालांकि, श्वेता को जल्द ही एहसास हो गया कि लंबे समय तक चलने वाला असर डालने के लिए अबिरा को सिर्फ एक पैशनेट सोशल प्रोजेक्ट से कहीं ज्यादा होना चाहिए। इसे एक प्रोफेशनली चलने वाली एंटिटी बनाना होगा। आज अबिरा बढ़ते भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम का हिस्सा बन गया है। पूरे भारत में 150 से ज्यादा आदिवासी कारीगरों के बनाए 300 से ज्यादा यूनिक प्रोडक्ट की पेशकश करता है। इसके पोर्टफोलियो में कॉर्पोरेट गिफ्ट, पेंटिंग, कस्टमाइज्ड यादगार चीजें, होम डेकोर, हैंडीक्राफ्ट और ज्वेलरी शामिल हैं।

## अडानी ग्रीन एनर्जी शेयर पर सोमवार को रखें नजर, कंपनी से जुड़े हैं 2 बड़े अपडेट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आगामी सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को गौतम अडानी समूह की कंपनी-अडानी ग्रीन एनर्जी (एजीईएल) के शेयर पर निवेशकों की नजर रहेगी। ये हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि अडानी ग्रीन एनर्जी से जुड़े दो बड़े अपडेट आए हैं। अडानी ग्रीन एनर्जी की सब्सिडयरी यूनिट ने एक नए प्रोजेक्ट की शुरुआत की है। अडानी ग्रीन की अडानी ग्रीन एनर्जी ट्वेंटी फाइव सी लिमिटेड ने गुजरात के खावड़ा में 185 मेगावाट की विंड एनर्जी परियोजना का परिचालन शुरू कर दिया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी गई जानकारी में बताया कि इस प्लांट के चालू होने के साथ ही अडानी ग्रीन एनर्जी की कुल परिचालन नवीकरणीय उत्पादन क्षमता बढ़कर 17,472.2




मेगावाट हो गई है। प्रासंगिक मंजूरियों के आधार पर 28 फरवरी 2026 को इस फैसलिटीज को चालू करने और एक मार्च 2026 से बिजली उत्पादन शुरू करने का निर्णय लिया गया। इस बीच, नॉर्वे के 1.2 लाख करोड़ डॉलर के सरकारी संपत्ति कोष ने कथित वित्तीय अपराध से जुड़े जोखिमों का हवाला देते हुए अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) को अपने निवेश पोर्टफोलियो से हटाने का निर्णय लिया है। दुनिया के सबसे बड़े सरकारी संपत्ति कोष का प्रबंधन करने वाले नॉर्जेस बैंक इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट ने अपनी वेबसाइट पर अडानी ग्रीन एनर्जी को पोर्टफोलियो से हटाई गई कंपनियों की सूची में शामिल किया। फंड प्रबंधक ने इस निर्णय के लिए गंभीर भ्रष्टाचार या अन्य गंभीर वित्तीय अपराध को आधार बताया लेकिन इस संबंध में विस्तार से कुछ नहीं बताया। अडानी ग्रीन एनर्जी में इस कोष ने जुलाई, 2020 में जब निवेश शुरू किया था, उस समय शेयर मूल्य 341 रुपये था।

# निकाय चुनाव में रद्द मतपत्रों का बना रिकार्ड

## सभी निकायों में सैकड़ों वोट हुए अमान्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** निकाय चुनाव में मतगणना के दौरान कई जगहों पर बड़ी संख्या में वोट अमान्य कर दिए गए। उदाहरण के रूप में गुमला नगर परिषद में कुल 3,654 वोट अमान्य घोषित कर दिए गए, जिनमें अध्यक्ष पद के लिए 1,925 और वार्ड पार्षद के लिए 1,729 वोट सम्मिलित हैं। बैलेट पेपर पर मतदाताओं द्वारा सही ढंग से वोट नहीं दिए जाने के कारण ऐसा हुआ।


राज्य में लंबे समय बाद बैलेट पेपर से चुनाव हुआ। बताया जाता है कि मतदान के दौरान कुछ मतदाताओं ने सही जगह हस्ताक्षर या अंगूठा नहीं लगाया। वहीं, कई मतदाताओं ने सही ढंग से मुहर नहीं लगाया।

बैलेट पेपर से मतदान को लेकर मतदाताओं के बीच व्यापक रूप से जागरुकता अभियान भी नहीं चलाया गया था। इस बार महापौर या अध्यक्ष तथा पार्षद दोनों के लिए वोट एक ही बाक्स में डाले जाने थे। ऐसे में कई मतदाताओं ने एक ही पद के लिए बैलेट पेपर में मतदान किया। इस कारण भी उनका वोट अमान्य घोषित किए जाने की संभावना जताई जा रही है।

झारखंड के 48 नगर निकायों (9 नगर निगम, 20 नगर परिषद और 19 नगर पंचायत) में 23 फरवरी को बैलेट पेपर से हुए मतदान के बाद मतगणना में कई जगहों पर बड़ी संख्या में अमान्य (रिजेक्ट/अमान्य) वोट सामने आए हैं।

राज्य निर्वाचन आयोग ने अभी कुल राज्य स्तर पर अमान्य वोटों का एकीकृत आंकड़ा जारी नहीं किया है। विभिन्न निकायों से मिली रिपोर्ट्स के अनुसार सभी निकायों में सैकड़ों वोट रिजेक्ट हुए हैं।

गुमला नगर परिषद में कुल 3,654 अमान्य वोट घोषित किए गए। इनमें अध्यक्ष पद के लिए 1,925 और वार्ड पार्षद पद के लिए 1,729 वोट शामिल हैं। इसी तरह धनबाद नगर निगम में दसवें राउंड तक कुल 31727 अमान्य वोट घोषित किए गए। झरिया के पूर्व विधायक और भाजपा के बागी संजीव सिंह 114362 वोट लोकर धनबाद के नए मेयर चुने गए हैं।



जबकि देवघर नगर निगम में कुल 6114 वोट रिजेक्ट हुए। चास नगर निगम में कुल 5258 वोट अमान्य हुए, यहां कुल विधिमान्य मत 77053 पड़े। मेदिनिनगर नगर निगम में कुल 4398 वोट अवैध हो गए।

राज्य स्तर पर कुल मतदान प्रतिशत 63.05% रहा, लेकिन अमान्य वोटों की उच्च संख्या ने मतदाता शिक्षा की कमी को उजागर किया है।

राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार, गिनती प्रक्रिया में गुलाबी (महापौर/अध्यक्ष) और सफेद (पार्षद) बैलेट पेपर अलग-अलग गिने गए, लेकिन एक ही बॉक्स में डालने से भ्रम बढ़ा। विशेषज्ञों का कहना है कि राज्य भर में अमान्य वोटों का प्रतिशत अपेक्षाकृत अधिक रहा। धनबाद और गुमला जैसे उदाहरणों से साफ है कि जागरूकता अभियान की कमी मुख्य वजह रही।

# गोली लगने के बाद भी नहीं डिगे कोबरा कमांडो

## जख्मी होने के बाद भी रहे मोर्चा संभाले

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चाईबासा।** झारखंड के सारंडा जंगलों में नक्सलियों के विरुद्ध चल रहे अभियान में कोबरा 209 बटालियन के कांस्टेबल विक्रम यादव ने अदम्य साहस और वीरता की एक नई मिसाल पेश की है। भीषण मुठभेड़ के दौरान नक्सलियों की एक गोली उनके पेट में लगी, लेकिन इस जांबाज कमांडो मोर्चा पर डटे रहे।

लहूलुहान होने के बावजूद वे तब तक नक्सलियों पर सटीक फायरिंग करते रहे, जब तक उग्रवादी भागने को मजबूर नहीं हो गए। सुरक्षा बलों को सूचना मिली थी कि सारंडा के दुर्गम इलाके में नक्सलियों का एक बड़ा दस्ता सक्रिय है।

सर्च ऑपरेशन के दौरान घने जंगलों के बीच नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर घात लगाकर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। शुरूआती हमले में ही विक्रम यादव को पेट में गोली लगी। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद विक्रम यादव ने नक्सलियों को अपनी कमजोरी का अहसास नहीं होने दिया। उन्होंने खुद को संभाला और जवाबी कार्रवाई जारी रखी।

उनके साथियों के अनुसार, ₹गोली लगने के बाद भी विक्रम के चेहरे पर खौफ नहीं बल्कि दृढ़ संकल्प था।₹ उनके आक्रामक और सटीक जवाब की वजह से टीम के अन्य जवानों को सुरक्षित पोजीशन लेने का मौका मिला और अंततः नक्सलियों को जंगल की ओर पीछे हटना पड़ा। असम के तिनसुकिया के रहने वाले विक्रम यादव पहले भी कई बड़े नक्सल विरोधी अभियानों का हिस्सा रह चुके हैं। उन्हें उनकी बहादुरी के लिए पहले भी सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

एक साधारण परिवार से आने वाले विक्रम ने हमेशा देश सेवा को सर्वोपरि रखा है। मुठभेड़ के बाद विक्रम यादव को तत्काल बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट किया गया।

वर्तमान में उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा दी जा रही है और उनकी स्थिति अब स्थिर बताई जा रही है। उनकी इस बहादुरी ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तैनात सुरक्षा बलों का मनोबल सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है।

# घास काटने गयी पांच नाबालिग लड़कियां हुईं लापता

## लापता होने की खबर से प्रशासन के फूले हाथ पांव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** सहरसा जिले से एक चिंताजनक मामला सामने आया है। नवहट्टा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत नवहट्टा अंतर्गत वार्ड संख्या 18 पिपराही से तीन परिवारों की पांच नाबालिग लड़कियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई हैं। एक साथ पांच बच्चियों के गायब होने से इलाके में हड़कंप मच गया है।

परिजनों के अनुसार, 27 फरवरी की सुबह करीब 11:30 बजे सभी लड़कियां घर से घास काटने के लिए निकली थीं। देर शाम तक जब वे वापस नहीं लौटीं, तो परिवारवालों ने आसपास तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। लापता बच्चियों की पहचान राधा कुमारी (17 वर्ष), नेहा कुमारी (14 वर्ष), ज्योति कुमारी (12 वर्ष), कोमल कुमारी (12 वर्ष) और प्रीति कुमारी (10 वर्ष) के रूप में हुई है।

परिजनों का कहना है कि खोजबीन के दौरान कुछ लोगों ने बताया कि शाम करीब 4 बजे लड़कियों को तुलसीपुर की ओर जाते देखा गया था।

अपने स्तर पर काफी तलाश के बाद भी जब बच्चियां नहीं मिलीं, तो परिजनों ने रात करीब 8 से 9 बजे के बीच नवहट्टा थाना पुलिस को सूचना दी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस तुरंत सक्रिय हो गई। डीएसपी (हेडक्वार्टर-2) कमलेश्वर प्रसाद सिंह मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नवहट्टा थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार और अपर थानाध्यक्ष रोशन कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीमें लगातार सघन तलाशी अभियान चला रही हैं।

पुलिस का कहना है कि हर संभावित पहलू से जांच की जा रही है और आसपास के इलाकों में भी खोजबीन तेज कर दी गई है। इधर, बच्चियों के लापता होने से तीनों परिवारों में मातम का माहौल है। परिजनों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस की कई टीमें बच्चियों की तलाश में जुटी हुई हैं और पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं।

## भाजपा के बागी के सिर पर सजा मेयर का ताज

**धनबाद।** झरिया के पूर्व विधायक और भाजपा के बागी संजीव सिंह धनबाद के नए मेयर चुने गए हैं। धनबाद नगर निगम चुनाव के बाद मतों की गिनती के अंत में शनिवार रात संजीव सिंह को निर्वाचित घोषित किया गया। पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल उर्फ शेखर अग्रवाल मतों की गिनती में दूसरे नंबर पर रहे।

धनबाद नगर निगम समेत झारखंड के 48 निकायों में 23 फरवरी को मतदान हुआ था। शुक्रवार 27 फरवरी की सुबह आठ बजे धनबाद के राजकीय पालिटेक्निक स्थित मतगणना हाल में मतों की गिनती शुरू हुई। मेयर पद के चुनाव में कुल 29 प्रत्याशी थे। मुख्य मुकाबला संजीव सिंह और झामुमो समर्थित चंद्रशेखर अग्रवाल उर्फ शेखर अग्रवाल के बीच हुआ।

शुक्रवार को दो चक्र की मतगणना ही पूरी की जा सकी। देर रात तक तीसरे और चौथे चक्र की मतगणना जारी रही, लेकिन यह पूरी नहीं हो सकी। शनिवार सुबह तीसरे राउंड की मतगणना हुई। दो राउंड की मतों की गिनती के बाद संजीव सिंह ने चंद्रशेखर अग्रवाल पर दस हजार मतों से अधिक की बढ़त बना ली थी।

# 18 एलिफेंट रेस्क्यू सेंटर खोलने की चल रही कवायद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड के 18 वन जिलों में हाथियों का विचरण होता है। पिछले छह महीने में हाथियों का मानव के साथ संघर्ष भी बढ़ा है और इसमें 25 से अधिक लोगों की जान गई है। सप्ताह भर पहले झुंड से बिछड़ा एक हाथी तो रांची में विधानसभा से तीन किलोमीटर की दूरी तक पहुंच गया था। अब वन विभाग ने इन 18 जिलों के वन प्रमंडलों में एलिफेंट रेस्क्यू सेंटर बनाने का निर्णय लिया है।

चार से अधिक रेस्क्यू सेंटर हाथियों के मूवमेंट पर नजर रखेंगे। प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने राज्य में 680 से अधिक हाथियों के रहने की जानकारी दी है। इनकी सुरक्षा के साथ इनके कॉरिडोर को निर्बाध बनाने की तैयारी भी वन विभाग ने की है।

इसके साथ ही सभी रेस्क्यू सेंटर पर



क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) की तैनाती होगी। टीम में हाथी को ट्रैंक्युलाइज करने का सामान भी रहेगा।

आबादी वाले क्षेत्र में हाथियों की आवाजाही की मुख्य वजह भोजन की तलाश है। वन्य प्राणी विशेषज्ञ रवींद्र प्रसाद ओझा ने बताया कि जंगल कटने की वजह से इनके मुख्य भोजन बांस के पेड़ खत्म हो रहे हैं।

जंगलों के पास बसी बस्ती में धान, गन्ना जैसे दूसरे फसल आसानी से मिल जाता है। इस वजह से हाथी यहां पहुंच जाते हैं। हाल ही में रांची में जो हाथी आया था वह देर रात तक धुर्वा डैम में रहा। इसके बाद वह शांत हो गया और बिना किसी नुकसान के वापस जंगल लौट गया। यानि जंगल में भी अगर पर्याप्त पानी हो तो हाथी उग्र होकर आबादी वाले क्षेत्र में नहीं आएगा।

राज्य में हाथियों के पारंपरिक कॉरिडोर को काफी हद तक अतिक्रमण मुक्त किया गया है। लेकिन खनन कार्यों और ट्रांसपोर्टिंग की वजह से रात में तेज रोशनी और आवाज से हाथी परेशान रहते हैं। हजारीबाग में हाथियों का बढ़ा आतंक इसी का परिणाम है।

वन एवं पर्यावरण विभाग एलिफेंट कॉरिडोर में मानवों की गतिविधियों को रोकने में लगा है। इसके लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी आवश्यक निर्देश दिए हैं। खनन प्लान के साथ ही वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए किए जाने वाले उपाय देने को अब आवश्यक बनाया गया है।

# होली स्पेशल ट्रेन से यात्रियों को मिल रही राहत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**देवघर।** होली के मौके पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने होली स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लेने से यात्रियों को काफी सहूलियतें मिल रही है।

रेलवे द्वारा जारी सूचना के तहत दुर्ग-मधुबनी-दुर्ग के बीच एक जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। 08753 दुर्ग-मधुबनी होली स्पेशल एक मार्च को दुर्ग से 00:30 बजे रवाना होगी और अगले दिन 04:45 बजे मधुबनी पहुंचेगी।

वहीं, 08754 मधुबनी-दुर्ग होली स्पेशल मधुबनी से दो मार्च को 06:15 बजे रवाना होगी और अगले दिन 12:45 बजे दुर्ग पहुंचेगी।

उक्त ट्रेनें दोनों दिशाओं में पूर्व रेलवे क्षेत्र के आसनसोल मंडल में चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में सामान्य द्वितीय श्रेणी, शयनयान श्रेणी और वातानुकूलित कोच की सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

वहीं, मद्रास-बरौनी-मद्रास (06039/06040) और तिरुपति-रक्सौल-तिरुपति (07051/07052) साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों की सेवाओं को उनके मौजूदा मार्ग, समय, ठहराव और संशोधित संरचना के अनुसार बढ़ाने का निर्णय लिया है।

06039 मद्रास-बरौनी जंक्शन साप्ताहिक स्पेशल की सेवा को आठ मार्च तक बढ़ा दी गई है और 06040 बरौनी जंक्शन-मद्रास साप्ताहिक स्पेशल को 11 मार्च तक बढ़ा दी गई है।

07051 तिरुपति-रक्सौल साप्ताहिक होली स्पेशल सात मार्च तक प्रत्येक शनिवार को चलेगी। 07052 रक्सौल झ्र तिरुपति साप्ताहिक स्पेशल 10 मार्च तक प्रत्येक मंगलवार को चलेगी। इसके साथ ही आसनसोल और गोरखपुर के बीच एक विशेष ट्रेन सेवा चलाने का निर्णय लिया गया।

03525 आसनसोल-गोरखपुर होली स्पेशल ट्रेन 28 फरवरी और दो मार्च को शाम 7:15 बजे आसनसोल से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 9:15 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। 03527 आसनसोल-गोरखपुर होली स्पेशल ट्रेन एक मार्च को दोपहर 1:20 बजे आसनसोल से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 3:30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी।

## नौ वर्षीया की हत्या से सनसनी

**कटिहार।** कोढ़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक नौ वर्षीय नाबालिग बच्ची की हत्या से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। यह घटना गांव से लगभग 300 मीटर दूर मकई के खेत में सामने आई। जहां रविवार सुबह बच्ची का शव मिला। इधर स्वजन ने आशंका जताई है कि बच्ची के साथ पहले दुष्कर्म किया गया और उसके बाद उसकी हत्या कर दी गई। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। जानकारी के अनुसार बच्ची शनिवार दोपहर करीब तीन बजे से लापता थी। जब वह देर शाम तक घर नहीं लौटी तो स्वजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। रातभर गांव के लोग अलग-अलग स्थानों पर तलाश करते रहे। यहां तक कि गांव की मस्जिदों से भी बच्ची के लापता होने की घोषणा कराई गई। लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका। हाल के दिनों में क्षेत्र में बच्चा चोरी की अफवाहों के कारण पहले से ही ग्रामीणों में भय और चिंता का माहौल बना हुआ था।

# निकाय चुनाव में संताल परगना में झामुमो का रहा दबदबा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दुमका।** झारखंड नगर निकाय चुनाव-2026 में संताल परगना की 12 सीटों पर भाजपा समर्थित मात्र तीन प्रत्याशी चुनाव जीतने में सफल हो पाए हैं। ये तीनों सीटें नगर पंचायत स्तर की हैं।

भाजपा समर्थित प्रत्याशी गोड्डा जिले में महगामा नगर पंचायत में प्रबोध सोरेन, दूसरी सीट साहिबगंज जिले में बड़हरवा से अर्पिता दास और तीसरी सीट जामताड़ा के मिहिजाम से जयश्री ने जीती है। जबकि भाजपा के बागी प्रत्याशियों ने भी कम से कम दो सीटों पर जीत दर्ज की है जिसमें एक सीट जामताड़ा और दूसरी सीट पाकुड़ है।

जामताड़ा ने आशा गुप्ता और पाकुड़ से सबरी दासी ने चुनाव जीता है। जबकि सत्ताधारी दल झामुमो के करीबियों या इसके अपरोक्ष समर्थन से जीत हासिल करने वाले प्रत्याशियों की संख्या कम से कम चार है। जिसमें देवघर नगर निगम के मेयर पद पर रवि राउत और दुमका नगर परिषद अध्यक्ष पद पर अभिषेक चौरसिया ने चुनाव जीता है।

देवघर में भाजपा समर्थित रीता चौरसिया और दुमका में अमिता रक्षित को करारी हार का सामना करना पड़ा है। इसके अलावा साहिबगंज नगर परिषद सीट पर झामुमो समर्थित रामनाथ पासवान और राजमहल नगर पंचायत की सीट पर तजाउद्दीन ने चुनाव जीता है।

वहीं संताल परगना के सभी छह जिले दुमका, देवघर, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज और जामताड़ा के कुल 12 नगर निकायों में स्वतंत्र रूप से दंगल में ताल ठोंकने वाले प्रत्याशियों ने भी जोरदार तरीके से जीत हासिल कर राजनीतिक दलों के प्रभुत्व को चुनौती दी है।

इसमें दुमका में बासुकीनाथ नगर पंचायत और मधुपुर की सीट स्वतंत्र प्रत्याशी के खाते में गई है। बासुकीनाथ से वीणा देवी और मधुपुर से दरख्शां परवीन ने चुनाव जीता है। गोड्डा नगर परिषद अध्यक्ष की सीट भी स्वतंत्र प्रत्याशी के खाते में गई है। यहां से सुशील रमानी चुनाव जीते हैं।

जामताड़ा नगर परिषद की सीट से भाजपा से बागी होकर स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने वाली प्रत्याशी आशा गुप्ता ने जीत हासिल की है। मिहिजाम नगर पंचायत की सीट भाजपा समर्थित प्रत्याशी जयश्री ने जीत दर्ज की है।

राजनीतिक तौर पर आकलन किया जाए तो नगर निकाय चुनाव में संताल परगना के अधिकांश सीटों पर भाजपा समर्थित प्रत्याशियों की हुई करारी हार ने एक बार फिर से भाजपा की साख पर बट्टा लगाया है। इतना ही नहीं भाजपा से समर्थन नहीं मिलने की सूरत में बागी बनकर चुनावी दंगल में कूद कर चुनाव जीतने वाले प्रत्याशियों ने तो भाजपा के प्रत्याशी चयन में कथित पारदर्शिता का पूरी तरह से भंडाफोड़ कर दिया है।

नगर निकाय चुनाव में भाजपा ने संताल परगना के छह में से पांच जिलों में महिला प्रत्याशियों को समर्थन देकर आधी आबादी के वोट बैंक को साधने की बड़ी पहल की थी लेकिन भाजपा का यह दांव पूरी तरह से फेल हो गया।

संताल परगना में छह जिले हैं जिसमें देवघर में नगर निगम और शेष पांच जिले दुमका, गोड्डा, पाकुड़, साहिबगंज और जामताड़ा में नगर परिषद और नगर पंचायत है। भाजपा की ओर से इस बार देवघर में मेयर पद की प्रत्याशी रीता चौरसिया को समर्थन दिया गया था। इसी जिले के मधुपुर नगर परिषद की सीट पर भी भाजपा ने महिला प्रत्याशी मिति कुमारी को समर्थन दिया गया था।

दुमका की दोनों सीट पर भी भाजपा ने महिला प्रत्याशियों पर ही दांव लगाई थी। दुमका नगर परिषद सीट पर अमिता रक्षित और बासुकीनाथ नगर पंचायत सीट पर पूनम देवी को पार्टी ने समर्थन दिया था। पाकुड़ जिले में पाकुड़ नगर परिषद की सीट पर भाजपा ने संपा साहा पर दांव लगाई थी। जबकि साहिबगंज के बड़हरवा नगर पंचायत सीट पर पार्टी की समर्थित प्रत्याशी अर्पिता दास थीं।

जामताड़ा के मिहिजाम नगर परिषद के लिए भाजपा ने जयश्री देवी और जामताड़ा नगर पंचायत के लिए रीना कुमारी पर दांव लगाई थी। इसमें बड़हरवा से अर्पिता दास एवं महिजाम से जयश्री देवी को छोड़ कर भाजपा की तमाम प्रत्याशियों को करारी हार का सामना करना पड़ा है।

# कमजोर प्रदर्शन की कांग्रेस कर पायेगी पंचायत चुनाव में भरपाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** निकाय चुनावों का असर तत्काल तो नहीं लेकिन भविष्य में कांग्रेस पर भारी पड़ेगा। पार्टी के थिंक टैंक तक यह बात पहुंच चुकी है कि निकाय चुनाव में कमजोर प्रदर्शन के बूते वह लोकसभा और विधानसभा चुनाव में सीटों पर दावेदारी नहीं कर सकेगी।

खासकर विधानसभा चुनाव में नुकसान की संभावना प्रबल है। इसकी भरपाई करने के लिए कांग्रेस को पंचायत चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

प्रदेश कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व इस विषय पर मंथन भी कर रहा है। विधायकों पर भी चुनाव में बेहतर परिणाम लाने का दबाव होगा ताकि पार्टी अपने राजनीतिक साझेदारों से समन्वय बना सके।

कई कांग्रेस नेताओं का तर्क यह है कि इससे गठबंधन को एक बार फिर से संभलने का मौका मिलेगा। हो सकता है कि गठबंधन मजबूती से सामने आए और पंचायत चुनाव में एक साथ मिलकर चुनाव लड़े।

### गठबंधन में मतभेद हो सकता है खराब प्रदर्शन का कारण

माना जा रहा है कि झामुमो से निकटता रखनेवाले नेताओं को बातचीत के लिए कांग्रेस आगे करेगी ताकि प्रदेश में अपनी राजनीतिक बचाए रखने में पार्टी कामयाब हो।

दूसरा पक्ष यह भी है कि कांग्रेस नेताओं ने भाजपा के उन बागियों को नजरअंदाज किया जो अपने बूते चुनाव जीतने में सफल रहे हैं। इन्हें अगर समय पर स्वीकृति दी जाती तो आज आंकड़े कुछ और रहते।

एक और बात महत्वपूर्ण है कि पार्टी के सीनियर नेताओं से इसके लिए कहीं से संपर्क नहीं किया गया। लोकसभा और विधानसभा के चुनाव अभी दूर है।

लेकिन नेताओं और कार्यकर्ताओं को अभी से तैयार रहने के लिए कहा जा रहा है।

# होली मिलन समारोह में बवाल, कई हुए चोटिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** नकटपुरा स्थित एक वाटर पार्क में आयोजित होली मिलन समारोह के बाद रविवार को अचानक माहौल बिगड़ गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भोजपुरी गायक रोशन रोही शामिल हुए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार्यक्रम समाप्त होने के बाद गायक के प्रस्थान के दौरान भीड़ उग्र हो गई। देखते ही देखते कुछ लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया और पथराव के साथ-साथ गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। अफरातफरी के बीच भोजपुरी गायक रोशन रोही भी भीड़ के बीच फंस गए। उनकी गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इस मामले के बाद गायक रोशन रोही समेत आधा दर्जन से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मौके से कारतूस व हथियार बरामद किए गए हैं।

इसी दौरान कार्यक्रम की कवरेज कर रहे इलेक्ट्रॉनिक चैनल के संवाददाता ऋषिकेश कुमार को भी भीड़ ने घेर लिया और मारपीट कर सिर फोड़ दिया।

पत्रकार को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा गया। हमलावरों ने उनके दो मोबाइल फोन छीन लिए तथा पर्स से नकदी भी निकाल ली।

गोलीबारी की घटना में एक युवक सूबे लाल को गोली लगी है। जबकि कई अन्य लोग लाठी-डंडे से घायल हुए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में किया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है तथा उपद्रवियों की पहचान कर कार्रवाई की बात कही जा रही है।

# संविधान की शपथ लेकर बंधे परिणय सूत्र में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार के दरभंगा जिले के बहेड़ी थाना क्षेत्र के बिहरौना गांव निवासी 67वीं बीपीएससी परीक्षा में चयनित अनंत कुमार और नालंदा जिले की शिखा ने पारंपरिक वैदिक रीति-रिवाजों की बजाय संविधान की शपथ लेकर विवाह किया। दोनों ने पटना के एक मैरिज हॉल में 27 फरवरी की रात आयोजित समारोह में बिना सात फेरे लिए, भारतीय संविधान की प्रस्तावना हाथ में लेकर एक-दूसरे को जीवनसाथी के रूप में स्वीकार किया।

वर्तमान में अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं, जबकि शिखा प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी हैं। दोनों एक ही बैच के अधिकारी हैं और पहले से एक-दूसरे को जानते थे। शिखा की मां गीता देवी दरभंगा जिला परिषद की पूर्व सदस्य रह चुकी हैं।

परिवार के अनुसार, पटना में रहने के दौरान उनका संपर्क बौद्ध विचारधारा से जुड़े लोगों से हुआ, जिसके बाद उन्होंने समानता और संवैधानिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाया। इसी सोच के तहत परिवार में



पारंपरिक पूजा-पाठ बंद कर दिए गए और सामाजिक समानता पर जोर दिया जाने लगा।

विवाह समारोह में पारंपरिक मंत्रोच्चार की जगह संविधान की प्रस्तावना पढ़ी गई। दुल्हन शिखा ने कहा कि जब पंडित जी मंत्र पढ़ते हैं तो वह हमें समझ में नहीं आता। लेकिन संविधान के शब्दों को पढ़ते समय लगा कि मैं उसे मन से स्वीकार कर रही हूँ। हमने संवैधानिक रूप से एक-दूसरे को स्वीकार किया है।

दूल्हा अनंत कुमार ने बताया कि उन्होंने अर्जक पद्धति से विवाह किया है। उनका कहना है कि यह पद्धति सामाजिक समानता का संदेश देती है। उन्होंने कहा,हम दोनों ने संविधान पढ़ा है, इतिहास और परंपराओं को समझा है।

हमें लगता है कि कुछ परंपराओं ने समाज के बड़े वर्ग को लंबे समय तक जकड़ कर रखा। हम समानता और अधिकारों के संदेश के साथ विवाह करना चाहते थे।

अनंत कुमार ने 2017 में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। कैंपस प्लेसमेंट के जरिए उन्हें एक निजी कंपनी में लगभग डेढ़ करोड़ रुपये के पैकेज पर नौकरी मिली थी। बाद में उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय में भी काम किया। वर्ष 2020 में कोरोना काल के दौरान उन्होंने नौकरी छोड़कर यूपीएससी की तैयारी शुरू की। दो बार इंटरव्यू तक पहुंचने के बावजूद अंतिम चयन नहीं हो सका। इसके बाद उन्होंने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा दी और 2024 में पहले ही प्रयास में सफलता हासिल कर अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी बने।

शिखा ने कहा, हम दोनों ओबीसी समाज से आते हैं। इतिहास में हमारे समाज को कई तरह की सामाजिक बाधाओं का सामना करना पड़ा। सार्वजनिक संसाधनों तक भी समान अधिकार नहीं थे। आज हम जिस पद पर हैं, वह संविधान द्वारा मिले अधिकारों की वजह से संभव हुआ है। इसलिए हमने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को याद करते हुए संविधान की शपथ लेकर विवाह किया। यह अनोखा विवाह इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है।



# न्यूज़ीलैंड सेमीफाइनल में पहुंचा, पाकिस्तान बाहर

## इंग्लैंड ने ग्रुप-2 के टॉप पर फिनिश किया

| टीम | मैच | जीत | हार | पॉइंट्स | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| सा. अफ्रीका (Q) | 2 | 2 | 0 | 4 | 2.89 |
| वेस्टइंडीज | 2 | 1 | 1 | 2 | 1.791 |
| भारत | 2 | 1 | 1 | 2 | -0.1 |
| जिम्बाब्वे (E) | 2 | 0 | 2 | 0 | -4.475 |

कोलंबो (एजेंसी)। टी-20 वर्ल्ड कप में शनिवार रात को पाकिस्तान ने श्रीलंका पर 5 रन की रोमांचक जीत दर्ज की। लेकिन, टीम इस जीत के बावजूद सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सकी। बेहतर नेट रन रेट के आधार पर न्यूजीलैंड ने 3 अंक के साथ टॉप-4 में जगह बनाई। जबकि, पाकिस्तान ने सुपर-8 के ग्रुप-2 की पॉइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर रही। अपने तीनों सुपर-8 मैच जीतने वाला इंग्लैंड इस ग्रुप के टॉप पर रहा है। रविवार को शाम 7 बजे से भारत-वेस्टइंडीज में आखिरी सुपर-8 मैच खेला जाना है। इससे चौथी टीम तय होगी।

### वर्ल्डकप का समीकरण

**ग्रुप-1- एसए टॉप-4 में** - साउथ अफ्रीका ने सुपर-8 चरण में लगातार दो मैच जीतकर 4 अंकों के साथ सेमीफाइनल में जगह बना ली है। दूसरी ओर, जिम्बाब्वे लगातार दो हार के बाद नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो चुका है। साउथ अफ्रीका की वेस्टइंडीज पर जीत के बाद भारत और वेस्टइंडीज दोनों के पास सुपर-8 में एक-एक जीत और एक-एक हार है। ऐसे में दोनों टीमों के बीच 1 मार्च को शाम 7 बजे कोलकाता में होने वाला मुकाबला नॉकआउट की तरह होगा। जीतने वाली टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी, जबकि हारने वाली टीम का सफर यहीं खत्म हो जाएगा।

**ग्रुप-2- इंग्लैंड पहले, न्यूज़ीलैंड दूसरे स्थान पर रहा** - ग्रुप-2 से इंग्लैंड और न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। इंग्लैंड ने सुपर-8 चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार तीन जीत दर्ज की और अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। अब उसका मुकाबला ग्रुप-1 में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगा। न्यूजीलैंड 3 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। टीम ने सुपर-8 में एक मैच जीता, एक मैच बारिश के कारण रद्द हुआ और एक मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। न्यूजीलैंड का नेट रनरेट 1.390 रहा। पाकिस्तान के भी तीन मैचों के बाद 3 अंक थे। टीम ने सुपर-8 के आखिरी मुकाबले में श्रीलंका को 5 रन से हराया, लेकिन उसका नेट रनरेट -0.123 रहा। इसी कारण बेहतर रनरेट के आधार पर न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल में जगह बना ली। अब सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड का सामना ग्रुप-1 की शीर्ष टीम साउथ अफ्रीका से 4 मार्च को कोलकाता में होगा।

# हीली आखिरी वनडे में शतक लगाने वाली दूसरी महिला क्रिकेटर

## भारत के खिलाफ 158 रन बनाए, ऑस्ट्रेलिया ने 410 रन का टारगेट दिया



होबार्ट (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने आज भारत के खिलाफ अपने करियर का आखिरी वनडे खेला। उन्होंने इस मुकाबले में 98 बॉल पर 158 रन बनाए। हीली दूसरी ही महिला क्रिकेटर हैं जिन्होंने आखिरी एक दिवसीय मुकाबले में शतक बनाया है। उनसे पहले ऐसा साउथ अफ्रीका का जोहमारी लॉटेंगबर्ग ने 2007 में किया था। उन्होंने नीदरलैंड्स के सामने शतक लगाया था। होबार्ट में खेले जा रहे तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट पर 409 रन बनाए। ऐसे में भारत के जीत के लिए 410 रन का टारगेट मिला है।

### मूनी ने नाबाद शतक लगाया

ऑस्ट्रेलिया के लिए हीली क अलावा बेथ मूनी ने 84 बॉल पर नाबाद 106 रन बनाए। जॉर्जिया वॉल ने 62, निकोला कैरी ने नाबाद 34 और ऐनाबेल सदरलैंड ने 23 रन बनाए। भारत के लिए श्री चरणी और स्नेह राणा ने 2-2 विकेट लिए। रेणुका सिंह, काशवी गौतम और दीप्ति शर्मा को 1-1 विकेट मिला।

### भारतीय टीम ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया

भारतीय विमेंस क्रिकेट बोर्ड ने सोशल मीडिया पर हीली के गार्ड ऑफ ऑनर की फोटो पोस्ट की है। बीसीसीआई विमेंस ने लिखा, टीम इंडिया ने खेल शुरू होने से पहले ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली को उनके अंतिम वनडे मैच पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

### जनवरी में किया था संन्यास का ऐलान

हीली जनवरी में ही इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर चुकी है। उन्होंने कहा था कि वह भारत के खिलाफ सीरीज के बाद संन्यास ले लेंगी। उन्होंने भारत के खिलाफ तीसरे मुकाबले में ओपनिंग की और वनडे में आठवीं बार शतक लगाया।

### तीसरे विकेट के लिए 146 रन की साझेदारी

हीली ने 98 गेंद में 27 चौके और दो छक्के की मदद से 158 रन बनाए। उन्होंने जॉर्जिया वॉल (62) के साथ दूसरे विकेट के लिए 104 और बेथ मूनी (106) के साथ तीसरे विकेट के लिए 146 रन की साझेदारी की। इससे ऑस्ट्रेलियाई टीम ने सात विकेट पर 409 रन का बड़ा स्कोर बनाया।

# पीवी सिंधु ईरान के हमले के दौरान दुबई में फंसीं

## ऑल इंग्लैंड ओपन खेलने बर्मिंघम जा रही थीं; टूर्नामेंट 3 मार्च से शुरू होगा



**दुबई (एजेंसी)।** भारत की ओलिंपिक मेडलिस्ट बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ईरान के ड्रोन अटैक के बीच दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फंस गईं। वे ऑल इंग्लैंड ओपन खेलने के लिए बर्मिंघम जा रही थीं। दुबई से सिंधु की कनेक्टिंग फ्लाइट थी।

30 साल की सिंधु ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वीडियो पोस्ट कर वहां के हालत बताए। उन्होंने दिखाया कि कैसे बड़ी संख्या में यात्री एयरपोर्ट पर फंसे हुए हैं। उनमें डर का माहौल है। सिंधू ने अपनी पोस्ट में लिखा- 'अगली सूचना तक सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं

**3 मार्च से शुरू होना है ऑल इंग्लैंड ओपन** - ऑल इंग्लैंड ओपन 3 मार्च से शुरू होना है। ऐसे में अगर देरी ज्यादा होती है, तो सिंधु की तैयारी प्रभावित हो सकती है। जिससे उनके प्रदर्शन पर असर पड़ सकता है। यह साफ नहीं है कि सिंधु कब दुबई से रवाना हो पाएंगी। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले बर्मिंघम पहुंच सकेंगी भी या नहीं?

### मिसाइल हमलों के बाद एयरस्पेस बंद

दुबई दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक है। ईरान पर हुए हालिया मिसाइल हमलों के बाद सुरक्षा कारणों से पूरे क्षेत्र का एयरस्पेस प्रभावित हुआ है। इसके चलते दुबई से निकलने वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को या तो रद्द कर दिया गया है या उन्हें डाइवर्ट किया गया है। अभी यह साफ नहीं है कि उड़ानें दोबारा कब शुरू होंगी और सिंधु कब तक बर्मिंघम पहुंच पाएंगी?

# विमेंस हॉकी वर्ल्ड कप क्वालिफायर के लिए टीम इंडिया घोषित

## गोलकीपर सविता पूनिया ने नाम वापस लिया, मिडफील्डर सलीमा टेटे कप्तानी करेंगे



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** हॉकी इंडिया ने रविवार को विमेंस वर्ल्ड कप क्वालिफायर के लिए 20 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। टूर्नामेंट में भारत की कमान मिडफील्डर सलीमा टेटे के हाथों में होगी। क्योंकि स्टार गोलकीपर और पूर्व कप्तान सविता पूनिया निजी कारणों से इस टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं।

**फैमिली के साथ वक्त बिताना चाहती हैं सविता** - मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सविता ने पारिवारिक कारणों से ब्रेक लिया है। वे टूर्नामेंट से पहले लगे नेशनल कैंप का हिस्सा भी नहीं थीं, जिसके चलते उनके नाम पर विचार नहीं किया गया। उनकी गैरमौजूदगी में गोलकीपिंग की जिम्मेदारी बंसारी सोलंकी और बिचू देवी खरीबाम के कंधों पर होगी।सविता पूनिया ने भारत के लिए 300 से ज्यादा इंटरनेशनल हॉकी मैच खेले।

**हैदराबाद में होगा वर्ल्ड कप क्वालिफायर** - एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप 2026 के क्वालिफायर मुकाबले 8 से 14 मार्च के बीच हैदराबाद में खेले जाएंगे। इसमें कुल 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिन्हें दो पूल में बांटा गया है

# सनथ जयसूर्या श्रीलंका का हेड कोच पद छोड़ेंगे

## टी-20 वर्ल्डकप में खराब प्रदर्शन के बाद इस्तीफा; बोले- कोई और आगे आए



**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका क्रिकेट के दिग्गज और हेड कोच सनथ जयसूर्या ने अपने पद से हटने का फैसला कर लिया है। टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में श्रीलंका के खराब प्रदर्शन और सुपर-8 में बगैर जीत से बाहर होने के बाद जयसूर्या ने बड़ा कदम उठाया। पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार को आखिरी वर्ल्ड कप मैच में मिली 5 रन की करीबी हार के बाद जयसूर्या प्रेस कॉन्फ्रेंस करने पहुंचे। जहां उन्होंने साफ कर दिया कि वे अब इस जिम्मेदारी को आगे नहीं बढ़ाना चाहते।

**जून में खत्म होना था कॉन्ट्रैक्ट** - जयसूर्या ने बताया कि इस बारे में श्रीलंका क्रिकेट (एलएससी) को भी जानकारी नहीं दी। वे बोले, मेरा कॉन्ट्रैक्ट जून 2026 तक है, लेकिन मुझे लगता है कि अब यह जिम्मेदारी किसी और को सौंपने का सही समय आ गया है। मैंने दो महीने पहले इंग्लैंड सीरीज के दौरान ही मन बना लिया था कि मैं ज्यादा समय तक इस पद पर नहीं रहूंगा।

**होम वर्ल्ड कप में खराब प्रदर्शन रहा** - टी-20 वर्ल्ड कप में सह-मेजबान श्रीलंका से फैंस को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन टीम का ग्राफ लगातार गिरता गया। सुपर-8 राउंड में श्रीलंका को इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान से लगातार तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा। पल्लेकेले में पाकिस्तान के खिलाफ 213 रनों का पीछा करते हुए टीम जीत के करीब तो पहुंची, लेकिन लाइन क्रॉस नहीं कर सकी।

- **2024 में कमान संभाली थी** - जयसूर्या का बतौर कोच सफर काफी उतार-चढ़ाव वाला रहा। 2024 वर्ल्ड कप के बाद जब उन्होंने कमान संभाली थी, तब टीम ने भारत के खिलाफ 27 साल बाद वनडे सीरीज जीतकर इतिहास रचा था। न्यूजीलैंड को टेस्ट सीरीज में 2-0 से धोया और टीम रैंकिंग में भी सुधार किया। जयसूर्या ने बताया, जब मैं आया था, तब वनडे रैंकिंग में हम 9वें नंबर पर थे, मैंने टीम को नंबर-4 तक पहुंचाया। टेस्ट में भी हम छठे नंबर पर आए, लेकिन इस वर्ल्ड कप की नाकामी ने सब बदल दिया।
- **अब आगे क्या** - श्रीलंका बोर्ड अब किसी विदेशी कोच की तलाश में है। जयसूर्या 13 मार्च से शारजाह में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली लिमिटेड ओवर सीरीज में टीम के साथ बने रह सकते हैं। हालांकि, जयसूर्या ने साफ कर दिया है कि अगर बोर्ड को कोई बेहतर कोच मिलता है, तो उन्हें जरूर मौका देना चाहिए।

### न्यूज़ीलैंड विमेंस का क्लीन स्वीप

## जिम्बाब्वे को 10 विकेट से तीसरा टी-20 हराया; 65 रन का टारगेट छठे ओवर में चेज किया



**हैमिल्टन (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड विमेंस क्रिकेट टीम ने जिम्बाब्वे को 3-0 से टी-20 सीरीज हरा दी। रविवार को हैमिल्टन में पहले बैटिंग करते हुए जिम्बाब्वे विमेंस 64 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड ने महज 5.4 ओवर में बगैर विकेट गंवाए टारगेट हासिल कर लिया।

**जिम्बाब्वे ने पूरे 20 ओवर बैटिंग की** - सेडन पार्क स्टेडियम में जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने 10 रन बनाने में ही 7 विकेट गंवा दिए। 4 प्लेयर्स खाता भी नहीं खोल सकीं, वहीं 2 खिलाड़ी 1-1 रन बनाकर आउट हुईं। आदेल जिमुनु ने फिर औद्रे माज्विशाया के साथ मिलकर टीम को 50 के पार पहुंचाया। जिमुनु 20 रन बनाकर आउट हुईं, उनके बाद कप्तान नोमवेले सिबांदा भी 4 ही रन बना सकीं। माज्विशाया ने 37 गेंद पर 20 रन बनाए और अपनी टीम को ऑलआउट नहीं होने दिया। टीम ने 9 विकेट के नुकसान पर 64 रन बनाए।

# धोनी चेन्नई एयरपोर्ट पर दिखे

## आईपीएल प्रैक्टिस शुरू, वर्ल्ड कप के बाद सैमसन भी जुड़ेंगे, सीएसके की नई जर्सी भी रिवील

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने आईपीएल के 19वें सीजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। टीम का प्री-सीजन ट्रेनिंग कैंप आज से चेन्नई में शुरू हो गया है। सीएसके को अपनी कप्तानी में 5 टाइटल जिताने वाले एमएस



धोनी 28 फरवरी को चेन्नई एयरपोर्ट पर नजर आए। वे पहले दिन से ही टूर्नामेंट की तैयारियां शुरू कर देंगे। सीएसके ने 1 मार्च को सुबह 7 बजे सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी नई जर्सी भी रिवील की। नए सीजन में टीम का हिस्सा बने संजू सैमसन टी-20 वर्ल्ड कप खत्म होने के बाद ट्रेनिंग कैंप जॉइन करेंगे। ऋतुराज गायकवाड ही इस सीजन भी टीम की कप्तानी करेंगे। छ्स्न्य ने 2023 में आखिरी टाइटल जीता था।

**लंबे बालों में दिखे माही** - सोशल मीडिया पर धोनी के चेन्नई पहुंचने का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। वे अपने सिग्नेचर लंबे बालों वाले विंटेज लुक में नजर आए। रांची के देवड़ी माता मंदिर में दर्शन करने के बाद धोनी सीधे चेन्नई पहुंचे। 44 साल की उम्र में भी धोनी अपने फैंस और टीम के लिए आईपीएल खेलने के लिए तैयार हैं।

**15 भारतीय खिलाड़ी भी प्रैक्टिस कैंप में जुड़े** - सीएसके के सीईओ काशी विश्वनाथन के मुताबिक, कैंप के शुरुआती फेज में लगभग 15 भारतीय खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

### सीएसके को छठे टाइटल की तलाश

चेन्नई सुपर किंग्स ने आखिरी बार 2023 में गुजरात टाइटंस को फाइनल हराकर 5वीं आईपीएल ट्रॉफी जीती थी। 2024 और 2025 में टीम प्लेऑफ तक भी नहीं पहुंच सकी। पिछले सीजन तो टीम 10वें नंबर पर रही। चेन्नई ने पिछले सीजन ही प्लेयर रिप्लेसमेंट के जरिए कई युवा प्लेयर्स को जोड़कर टीम को मजबूत बना लिया। ऑक्शन से पहले फिर रवींद्र जडेजा को रिलीज किया और संजू सैमसन को शामिल कर लिया। नीलामी में टीम ने फिर अनकैप्ड युवा प्लेयर्स पर दांव खेला।

### क्या यह धोनी का आखिरी सीजन होगा

हर साल की तरह इस बार भी फैंस के मन में यही सवाल है कि क्या माही का यह आखिरी आईपीएल होगा? हालांकि, धोनी ने अभी तक संन्यास को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। छ्स्न्य ने भी धोनी को नए अनकैप्ड नियम से महज 4 करोड़ रुपए में रिटेन किया है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि धोनी शुरुआती मुकाबले खेलने के बाद संन्यास ले सकते हैं।

# पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान ने कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा

## • सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैटर भी बने; वर्ल्डकप से बाहर होने पर अबरार रोए

**कोलंबो (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने टी-20 वर्ल्ड कप में शनिवार को श्रीलंका को 5 रन से हरा दिया। पल्लेकेले क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तानी टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 212 रन बनाए। जवाब में श्रीलंकाई टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 207 रन ही बना सकी। इस जीत के बाद भी पाकिस्तान की टीम सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सकी। इससे निराश होकर अबरार अहमद मैदान पर ही रोने लगे। कप्तान सलमान अली आगा भी निराश दिखे। वहीं, हार के बाद श्रीलंकाई कप्तान दसुन शनाका भी निराश नजर आए। उन्होंने आखिरी ओवर में 3 छक्के और एक चौके के सहारे 22 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

**शनाका के सिंगल से पाक टूर्नामेंट से बाहर** - दसुन शनाका ने 16वें ओवर में उस्मान तारिक की 5वीं गेंद पर सिंगल लिया। इस एक रन के साथ ही पाकिस्तान का इस टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गया। पाकिस्तान को सेमीफाइनल में पहुचने के लिए 213 रन चेज कर रही श्रीलंका को 147 रन पर रोकना था। शनाका ने तारिक की बॉल को बैकफुट से पुश किया और दौड़कर 1 रन हासिल किया। इसी एक रन से श्रीलंकाई टीम ने 148वां रन बनाया और पाकिस्तान बाहर हो गया।

### हार से निराश दिखे कप्तान शनाका

श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने 31 गेंद पर 76 रनों की पारी की बदौलत एक हारे हुए मैच में श्रीलंका को लगभग जीत दिला दी थी। आखिरी ओवर में टीम को जीत के लिए 28 रन बनाने थे। शनाका ने पहली 4 गेंदों पर 3 छक्कों और 1 चौके की मदद से 22 रन बना लिए थे, लेकिन आखिरी की दो गेंद डॉट कर गए और टीम 5 रन से मैच हार गई। हार के बाद शनाका काफी निराश नजर



### अबरार वर्ल्डकप से बाहर होने पर रोए

पाकिस्तान के वर्ल्ड कप से बाहर होने पर अबरार रोते हुए नजर आए। शनाका ने जैसे ही 16वें ओवर में सिंगल लिया, अबरार रो पड़े। उन्होंने अपनी आखें बंद कर उसे दोनों हाथों से ढंक लिया था।

### फरहान एक टी-20 वर्ल्डकप के टॉप स्कोरर

पाकिस्तान के ओपनिंग बैट्समैन साहिबाजादा फरहान ने श्रीलंका के खिलाफ सेंचुरी लगाते हुए विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ दिया। विराट कोहली के नाम टी20 वर्ल्ड कप के एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड था। विराट ने टी-20 वर्ल्ड कप 2014 में 6 पारियों में 319 रन बनाए थे। फरहान ने 6 पारियों में 383 रन बनाते हुए यह रिकॉर्ड अब अपने नाम कर लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### करण औजला के कॉन्सर्ट का क्रेज पड़ा भारी, ट्रैफिक जाम से घंटों बेहाल रहे लोग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित म्यूजिक कांसर्ट के चलते शनिवार शाम से ही दक्षिणी दिल्ली जाम की चपेट में रही। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम और फरीदाबाद से भी पंजाबी गायक करण औजला को सुनने के लिए लोग पहुंचे। भारी संख्या में वाहन पहुंचने के चलते जेएलएन के आसपास शाम से ही सड़कें जाम होने लगीं। बारापुला फ्लाईओवर के साथ ही लाजपत नगर से लोधी रोड देररात तक जाम की चपेट में रहे। हालांकि ट्रैफिक पुलिस ने कंसर्ट को लेकर एक दिन पहले एडवायजरी जारी की थी। स्टेडियम के आसपास के रास्तों पर डायवर्जन की भी जानकारी दी थी। जानकारी के मुताबिक जेएलएन में करण औजला का पी-पाप कल्चर इंडिया टूर 2026 के आयोजन को लेकर पहले से तैयारी थी। कार्यक्रम में लगभग 50,000 लोगों के आने जानकारी दी गई थी, जिसे लेकर रूट डायवर्जन भी लागू किया गया। पी-पाप कल्चर टूर औजला के वैश्विक दौरे का हिस्सा है, जिसकी शुरुआत 2025 के अंत में अबू धाबी में हुई थी। अमेरिका, यूरोप, कनाडा और यूनाइटेड किंगडम में होने के बाद अब भारत में वापसी हो रही है। फरवरी से अप्रैल तक चलने वाले भारत के दौरे में देशभर के स्टेडियम में आयोजन होंगे।

### कोर्ट से मल्लिकार्जुन खरगे को मिला जवाब दाखिल करने का वक्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राऊज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने भाजपा और आरएसएस पर आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़े मामले में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को जवाब दाखिल करने के लिए समय दे दिया है। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 20 मार्च तय की है। विशेष न्यायाधीश की अदालत में सुनवाई के दौरान यह मामला उस याचिका पर चल रहा था, जिसमें ट्रायल कोर्ट द्वारा एफआईआर दर्ज करने से इनकार किए जाने के फैसले को चुनौती दी गई है। सुनवाई के दौरान खरगे की ओर से वकील उमर होडा ने अदालत को बताया कि उन्हें याचिका की प्रति मिल गई है और जवाब दाखिल करने के लिए समय चाहिए। इसके बाद अदालत ने 20 मार्च तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। अब 20 मार्च की सुनवाई में अदालत आगे की कार्यवाही पर फैसला करेगी। सुनवाई के दौरान तीस हजारी कोर्ट से संबंधित अदालत का रिकॉर्ड भी पेश किया गया। इससे पहले 13 दिसंबर 2024 को मजिस्ट्रेट कोर्ट ने खरगे के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश देने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद याचिकाकर्ता रविंद्र गुप्ता ने सत्र अदालत ने रुख किया। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया है कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान 27 अप्रैल 2023 को खरगे ने भाजपा और आरएसएस के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अदालत ने इससे पहले 29 जनवरी को उन्हें नोटिस जारी किया था।

### सशस्त्र बलों के सेवा मानदंडों पर पुनर्विचार करे केंद्र सरकार, सुप्रीम कोर्ट ने लगाई हाई कोर्ट के आदेश पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से सशस्त्र बलों के जवानों की सेवानिवृत्ति आयु और सेवा शर्तों से जुड़े ब्रिटिश काल के पुराने नियमों से आगे बढ़ने को कहा है। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने तटरक्षक बलों के मानदंडों पर पुनर्विचार करने के लिए विशेषज्ञ समिति गठित करने पर विचार करने को कहा है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की पीठ ने दिल्ली हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें कहा गया था कि तटरक्षक बल में सभी रैंकों के लिए एक समान सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष होनी चाहिए। जस्टिस सूर्यकांत ने अतिरिक्त सालिसिटर जनरल अर्चना पाठक दवे से कहा- सेवा शर्तों और सेवानिवृत्ति आयु से संबंधित इन नियमों की समीक्षा करने का यह सही समय है। सरकार ब्रिटिश काल में तैयार की गई सेवा शर्तों से बंधी नहीं रह सकती। आजकल कोई भी तटरक्षक बलों की भूमिका की कल्पना नहीं कर सकता। वर्तमान सेवानिवृत्ति आयु एक पुराने पैटर्न का अनुसरण करती प्रतीत होती है। पीठ केंद्र सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जो दिल्ली हाई कोर्ट के पिछले साल के उस आदेश के खिलाफ दायर की गई थी।

# ईडी की जल्दबाजी वाली जांच और गिरफ्तारी से प्रभावित हो रहे अधिकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आबकारी घोटाला मामले में राऊज एवेन्यू की विशेष अदालत ने सीबीआई के साथ ही ईडी के तरीके पर चिंता जताते हुए कहा कि जल्दबाजी में की गई ईडी जांच और गिरफ्तारी लोगों के अधिकारों को प्रभावित कर रही है।

राऊज एवेन्यू के विशेष न्यायाधीश (सीबीआई) जितेंद्र सिंह की अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में तथ्यों की न्यायिक जांच किए बिना ही ईडी प्रिवेंशन आफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तारी और लंबी हिरासत के लिए शक्तियों का प्रयोग करती है। इससे ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है, जहां किसी व्यक्ति को एक ऐसे आरोप के आधार पर व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित किया जाता है, जिसकी कानूनी स्थिरता अनिश्चित रहती है और समानांतर जांच भविष्य के परिणाम पर निर्भर करती है।

## प्रथम दृष्टया मामला नहीं बनता

शुक्रवार को अदालत ने आबकारी घोटाले से जुड़े सीबीआइ के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल,



पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, बीआरएस नेता के. कविता सहित 23 को आरोपमुक्त कर दिया था। अदालत ने कहा था कि किसी के खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं है और प्रथम दृष्टया मामला नहीं बनता है।

ऐसी स्थिति में जब पीएमएलए के तहत कार्रवाई शुरू होती है, तो उस अपराध की जांच पूरी नहीं होती और कई मामलों में तो आरोपपत्र भी दाखिल होने का इंतजार होता है। साथ ही अदालत ने आर्थिक अपराधों की असरदार जांच और किसी व्यक्ति की निजी आजादी के अटूट अधिकार के बीच सावधानी से संतुलन बनाने के लिए एक फ्रेमवर्क बनाने की जरूरत पर जोर दिया।

विशेष न्यायाधीश ने कहा कि यह अदालत खुद एक ऐसे मामले की गवाह है, जहां मनी लांड्रिंग से जुड़ी कार्रवाई आरोप पर बहस के आखिरी स्तर पर पहुंच गई है, जबकि उस अपराध में यह पता लगाने के लिए जांच अभी भी चल रही है कि कोई अपराध हुआ भी है या नहीं। इससे गंभीर कानूनी और संवैधानिक चिंता पैदा होती है।

**प्री-ट्रायल में हुए नुकसान की नहीं हो सकती भरपाई-** अदालत ने कहा कि जब किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता पर रोक लगा दी जाती है, तो उसे बाद में आरोपमुक्त करके सही मायने में न्याय नहीं किया जा सकता है, न ही समय बीतने से बिना वजह प्री-ट्रायल हिरासत से हुए नुकसान की भरपाई हो सकती है। इसलिए ऐसी ताकत का इस्तेमाल इस तय सिद्धांत के साथ तालमेल बिठाना होगा कि गिरफ्तारी और लंबे समय तक जेल में रखना अपवाद हैं, नियम नहीं।

# होली से पहले झटका, सिलेंडर के बढ़े दाम, हवाई यात्रा करना महंगा... होंगे और कई बड़े बदलाव?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हर महीने कुछ न कुछ आर्थिक बदलाव होते रहते हैं। जो हमारे मासिक खर्च को प्रभावित करते हैं। हर महीने की तरह मार्च 2026 में कई बड़े बदलाव होने जा रहा है, जिसका सीधा असर हमारी जेब पर देखने को मिलेगा। दरअसल, एलपीजी सिलेंडर और सीएनजी की कीमतों में बदलाव देखने को मिलेगा। इसके साथ ही सिम, यूपीआई के नए सुरक्षा मानक और रेलवे टिकट संबंधी नियम में बदलाव होने जा रहा है। आइए जानते हैं आज मार्च 2026 से कौन-कौन से नियमों में बदलाव होने जा रहा है। हर महीने एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में बदलाव देखने को मिलता है। फिलहाल रसोई गैस की कीमतें स्थिर हैं। लेकिन 19 किलो वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 31 रुपए तक महंगा हो गया है। रेलवे का पुराना अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम यानी एप आज 1 मार्च से बंद हो रहा है। आज से जनरल, प्लेटफॉर्म और लोकल ट्रेनों की टिकट बुक करने के लिए यात्रियों को नए एप का इस्तेमाल किया जाएगा। इस नए एप पर यात्रियों को जनरल टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट और लोकल यात्रा से जुड़ी सभी चीजें आसानी से मिल जाएंगी।

## सिम बाइंडिंग का नियम



डिजिटल फ्रॉड को रोकने के लिए सरकार 1 मार्च से सिम बाइंडिंग का निमय ला रही है। इस नियम तहत एप यूपीआई की तरह की आपके सिम से लिंक रहेंगे। फोन से सिम निकालते ही ये ऐप्स काम करना बंद कर देंगे।

1 मार्च से यूपीआई पेमेंट में भी बदलाव देखने को मिल सकता है। नए नियम के तहत बड़ी राशि ऑनलाइन ट्रांसफर अब सिर्फ से नहीं होगा, बल्कि बैंक हाई-वैल्यू ट्रांजैक्शन के लिए अतिरिक्त बायोमेट्रिक्स या मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन अनिवार्य होने जा रहा है।

## बैंक अकाउंट में मिनिमम बैलेंस का नियम

देश के सरकारी बैंक 1 मार्च 2026 से मिनिमम बैलेंसे के नियमों में बदलाव करने जा रहे हैं। नए नियम के आने से बैंक अकाउंट में बैलेंस कम होने पर एवरेज मंथली बैलेंस के आधार पर पेनल?टी लगाई जाएगी। इससे पहले किसी एक दिन बैंक अकाउंट में बैलेंस कम होने पर पेनल्टी लग जाती है। पेट्रोलियम डिस्ट्रीब्यूटर कंपनियों द्वारा हर महीने टर्बाइन फ्यूल के साथ ष्टहृत्र (सीएनजी) और पीएनजी के दामों में बदलाव किया जाता है। संभावना है कि 1 मार्च 2026 को इनकी कीमतों में बदलाव देखने को मिले। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने हवाई ईंधन की कीमतों 5,500 रुपये का इजाफा किया है। इन कीमतों के बढ़ने से आने वाले दिनों में हवाई सफर महंगा हो सकता है।

### सरकारी स्कूलों में 90 हजार बच्चों को मिलेगा नाश्ता, नर्सरी से 8वीं तक के छात्रों के लिए सीएम रेखा का एलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के सरकारी स्कूलों में बच्चों को स्कूल में अब नाश्ता भी मिलेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस योजना का शाह ऑडिटोरियम में शनिवार को शुभारंभ किया। अभी 200 स्कूलों के नर्सरी से कक्षा आठ तक के 90 हजार बच्चों को इस योजना का लाभ मिलेगा। दिल्ली में पहली बार इस तरह की योजना लागू की जा रही है। नाश्ते में पौष्टिक आहार, फल आदि दिए जाने का प्रस्ताव है। रेखा गुप्ता ने कहा कि इस योजना से बच्चे स्वस्थ रहेंगे। साथ ही उनकी स्कूल पहुंचने की भी इच्छा रहेगी। मुख्यमंत्री ने इस अभियान की सफलता के लिए पूरा सहयोग देने की बात कही है। दिल्ली सरकार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि आने वाले समय में दिल्ली सरकार के सभी स्कूलों में इस योजना को छोटे बच्चों के लिए लागू किया जा सकता है। सीएम ने कहा, देश में मिड-डे मील योजना ने लाखों बच्चों को विद्यालय से जोड़ा और उनके शारीरिक व मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए 'मार्निंग न्यूट्रिशन प्रोग्राम' बच्चों को दिन की शुरुआत से ही ऊर्जा व पोषण उपलब्ध कराएगा, जिससे वे पढ़ाई, खेल और अन्य गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग ले सकेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि अक्षय पात्र फाउंडेशन दिल्ली सरकार के करीब 200 विद्यालयों के साथ मिलकर करीब 90,000 बच्चों को मिड-डे मील (दोपहर का भोषण) उपलब्ध करा रहा है। यही फाउंडेशन सुबह का नाश्ता भी उपलब्ध कराएगा। इन्हीं स्कूलों में यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि पोषण और स्वास्थ्य पर ध्यान देना उपचार से अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि स्वस्थ बचपन ही समृद्ध भारत की पहचान है। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम जाजू, अक्षय पात्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भरतर्षभ दास, उपाध्यक्ष चंचलपति दास, दिल्ली नगर निगम शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा सहित कई गणमान्यजन मौजूद थे।



## इसी महीने दौड़ेगी देश की दूसरी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश की दूसरी वंदे भारत स्लीपर मार्च में पटरियों पर होगी। इसका रूट अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन जानकारों का कहना है कि यह ट्रेन दिल्ली-हावड़ा, दिल्ली-मुंबई, चेन्नई-बेंगलुरु-मुंबई में से किसी एक रूट पर चलाई जा सकती है। रेलवे बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2026 में कुल 12 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों को चलाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रत्येक ट्रेन पहले की ट्रेन से तकनीक व सुविधाओं के मामले में उन्नत होगी। वंदे भारत स्लीपर को भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) ने इस तरह डिजाइन किया है कि रेल यात्रियों को सफर के दौरान विमान-पांच सितारा होटल जैसा अनुभव होगा। ट्रेन के कोच के गलियारों में स्मार्ट सेंसर लाइट्स लगी हैं, जो केवल यात्री के चलने पर जलेंगी। पहली बार ट्रेन में बोल्स्टरलेस बोगियों (कोच) का इस्तेमाल हुआ है, जो 160 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार पर भी चाय का कप टेबल से नहीं गिरने देंगी। हवाई जहाज की तर्ज पर इसमें बायो-वैक्यूम टॉयलेट्स और टच-फ्री नल दिए गए हैं। नई डिजाइन की उन्नत वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में स्मार्ट सेंसर लाइट्स, वैक्यूम टॉयलेट्स, बोल्स्टरलेस कोच और ब्रांडेड कैटरिंग की खूबियां होंगी।

# मौत के समय क्या कर रहे थे खामेनेई, मोसाद ने ईरान में कैसे लगाई सेंध?

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल ने एक आधिकारिक बयान जारी कर पुष्टि की है कि देश के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई शनिवार सुबह तेहरान स्थित अपने कार्यालय में मारे गए। इस हमले में आईआरजीसी चीफ मेजर जनरल मोहम्मद पाकपुर और अयातुल्ला खामेनेई के सीनियर सलाहकार अली शमखानी मारे गए हैं। इजरायल के पूर्व प्रेसिडेंट अहमदीनेजाद के मुताबिक, ईरान की सीक्रेट सर्विस ने ईरान के अंदर मोसाद एजेंट्स को टारगेट करने के लिए एक यूनिट बनाई थी। लेकिन इस यूनिट का हेड खुद मोसाद का एक ऑपरेटिव निकला, साथ में 20 और एजेंट्स भी थे। सरकारी टेलीविजन पर एक न्यूज एंकर ने रुंधे हुए गले और आंखों में आंसू लिए देश को सूचित किया कि ईरान अब 40 दिनों के राष्ट्रीय शोक में प्रवेश करेगा। इस हमले ने न केवल ईरान की सत्ता को हिला दिया है, बल्कि पूरे क्षेत्र को एक भीषण युद्ध की आग में झोंक दिया है। जिस समय इजरायल ने उन्हें मार गिराया, उस समय वह अपने दफ्तर में दैनिक काम कर रहे थे। इजरायल के चैनल 12 के मुताबिक, खामेनेई की बॉडी की एक फ़ोटो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को दिखाई गई। रिपोर्ट में बिना नाम वाले इजरायली अधिकारियों का जिक्र किया गया। पब्लिक ब्रॉडकास्टर कान ने यह भी बताया कि सीनियर इजरायली अधिकारियों को खामेनेई के खत्म होने की जानकारी दे दी गई थी और उनकी बॉडी तेहरान में उनके कंपाउंड के मलबे से मिली थी। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि शनिवार सुबह शुरू हुए स्-इजरायली हमलों में खमेनेई के साथ उनकी बेटी, पोता, बहू और दामाद भी मारे गए। ईरान के डिफेंस मिनिस्टर अजीज नसीरजादेह और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के कमांडर मोहम्मद पाकपुर भी हमलों में मारे गए हैं। रेड क्रिसेंट के अनुसार, इजरायल और अमेरिका द्वारा किए गए इन हवाई हमलों में अब तक 200 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। बीबीसी और सीबीएस न्यूज की रिपोर्टों के मुताबिक, मरने वालों में कम से कम 40 वरिष्ठ ईरानी अधिकारी शामिल हैं। [illegible] ने सैटेलाइट तस्वीरों के जरिए खामेनेई के कार्यालय लीडरशिप हाउस को हुए भारी नुकसान की पुष्टि की है। आईआरजीसी से जुड़ी तस्नीम न्यूज एजेंसी ने कहा कि खामेनेई की अपने कार्यालय में मौजूदगी यह साबित करती है कि उनके छिपने की खबरें महज दुश्मन का मनोवैज्ञानिक युद्ध थीं। खामेनेई की मौत के जवाब में ईरान ने पूरे मध्य पूर्व में फैले अमेरिकी ठिकानों और उनके सहयोगियों पर चौतरफा हमले शुरू कर दिए हैं। दुबई, दोहा (कतर), बहरीन और कुवैत में स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डों और रणनीतिक ठिकानों पर ईरान ने मिसाइलें दागी हैं। इन हमलों ने खाड़ी देशों में भारी दहशत पैदा कर दी है और वैश्विक तेल आपूर्ति पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस ऑपरेशन को सही ठहराते हुए कहा कि खामेनेई इतिहास के सबसे दुष्ट व्यक्तियों में से एक थे और उनकी मौत ईरानी जनता के लिए अपना देश वापस लेने का सबसे बड़ा अवसर है। ट्रंप ने चेतावनी दी है कि तेहरान पर अमेरिका की बमबारी अनवरत जारी रहेगी। दूसरी ओर, ब्रिटिश प्रधानमंत्री सर कीर स्टार्मर ने घोषणा की है कि ब्रिटेन अपने नागरिकों और क्षेत्रीय भागीदारों की सुरक्षा के लिए समन्वित क्षेत्रीय रक्षा अभियानों में हिस्सा ले रहा है। अमेरिका के भीतर भी दरार पैदा कर दी है।

● सलाहकारों को एक साथ निशाना बनाने के लिए एक दुर्लभ अवसर का इंतजार किया था

# 30 बमों से हमला, मिट्टी में मिल गया लीडरशिप हाउस; रूह कंपा देगी खामेनेई की मौत की कहानी

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई की मौत को लेकर चलाए गए ऑपरेशन को लेकर नए खुलासे हो रहे हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने एक सनसनीखेज रिपोर्ट में दावा किया है कि इजरायल और अमेरिका ने खामेनेई और उनके शीर्ष सलाहकारों को एक साथ निशाना बनाने के लिए एक दुर्लभ अवसर का इंतजार किया था। खुफिया सूचनाओं के आधार पर ऐसे तीन संभावित मौकों की पहचान की गई थी, जिसके बाद शनिवार को दिनदहाड़े इस भीषण हवाई हमले को अंजाम दिया गया। खुफिया अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि तेहरान स्थित खामेनेई के परिसर पर 30 उच्च क्षमता वाले बम गिराए गए। यह हमला इतना सटीक और विनाशकारी था कि इसने पूरे परिसर को खंडहर में बदल दिया। दिन के उजाले में किए गए इस हमले का उद्देश्य न केवल खामेनेई को खत्म करना था, बल्कि ईरान की शीर्ष सैन्य और राजनीतिक लीडरशिप को एक साथ नेस्तनाबूद करना था। खामेनेई की



मौत के साथ ही ईरान के संविधान के अनुसार देश के संचालन के लिए एक अस्थायी शासी परिषद का गठन कर दिया गया है। इस्लामिक गणराज्य के कानून के तहत, यह परिषद तब तक देश का कार्यभार संभालेगी जब तक कि नए सर्वोच्च नेता का चयन नहीं हो जाता। इस परिषद में ईरान के वर्तमान सुधारवादी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन, ईरान के कट्टरपंथी न्यायपालिका प्रमुख गुलाम हुसैन मोहसेनी एजेई के अलावा तीसरा सदस्य गार्जियन काउंसिल का एक सदस्य होगा, जिसे एक्सपीडिएंसी काउंसिल द्वारा चुना जाएगा। यह परिषद वर्तमान में देश की सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था की निगरानी कर रही है, विशेष रूप से ऐसे समय में जब ईरान के कई शहरों में तनाव व्याप्त है और सीमा पर युद्ध जैसे हालात हैं।

**अगला सुप्रीम लीडर कौन?:** ईरानी कानून के मुताबिक असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स को जितनी जल्दी हो सके नए सर्वोच्च नेता का चुनाव करना होगा। जो ईरान के सबसे शक्तिशाली पद के लिए उम्मीदवार तय करती है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस संक्रमण काल में ईरान के भीतर सुधारवादियों और कट्टरपंथियों के बीच सत्ता संघर्ष तेज हो सकता है।

# बेंजामिन नेतन्याहू के इशारे पर अमेरिका ने किया ईरान पर हमला?

**वाशिंगटन, एजेंसी।** जानकारों का कहना है कि अमेरिका ने ईरान पर इजरायल के कहने पर ही हमला किया है और इससे ज्यादा फायदा इजरायल को ही होने वाला है। वहीं ईरान ने अपने नए सुप्रीम लीडर का ऐलान कर दिया है। ईरान ने कहा है कि अली खामेनेई के बेटे मोजतबा अब कमान संभालेंगे। ईरान में इजरायल और अमेरिका ने अचानक हमला करके पूरी दुनिया को हिला दिया है। इन हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की भी मौत हो गई है। ईरान ने भी कई खाड़ी देशों में अमेरिकी बेसों पर हमला किया है। दुबई में जोरदार धमाके हुए हैं। अमेरिका का कहना है कि वह ईरान में कट्टरपंथी सरकार बदलना चाहता है। अमेरिका ईरान के साथ परमाणु वार्ता भी कर रहा था। हालांकि इसका कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकला। जानकारों का कहना है कि ईरान अमेरिकी की नीतियों में फिट ही नहीं हो पा रहा था। खामेनेई का कहना था कि वह परमाणु शक्ति का इस्तेमाल नागिरक प्रोग्राम के लिए करना चाहता है। अल जजीरा की रिपोर्ट की मानें तो ईरान में हमले से सबसे ज्यादा फायदा इजरायल को होना वाला है। इजरयाल अकसर अमेरिका पर दबाव डालता है और फिर अमेरिका को हमला करना पड़ता है। जून में भी पहले इजरायल ने ईरान पर हमला किया था। इसके बाद अमेरिका ने भी लड़ाकू विमानों से ईरान पर अटैक कर दिया। एक जानकार ने कहा कि ईरान में होने वाली यह लड़ाई पूरी तरह से इजरायल के फायदे की लड़ाई है। इसमें अमेरिका को कुछ नहीं मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि अमेरिका एक तरफ अपनी छवि शांति करवाने वाले देशों के रूप में बनाना चाहता है और दूसरी ओर इजरायल के कहने पर हमले को तैयार हो जाता है। दरअसल ईरान के दुश्मनों का समर्थन ईरान हमेशा ही करता रहा है। चाहे हमास हो या हूती और हिजबुल्लाह, ईरान की इस्लामिक सरकार का हाथ उसपर रहा है।

# मौत के बाद खामनेई के अकाउंट से शेयर की गई कुरान की कौन सी आयत

**तेहरान, एजेंसी।** खामेनेई के एक्स अकाउंट से लिखा गया है, 'मोमिनों में कुछ ऐसे लोग हैं, जिन्होंने अल्लाह से जो वादा किया था उसे सच्चाई के साथ पूरा कर दिखाया। उनमें से कुछ ने अपना वादा निभाकर (शहादत पाकर) अपना समय पूरा कर लिया और कुछ अब भी प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने अपने संकल्प में कोई बदलाव नहीं किया।' ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई मारे गए हैं। अमेरिका और इजरायल के हमले में उनकी मौत हुई है और अब उनके उत्तराधिकारी को लेकर चर्चाएं तेज हैं। खामेनेई के मारे जाने की पुष्टि ईरान की मीडिया ने भी कर दी है। इस बीच उनके मारे जाने की जानकारी संकेतों में ही अयातुल्लाह अली खामेनेई के ही सोशल मीडिया अकाउंट से दी गई है। खामनेई के एक्स अकाउंट से कुरान की एक आयत शेयर की गई है और उन्हें शहीद करार दिया गया है। कुरान की आयत शेयर करते हुए लिखा गया है, मोमिनों में कुछ ऐसे लोग हैं, जिन्होंने अल्लाह से जो वादा किया था उसे सच्चाई के साथ पूरा कर दिखाया। उनमें से कुछ ने अपना वादा निभाकर (शहादत पाकर) अपना समय पूरा कर लिया और कुछ अब भी प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने अपने संकल्प में कोई बदलाव नहीं किया। यह आयत कुरान के (सूरह अल-अहज़ाब 33:23) की है। इस तरह खामेनेई के अकाउंट से ही उनकी मौत की पुष्टि कर दी गई है। इसके साथ ही उन्हें अल्लाह की राह में शहीद बताया गया है। अमेरिका और इजरायल को भी इसी आयत के बहाने चुनौती दी गई है।

## अमेरिका-इजरायल को चैलेंज



इसमें कहा कहा है कि अब भी कुछ लोग प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने अपने संकल्प में बदलाव नहीं किया है। इस तरह अमेरिका और इजरायल को यह संदेश देने की कोशिश की गई है कि अब भी ईरान पहले की तरह अड़ा और डटा है। उसके रवैये में कोई बदलाव नहीं आएगा। इस तरह ईरान में सत्ता परिवर्तन की चाह रखने वाले अमेरिका को आने वाले समय में चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। उसके लिए यह अभियान आसान नहीं रहेगा। इस बीच खबरें यह भी हैं कि अयातुल्लाह खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई को ईरान की कमान सौंपी जा सकती है।

# गांधी शिल्प बाजार का उपायुक्त अजय नाथ झा ने किया निरीक्षण

## कारीगरों से किया संवाद, लोगों से अधिक से अधिक स्थानीय उत्पादों को अपनाने की अपील




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी के मजदूर मैदान, सेक्टर-4 में आयोजित गांधी शिल्प बाजार का निरीक्षण उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने किया। इस अवसर पर मेले का वातावरण उत्साह, आत्मनिर्भरता और स्वदेशी भावना से ओत-प्रोत दिखाई दिया। उपायुक्त ने संचालित बाजार के विभिन्न हैंडक्राफ्ट, हस्तकरघा एवं स्थानीय उत्पादों के स्टालों का निरीक्षण करते हुए कारीगरों से संवाद किया। उन्होंने स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित सामग्रियों का अवलोकन किया और उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि लोकल फॉर वोकल केवल एक अभियान नहीं, बल्कि स्थानीय प्रतिभाओं को पहचान और सम्मान देने का सशक्त माध्यम है। अपने संबोधन में उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक स्वदेशी एवं स्थानीय उत्पादों को अपनाएं, जिससे क्षेत्र के कारीगरों को प्रोत्साहन मिले और आत्मनिर्भर भारत की भावना को बल मिले। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ हमारी सांस्कृतिक विरासत को भी संजोने का कार्य करते हैं। गांधी शिल्प बाजार न केवल खरीदारी का केंद्र है, बल्कि यह स्थानीय कला, संस्कृति और उद्यमशीलता का उत्सव भी है। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि वे परिवार सहित बाजार में आकर स्थानीय उत्पादों का समर्थन करें और स्वदेशी को मजबूत बनाएं।

# संजीव सिंह बने धनबाद के मेयर, चंद्रशेखर अग्रवाल को 31902 मतों से हराया



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद नगर निकाय चुनाव में बीजेपी को बड़ा नुकसान हुआ है। लंबे समय से बीजेपी का गढ़ रहे धनबाद नगर निगम और चिरकुंडा नगर पंचायत की सीट पर बीजेपी समर्थित उम्मीदवार की हार हुई है। धनबाद में मेयर पद का चुनाव बीजेपी के बागी उम्मीदवार और पूर्व विधायक संजीव सिंह जीत चुके है, बीजेपी के उम्मीदवार संजीव कुमार यहां चौथे नंबर पर रहे। नगर निगम चुनाव के लिए मतगणना का सिलसिला दूसरे दिन रात 12 बजे तक जारी रहा। मेयर प्रत्याशी संजीव सिंह ने जीत हासिल की। मतगणना के नौवें और अंतिम राउंड में अपने निकटतम प्रत्याशी चंद्रशेखर अग्रवाल को 31902 वोट से पराजित किया। संजीव सिंह को कुल 104731 मिले, जबकि जेएमएम समर्थित चंद्रशेखर अग्रवाल को 76207, कांग्रेस समर्थित शमशेर आलम अंसारी को 55272 और भाजपा समर्थित संजीव कुमार को 54827 वोट मिले । मेयर पद के भाजपा समर्थित उम्मीदवार संजीव कुमार की हार और बागी संजीव सिंह की जीत ने संगठन की रणनीति और जमीनी पकड़ पर सवाल खड़े कर दिये हैं। चुनाव परिणाम सामने आते ही यह साफ हो गया कि राष्ट्रीय से लेकर स्थानीय स्तर तक किए गए तमाम प्रयास मतदाताओं को साधने में नाकाम रहे। भाजपा समर्थित प्रत्याशी संजीव कुमार के पक्ष में प्रचार के लिए पार्टी की ओर से राष्ट्रीय स्तर के दिग्गज नेताओं को मैदान में उतारा था। पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह, राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा और बिहार के प्रदेश मंत्री संतोष रंजन ने धनबाद में ताबड़तोड़ कई सभाएं और बैठकें की। इस दौरान भाजपा की ओर से अलग-अलग वार्डों में कार्यकताओं को एकजुट करने की कोशिश हुई और मतदाताओं को साधने के लिए मुद्दों को धार देने का प्रयास किया गया ।

# धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन ने धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन द्वारा रविवार को होटल हाईवे इन, गोविंदपुर रोड में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले भर से आए फोटोग्राफरों और वीडियोग्राफरों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया।कार्यक्रम की शुरूआत संगठन के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह के द्वारा सदस्यों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष महोदय ने कहा कि साल भर शादियों और आयोजनों की आपाधापी में व्यस्त रहने वाले फोटोग्राफर साथियों के लिए यह दिन मानसिक सुकून और एकजुटता का प्रतीक है। एसोसिएशन का लक्ष्य केवल व्यावसायिक हित ही नहीं, बल्कि एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़ा होना भी है। इस दौरान पारंपरिक फगुआ गीतों और स्वादिष्ट व्यंजनों का सभी सदस्यों ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में आगामी सत्र के लिए संगठन की मजबूती पर भी चर्चा की गई।

# होली मिलन समारोह बड़े ही उत्साह के साथ संपन्न



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गंगा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, सिटी सेंटर, बोकारो इस्पात नगर द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह बड़े ही उत्साह, भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सोसाइटी के सदस्यों, पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों की सक्रिय उपस्थिति रही। समारोह का शुभारंभ रंगझगुलाल एवं पुष्प वर्षा के साथ किया गया। उपस्थित सदस्यों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तथा आपसी प्रेम, एकता और सद्भाव को और मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, गीत-संगीत एवं हास्य-व्यंग्य कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों एवं महिलाओं की विशेष सहभागिता से आयोजन और भी आकर्षक बना। सोसाइटी के मुख्य कार्य पालक डॉ परमेश्वर लाल बरनवाल ने अपने संबोधन में कहा कि होली का पर्व सामाजिक समरसता और आपसी सौहार्द का प्रतीक है। इस प्रकार के आयोजनों से सदस्यों के बीच आत्मीयता और सहयोग की भावना प्रगाढ़ होती है। समाज सेवी कमलेश राय ने इस अवसर पर सभी को होली की शुभ कामना दी, तथा इस प्रकार के आयोजन के लिए समिति के सदस्यों की प्रशंसा की। समारोह के अंत में सभी के लिए पारंपरिक व्यंजन जैसे गुजिया, नमकीन एवं ठंडाई की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य रूप से अधिवक्ता राकेश कुमार राय, विमल शर्मा, जवाहर प्रसाद, नग नारायण प्रसाद शाही, सुधीर कुमार, नरेंद्र कुमार, नीरज कुमार,उषा श्रीवास्तव, शर्वेश चौधरी, संतोष कुमार,अनुरंजन शर्मा, दीपक पाठक, अघनु गोराइ, मंतोष कुमार, शशि कांत सिंह, हरिश्चंद्र प्रसाद बरणवाल, सरोज पांडेय आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# चंदनकियारी थाना में शांति समिति की बैठक: होली और रमजान को लेकर प्रशासन अलर्ट, भाईचारे की अपील



**चंदनकियारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चंदनकियारी थाना परिसर में आज अंचलाधिकारी रवि कुमार आनंद की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी होली और रमजान माह को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना रहा। बैठक में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों और विभिन्न समुदायों के लोगों को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी रवि कुमार आनंद ने कहा कि चंदनकियारी हमेशा से अपनी गंगा-जमुनी तहजीब के लिए जाना जाता रहा है। उन्होंने अपील की कि सभी नागरिक एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए त्योहारों को हर्षोल्लास के साथ मनाएं। पुलिस और प्रशासन ने स्पष्ट किया कि हुड़दंगियों और सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने वालों पर पैनी नजर रखी जाएगी। बैठक के अंत में प्रशासन और समिति के सदस्यों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर और गले मिलकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। वोही थाना प्रभारी अमित कुमार राय ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम करने का आश्वासन दिया ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। इस मौके पर अंचलाधिकारी रवि कुमार आनंद ने बताया कि होली रंगों का त्योहार है और रमजान इबादत का। हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम भाईचारे की मिसाल पेश करें। किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और पुलिस को तुरंत सूचना दें। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और प्रबुद्ध नागरिक मौजूद रहे, जिन्होंने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया। चंदनकियारी पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि शांति भंग करने की कोशिश करने वालों से कड़ाई से निपटा जाएगा।

## सिटी थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** होली और रमजान पर्व को लेकर बोकारो इस्पात नगर के सिटी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सिटी थाना प्रभारी सुदामा दास ने की। थाना प्रभारी सुदामा दास ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग शांति, भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में अपने-अपने पर्व मनाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह, हुड़दंग या असामाजिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खुराफात करने वालों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। बैठक के दौरान थाना क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## त्यौहारों में अफवाहों पर ना दें ध्यान : एसडीपीओ

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** होली और रमजान को लेकर चास थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ चास प्रवीण कुमार सिंह ने की, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि दोनों पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्द के प्रतीक हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और प्रशासन का सहयोग करें।

# बसंत मेला में मिथिला महिला समिति का स्टॉल भी रहा आकर्षण का केंद्र



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल द्वारा सेक्टर 5 पुस्तकालय मैदान में शनिवार व रविवार को आयोजित दो दिवसीय बसंत मेला में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मैथिलों की सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद बोकारो की इकाई मिथिला महिला समिति का स्टॉल भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। यहां विभिन्न तरह के स्वादिष्ट व्यंजन व पकवान लोगों को पसंद आ रहे थे वहीं मिथिला पेंटिंग का एक अलग ही आकर्षण रहा। मिथिला पेंटिंग आर्टिस्ट रुचि प्रेरणा द्वारा निर्मित मिथिला पेंटिंग की कलाकृतियां, साड़ी, दुपट्टा, बैग आदि लोगों को आकर्षित कर रहे थे। बीएसएल के निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन व बोकारो महिला समिति की अध्यक्ष शुभम रंजन सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने भी मिथिला महिला समिति के स्टॉल का अवलोकन किया। इस अवसर पर मिथिला महिला समिति की अध्यक्ष पूनम मिश्रा, सचिव आभा झा ने बीएसएल के डीआई प्रिय रंजन को मिथिला पेंटिंग से सुसज्जित पाग व महिला समिति की अध्यक्ष शुभम रंजन को मिथिला पेंटिंग युक्त दुपट्टा भेंट कर सम्मानित किया। आयोजन में मिथिला महिला समिति की अध्यक्ष पूनम मिश्रा, सचिव आभा झा सहित किरण मिश्रा, अमिता झा, आशा झा, शीला मिश्रा, इंदिरा झा, सीमा झा, बीणा झा, जयंती पाठक, बीनू चौधरी, पूनम झा, प्रीति प्रिया, बबिता झा, प्रेरणा ओझा, बिनीता राय, पद्मा चौधरी आदि की सक्रिय सहभागिता रही।

# थाना में शांति समिति की बैठक, होली और रमजान पर सौहार्द बनाए रखने की अपील




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** होली और रमजान को लेकर सेक्टर 4 थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी संजय सिंह ने की। थाना प्रभारी ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग शांति, भाईचारे और सौहार्द के माहौल में अपने-अपने पर्व मनाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह, हुड़दंग या असामाजिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खुराफात करने वालों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी और उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। बैठक के दौरान थाना परिसर स्थित बगीचे में फलदार वृक्षों के पौधे भी लगाए गए, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर शांति समिति के सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं और आपसी एकता का संदेश दिया। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**कार की टक्कर से युवती की मौत : बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के चास थाना क्षेत्र में 28 फरवरी की रात हुए हादसे में एक युवती की मौत हो गई। चास थाना क्षेत्र के महावीर चौक के समीप सड़क के किनारे एक फूल की दुकान के पास बैठी एक युवती को एक कार ने टक्कर मार दी। मिली जानकारी के अनुसार लड़की की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। उसे तत्काल सदर अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार मृतक चास निगम कार्यालय में कार्य करने वाली लक्ष्मी देवी की पुत्री थी।

# दो दिवसीय बिस्को क्रिकेट टूर्नामेंट सम्पन्न

## बैंक ऑफ इंडिया बना चैंपियन भारतीय जीवन बीमा निगम उपविजेता



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बैंक इंश्योरेंस स्पोर्ट्स एंड कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन (बिस्को) द्वारा सामाजिक सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संबंधी आयोजनों की कड़ी में स्थानीय ट्रेनीज हॉस्टल मैदान में दो दिवसीय बिस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में कुल 8 टीमों ने भाग लिया। चार-चार टीमों का दो ग्रुप बनाया गया एवं दोनों ग्रुप में राउंड रोबिन पद्धति से कुल 12 मैच खेले गए। तदोपरांत दोनों ग्रुप से सर्वोत्तम एक-एक टीम फाइनल में पहुंची। जिसका फाइनल मैच आज खेला गया। इस तरह अंत में फाइनल मुकाबला बैंक आफ इंडिया बनाम भारतीय जीवन बीमा निगम के बीच हुआ। जिसमें बैंक ऑफ इंडिया 59 रन से जीत हासिल कर इस बार के बिस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का चैंपियन बना। भारतीय जीवन बीमा निगम उपविजेता के रूप में खिताब हासिल किया। टूर्नामेंट में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब प्रवीण सिंह बैंक ऑफ इंडिया को मिला, बेस्ट बैटर अभिषेक-पंजब नैशनलबैंक, बेस्ट बॉलर मनीष चंचल-बैंक आफ इंडिया रहे, क्षेत्र आरक्षण में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए इंडियन बैंक के अजित सोनी को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक चुना गया। सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम के राकेश कुमार को चुना गया। बेस्ट मैच कमेंट्री के लिए सुबोध रजक एवं मनोज कुमार को भी पुरस्कृत किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन दिनांक 28.02.2026 को पंजाब नैशनल बैंक के मंडल प्रमुख राजेश श्रीवास्तव एवं बिस्को महासचिव राघव कुमार सिंह ने किया। कुल 8 टीमों में बैंक ऑफ इंडिया, भारतीय जीवन बीमा निगम के अतिरिक्त भारतीय स्टेट बैंक, केनारा बैंक, पंजाब नैशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडियन बैंक एवं बिस्को फ्रेटेर्निटी की टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच के अवसर पर भारतीय जीवन बीमा निगम के शाखा प्रबंधक अजीत शंकर पाण्डेय, चन्दन भारती, कार्यकारी अध्यक्ष सिद्धेश नारायण दास उपस्थित थे। इस अवसर पर अजीत शंकर पाण्डेय एवं चन्दन भारती ने कहा कि अच्छी टीम की जीत सुनिश्चित है एवं खेलों के द्वारा अच्छी सद्भावना का निर्माण होगा तथा कुछ अच्छा करने का जज्बा उत्पन्न होता है। इस अवसर पर राजेश श्रीवास्तव ने कहा क्रिकेट टूर्नामेंट का यह आयोजन आपसी समरसता को बढ़ाने एवं उत्तम स्वास्थ्य के प्रति व्यक्ति को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाती है। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष नारायण दास ने कहा बिस्को निरंतर ही खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर अपने सभी सदस्यों के बीच एक दूसरे को जोड़ने का काम करती रहती है, साथ ही समाज में भी इस प्रकार के आयोजन के लिए प्रेरणा का काम करती है। बिस्को जहां क्रीड़ा और सांस्कृतिक आयोजनों को करती है वहीं सामाजिक कार्यों में भी सदैव अग्रणी रहती है। फाइनल मैच के उपरांत खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए बिस्को महासचिव राघव कुमार सिंह ने सभी टीमों की खेल भावना की सराहना करते हुए कहा कि बिस्को इस खेल के माध्यम से बिस्को के घोष वाक्य 'चिरायुर्वे सख्यम' को बैंक और बीमा कर्मियों के बीच चरितार्थ करते हुए जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करती है। टूर्नामेंट सफल करने में मुख्य रूप से महासचिव राघव कुमार सिंह के साथ उप महासचिव रामाशीष सिंह, विभास कुमार झा, राजेश श्रीवास्तव, क्रिड़ा सचिव अवधेश कुमार, सहायक महासचिव अवधेश प्रसाद, राजेश कुमार ओझा, विनोद कुमार सिन्हा, सुबोध कुमार रजक, सितारे अहमद, रवि रंजन, अरुण कुमार, कृष्ण कांत कुमार, प्रशांत कुमार, प्रदीप झा के साथ अनेकों सदस्य एवं प्रतिभागियों के साथ महिला सदस्य और दर्शक भी भारी संख्या में उपस्थित थे। टूर्नामेंट के सभी मैचों में अम्पायरिंग एवं ऑफिशल की भूमिका एवं उनके सहयोगी का अहम योगदान मिला।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK